आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

नं.1 क्षेत्रीय अख़बार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 34 | उज्जैन, बुधवार 18 फरवरी, 2026 | फाल्गुन शुक्ल 1 संवत् 2082 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

### मध्यप्रदेश अनुपूरक बजट : कांग्रेस बोली- मोदियाबिंद की कोई दवा नहीं, बीजेपी बोली-समय पर दवा ली होती तो वे भाजपा में होते

# दूषित पानी, कफ-सिरप, डॉग बाइट पर कांग्रेस का हंगामा

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल**

मध्य प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे दिन वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने चालू वित्तीय वर्ष का तीसरा अनुपूरक बजट पेश किया। यह बजट 19 हजार 287 करोड़ 32 लाख रुपए का है, जिस पर 23 फरवरी को चर्चा होगी। इसके साथ ही सदन में आर्थिक सर्वेक्षण भी पेश किया गया।

वहीं कांग्रेस विधायक अतिक अकील ने गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने का संकल्प पेश किया। उन्होंने कहा कि हर धर्म का सम्मान होना चाहिए। गाय के अवशेषों के व्यापार पर रोक लगनी चाहिए। इस पर भाजपा विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि मस्जिदों में मुल्ला-मौलवियों से कसम करवा दी जाए तो गाय कटनी बंद हो जाएगी।





### इंदौर में दूषित पानी से मौतों पर कांग्रेस का प्रदर्शन

सत्र से पहले कांग्रेस विधायकों ने इंदौर के भागीरथपुरा इलाके में दूषित पानी से हुई मौतों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार गंदे पानी की बोतल लेकर विधानसभा पहुंचे। उज्जैन के तराना से विधायक महेश परमार ने सरकार और प्रशासन को जिम्मेदार ठहराया।

### मोदियाबिंद बनाम मोतियाबिंद पर मजाकिया बहस

कांग्रेस विधायक भंवर सिंह शेखावत ने कहा कि मोदियाबिंद की कोई दवा नहीं है। इस पर रामेश्वर शर्मा ने चुटकी ली। उन्होंने कहा कि समय पर दवा ली होती तो वे बीजेपी में होते। बाद में स्पष्ट हुआ कि बात 'मोदियाबिंद' की थी, जिस पर सभापति ने टिप्पणी विलोपित करने के निर्देश दिए। भाजपा विधायक सीता शरण शर्मा ने कहा कि बीजेपी सरकार की योजनाओं के कारण 140 करोड़ जनता को मोदियाबिंद होना स्वाभाविक है।

- **छिंदवाड़ा कफ सिरप मामला सदन में उठा-** कांग्रेस विधायक सोहनलाल वाल्मीकि ने छिंदवाड़ा में कफ सिरप से बच्चों की मौत का मामला उठाया। उन्होंने आरोप लगाया कि अब तक किसी जिम्मेदार पर कार्रवाई नहीं हुई। साथ ही स्वास्थ्य, शिक्षा और सरकारी योजनाओं की स्थिति पर भी सवाल खड़े किए।
- **कांग्रेस विधायक सोहन बोले- राज्यपाल का अभिभाषण पूरा पढ़ा जाना चाहिए था-** कांग्रेस विधायक सोहनलाल वाल्मीकि ने कहा कि राज्यपाल का अभिभाषण पूरा पढ़ा जाना चाहिए था। उन्होंने यह भी कहा कि 2047 तक की कार्ययोजना स्पष्ट नहीं है और केवल उपलब्धियों का बखान किया जा रहा है। इसके साथ ही सत्र के दौरान भारतीय जनता पार्टी और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के विधायकों के बीच कई मुद्दों पर तीखी बहस देखने को मिली। गाय, दूषित पानी, आवारा कुत्ते, स्वास्थ्य सेवाएं और राजनीतिक बयानबाजी सत्र के मुख्य केंद्र बने रहे।

### आवारा कुत्तों का मुद्दा उठा सरकार ने कहा- हालात काबू में

ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान कांग्रेस विधायक अतिक अकील ने भोपाल में आवारा कुत्तों का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा- कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। हालात ये हैं कि प्रशासन और नगर निगम द्वारा नसबंदी-वैक्सीनेशन के नाम पर करीब 2 करोड़ रुपए खर्च किए जाने के बावजूद न तो आवारा कुत्तों की संख्या पर नियंत्रण हो पा रहा है और न ही काटने की घटनाओं में कमी आ रही है। इस पर मंत्री विजयवर्गीय ने कहा- नगर निगम भोपाल द्वारा डॉग बाइट की हर घटना को संज्ञान में लेकर त्वरित कार्रवाई की जाती है। बदलते मौसम, भोजन की उपलब्धता, ब्रीडिंग सीजन, बीमारियां और बच्चों की सुरक्षा जैसे कारणों से आवारा कुत्तों में आक्रामकता बढ़ जाती है, जिससे डॉग बाइट की घटनाएं होती हैं।

### सिलेंडर-चूल्हा लेकर पहुंचीं महिलाएं, थाली बजाकर सरकार के खिलाफ की नारेबाजी

# महंगाई के खिलाफ महिला कांग्रेस का भोपाल में प्रदर्शन

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल**

विधानसभा सत्र के दौरान महिला कांग्रेस ने मंगलवार को भोपाल में महंगाई के खिलाफ प्रदर्शन किया। महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष रीना बोरासी सेठिया के नेतृत्व में महिला कार्यकर्ताओं ने प्रदेश कांग्रेस कार्यालय के बाहर बैठकर थाली बजाई और रोटियां बेलीं।

कार्यकर्ताओं ने खाली कड़ाही, चकला, बेलन और गैस सिलेंडर लेकर यह संदेश दिया कि महंगाई के कारण महिलाएं परेशान हैं। हालत यह है कि रसोई का बजट गड़बड़ा गया है। दालें, अनाज, तेल सहित अन्य खाद्य सामग्री महंगी हो गई है। गरीब लोग गैस सिलेंडर नहीं भरवा पा रहे हैं।




### 400 रुपए में दें गैस सिलेंडर

महिला कांग्रेस की कार्यकर्ता रूपाली शर्मा ने कहा हम महिलाएं महंगाई के कारण इतने परेशान हैं कि घर का चूल्हा नहीं जला पा रहे। हमारी सरकार से एक ही मांग है कि आप गैस का सिलेंडर 400 का कर दो। पहले यही बीजेपी वाले कांग्रेस को खूब कोसते थे, लेकिन कांग्रेस के जमाने में 400 में सिलेंडर मिलता था। आप तो वही 400 का सिलेंडर कर दो। यदि ऐसा नहीं करते हैं, तो हम वित्त मंत्री के बंगले का घेराव करेंगे।

### प्रदर्शन को नाम दिया रसोई संसद

महिला कांग्रेस ने अपने प्रदर्शन को रसोई संसद नाम दिया। महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष रीना बोरासी ने कहा 18 फरवरी को आने वाले बजट में यदि महंगाई से राहत नहीं मिली, तो हम 19 फरवरी को वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा के बंगले का घेराव करेंगे।

### जंगल से लाना पड़ रहीं लकड़ियां

रीना बोरासी ने कहा कि मध्य प्रदेश में मंत्रालय के सामने उज्वला योजना की ऐसी स्थिति है कि आदिवासियों के छोटे-छोटे बच्चों को खाना पकाने के लिए जंगल से लड़कियां सिर पर ढोकर लानी पड़ रही हैं, तब उनके घर का चूल्हा जलता है। मध्य प्रदेश में 16 लाख हितग्राही ऐसे हैं, जो योजना में अपना एक सिलेंडर भी नहीं भरवा पाए।

# ऑस्ट्रेलिया टी-20 वर्ल्डकप से बाहर, जिम्बाब्वे सुपर-8 में

**एजेंसी ▸▸ कैंडी**




2021 की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के लीग राउंड से ही बाहर हो गई। मंगलवार को जिम्बाब्वे और आयरलैंड के बीच मैच बारिश के कारण रद्द हो गया। कैंडी के पल्लेकेले स्टेडियम में मैच का टॉस भी नहीं हो सका। इसी के साथ जिम्बाब्वे सुपर-8 में पहुंच गई है।

एक दिन पहले कंगारू श्रीलंका के खिलाफ 8 विकेट से हार गए थे। उन्हें 13 फरवरी को जिम्बाब्वे ने 23 रन से हराया था। अब ऑस्ट्रेलिया को 20 फरवरी को ओमान से खेलना है। इसे जीतकर भी मिचेल मार्श की टीम अगले दौर में नहीं पहुंच सकेगी। ऑस्ट्रेलियन टीम इस टूर्नामेंट के इतिहास में दूसरी बार ग्रुप स्टेज से बाहर हुई है। इससे पहले 2009 में टीम रिकी पोंटिंग की कप्तानी में लीग राउंड से बाहर हो गई थी।

## देश विदेश

### कर्नाटक हाईकोर्ट से राहुल गांधी को मिली बड़ी राहत

**बेंगलुरु/नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को मंगलवार को एक बड़े कानूनी मामले में बड़ी राहत मिली है। कर्नाटक हाई कोर्ट ने साल 2023 के विधानसभा चुनावों के दौरान भारतीय जनता पार्टी द्वारा उनके खिलाफ दायर मानहानि के मामले को रद्द कर दिया है। यह मामला करप्शन रेट कार्ड नामक विवादास्पद विज्ञापन से जुड़ा था, जिसमें तत्कालीन भाजपा सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए गए थे। केस रद्द होने के बाद राहुल गांधी की यह बड़ी कानूनी जीत मानी जा रही हैं। जस्टिस सुनील दत्त यादव की एकल पीठ ने राहुल गांधी की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह फैसला सुनाया। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि राहुल गांधी के खिलाफ इस मामले में कार्यवाही जारी रखना कानूनी प्रक्रिया का दुरुपयोग होगा।

### तारिक रहमान ने ली पीएम पद की शपथ कैबिनेट में शामिल किए 2 हिंदू चेहरे

**ढाका।** बांग्लादेश के 13वें संसदीय चुनाव में जबरदस्त जीत हासिल करने वाले तारिक रहमान ने प्रधानमंत्री पद की शपथ ले ली। उन्होंने कैबिनेट में दो अल्पसंख्यक समुदाय के नेताओं को जगह दी है। 25 सांसदों ने मंत्री पद की शपथ ली। इनमें निताई रॉय चौधरी का नाम भी शामिल है। हालांकि पहले चर्चा थी कि चौधरी के समधी और अहम महकमों के मंत्री रह चुके गोयेश्वर चंद्र रॉय को जगह मिलेगी। वहीं दूसरे अल्पसंख्यक नेता का नाम दीपेन दीवान है। तृतीयोमात्रा डॉट कॉम के मुताबिक, 1949 में पैदा हुए निताई रॉय चौधरी एक बांग्लादेशी वकील और राजनीतिज्ञ हैं। निताई रॉय चौधरी, जो मगुरा निर्वाचन क्षेत्र से सांसद चुने गए हैं, पार्टी के शीर्ष रणनीतिकारों में से एक हैं और शीर्ष नेतृत्व के वरिष्ठ रणनीतिक सलाहकार माने जाते हैं।

### सलमान खान के पिता राइटर सलीम खान की तबीयत बिगड़ी



**आईसीयू में भर्ती, बेटी अलवीरा भागती हुई लीलावती हॉस्पिटल जाती दिखीं**

**मुंबई।** सलमान खान के पिता और दिग्गज स्क्रिप्ट राइटर सलीम खान को मंगलवार को मुंबई के लीलावती अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया है। यह जानकारी न्यूज एजेंसी ने सोर्स के हवाले से दी है। हालांकि, अभी तक उनके अस्पताल में भर्ती होने की वजह सामने नहीं आई है। सलीम खान की तबीयत बिगड़ने के बाद बेटे सलमान खान समेत परिवार के कई सदस्य हॉस्पिटल पहुंचें। बेटी अलवीरा भागते हुई लीलावती हॉस्पिटल जाती दिखीं। बता दें कि सलीम खान का जन्म 24 नवंबर 1935 को हुआ था और वह हाल ही में 90 साल के हुए हैं। वह हिंदी सिनेमा के दिग्गज स्क्रिप्ट राइटर में गिने जाते हैं। सलीम खान ने अपने करियर की शुरूआत एक्टिंग से की थी। 1960 के दशक में फिल्म बारात से करियर शुरू हुआ, लेकिन फिल्मों में उन्हें सीमित और छोटे किरदार ही मिले। लगभग दो दर्जन फिल्मों में काम करने के बाद उन्होंने महसूस किया कि एक्टिंग उनकी वास्तविक ताकत नहीं है। इसके बाद उन्होंने लेखन की ओर रुख किया और पटकथा लेखन में कदम रखा। सलीम खान और जावेद अख्तर की जोड़ी सलीम-जावेद के नाम से मशहूर रही है। दोनों ने मिलकर हिंदी सिनेमा को कई सुपरहिट और यादगार फिल्में दीं, जैसे जंजीर, दीवार, शोले, डॉन और सीता और गीता। इन फिल्मों की दमदार कहानियां और संवाद लोगों के दिलों में बस गए। उनकी लिखी स्क्रिप्ट ने फिल्मों का अंदाज बदल दिया। उन्होंने मजबूत किरदार, संवाद और सामाजिक मुद्दों को कहानी का हिस्सा बनाया। सलीम-जावेद की सफलता से फिल्म इंडस्ट्री में लेखकों को नई पहचान और सम्मान मिला, और उन्हें भी स्टार्स की तरह महत्व मिलने लगा।

### परिवहन मंत्री अनिल विज के घर में गिरने के बाद दोनों पैरों में फ्रैक्चर

**अंबाला।** हरियाणा के परिवहन मंत्री अनिल विज सोमवार को आपने आवास पर गिर गए, जिससे उनके दोनों पैरों में फ्रैक्चर हो गया। डॉक्टरों ने उन्हें आराम करने की सलाह दी है। 20 फरवरी से हरियाणा विधानसभा का सत्र शुरू होना है। हर बार सदन में अपने तेवरों और बेबाक बयानों से सुर्खियों में रहने वाले विज इस बार शायद सदन में नजर न आएं। डॉक्टरों की सलाह को देखते हुए माना जा रहा है कि वे सत्र में शामिल नहीं हो पाएंगे। फिलहाल समर्थक उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना कर रहे हैं, जबकि खुद विज ने अपने अंदाज से साफ कर दिया है कि हौसला अब भी बुलंद है। विज विधानसभा सत्रों में कभी भी अनुपस्थित नहीं रहे।

### जीटी एक्सप्रेस में नागपुर के पास लगी भीषण आग

**वर्धा।** महाराष्ट्र के वर्धा जिले में मंगलवार को एक बड़ा रेल हादसा टल गया। नई दिल्ली-चेन्नई जीटी एक्सप्रेस के एक कोच में अचानक आग लग गई। राहत की बात यह रही कि इस घटना में किसी भी यात्री के हताहत होने की सूचना नहीं है। आग लगने के सटीक कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है, लेकिन शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है। रेलवे ने इस मामले की जांच के आदेश दिए हैं। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, ट्रेन संख्या 12616 नई दिल्ली से चेन्नई (तांबरम) जा रही थी और सुबह नागपुर से रवाना हुई थी। जब ट्रेन वर्धा जिले में सिंदी रेलवे स्टेशन की ओर बढ़ रही थी, तभी सुबह 11 बजकर 9 मिनट पर ट्रेन के आखिरी कोच से धुआं उठता दिखाई दिया।

### रायसेन में पूर्व कर्मचारी ने

# डिप्टी रेंजर सहित 3 को मारी गोली

### फिर फांसी लगाकर आरोपी ने दे दी जान

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ रायसेन**

मध्य प्रदेश के रायसेन जिले में बड़ी वारदात सामने आ रही है। जहां आरोपी ने डिप्टी रेंजर राकेश शर्मा समेत तीन लोगों को गोली मार दी। डिप्टी रेंजर की पीठ में गोली लगी है। महिला कर्मचारी सुमन बाई को भी पीठ में गोली लगी है, जो कि आर-पार हो गई। वहीं, एक अन्य कर्मचारी पर भी फायर किया गया। मगर वह लेट गया, गोली उसके ऊपर से निकल गई। फायरिंग करने के बाद आरोपी पूर्व कर्मचारी पूरन उर्फ गुड्डा लोधी मौके से भाग निकला। कुछ देर बाद उसका शव एक पेड़ से लटका मिला। पुलिस ने मौका मुआयना करने के बाद पूरन के आत्महत्या करने की आशंका जताई है। पूरन करीब 5 साल पहले नर्सरी में मजदूरी करता था। ड्यूटी में लापरवाही बरतने पर उसे हटा दिया गया था।

**पहले पैर छुए, फिर की फायरिंग-** एडिशनल एसपी कमलेश कुमार खरपुसे ने बताया कि आरोपी ने गोली मारने से पहले डिप्टी रेंजर के पैर छुए, फिर नाराजगी जताते हुए कुछ बातचीत की। इसके बाद फायरिंग कर दी। घटना की जांच की जा रही है।

# भारत एवरेस्ट तक उड़ने वाला हेलिकॉप्टर बनाएगा: मोदी

### फ्रांस को स्पेशल पार्टनर बताया, मैक्रों बोले- भारत पर भरोसा इसलिए टेक्नोलॉजी शेयर करते हैं

**एजेंसी ▸▸ मुंबई**

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों मंगलवार को भारत पहुंचे हैं। इस दौरान मुंबई में उन्होंने पीएम मोदी से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने मिलकर टाटा-एयरबस की एच-125 हेलिकॉप्टरों असेंबली लाइन का ऑनलाइन उद्घाटन किया।

मुंबई में जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान मोदी ने कहा कि भारत और फ्रांस मिलकर भारत में ऐसे हेलिकॉप्टर का निर्माण करेंगे, जो माउंट एवरेस्ट जैसी ऊंचाइयों तक उड़ान भरेगा।

मोदी ने फ्रांस को भारत का स्पेशल पार्टनर बताया और कहा कि दोनों देशों ने अपने रिश्तों को स्पेशल ग्लोबल स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप लेवल तक अपग्रेड करने का फैसला किया है। स्पेशल ग्लोबल स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप का मतलब है कि दोनों देश सिर्फ व्यापार या हथियारों की खरीद-फरोख्त तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि सुरक्षा, तकनीक, अंतरिक्ष, समुद्री इलाकों की सुरक्षा और बड़े वैश्विक मुद्दों पर साथ मिलकर काम करेंगे। मैक्रों ने कहा कि भारत एक भरोसेमंद साझेदार है और फ्रांस भारत के साथ तकनीक साझा करने में भरोसा रखता है।



### राष्ट्रपति बनने के बाद चौथी बार भारत पहुंचे मैक्रों

- राष्ट्रपति बनने के बाद मैक्रों का यह चौथा भारत दौरा है। इससे पहले वे मार्च 2018 में पहली बार भारत आए थे। इसके बाद वे सितंबर 2023 में जी20 समिट के लिए और जनवरी 2024 में गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि बनकर आए थे।
- भारत और फ्रांस के बीच 1998 से रणनीतिक साझेदारी है और दोनों देश रक्षा, तकनीक, अंतरिक्ष और ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में साथ काम करते हैं। यह दौरा भी इसी सहयोग को आगे बढ़ाने के लिहाज से अहम माना जा रहा है।
- बॉलीवुड एक्टर मनोज बाजपेयी ने मैक्रों के साथ तस्वीर शेयर की। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि आज के लंच में फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों से मिलना गर्व की बात थी। वहां और भी कई खास मेहमान मौजूद थे। उनसे बातचीत सिर्फ औपचारिक नहीं थी, बल्कि बहुत खुलकर और दिलचस्प रही। खास तौर पर सिनेमा, संस्कृति और कहानियों के जरिए दोनों देशों को करीब लाने की बात पर अच्छी चर्चा हुई।

# इंदौर में बीजेपी नेता के बेटे ने की मारपीट



**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

तेजाजी नगर इलाके में 14 फरवरी को सिगरेट का धुआं उड़ाने को लेकर सिख समाज के दो नाबालिगों की बीजेपी नेता के नाबालिग बेटे से कहासुनी हो गई थी। मामले में उसी दिन समझौता हो गया था, लेकिन सोमवार रात बीजेपी नेता के बेटे ने फिर से दोनों सिख युवकों और उनके परिचितों को धमकी दी। इसके बाद सिख समाज से जुड़े लोग थाने पहुंचे और बीजेपी नेता व उसके बेटे के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। मामला न्यू रानी बाग क्षेत्र का है। यहां दो सिख लड़कों के साथ बीजेपी नेता के बेटे और उसके दोस्तों ने मारपीट की थी। घटना के बाद रात में गुरुद्वारे में दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया था। इसके बावजूद मंगलवार को फिर से बीजेपी नेता के बेटे ने सिख समाज से जुड़े पपल भाटिया और अन्य लोगों को मोबाइल फोन पर धमकियां दीं।

### पाकिस्तान में बड़ा आतंकी हमला, धमाके के बाद चेकपोस्ट से टकाराया वाहन

# 11 पुलिसकर्मियों की मौत, कई घायल

**एजेंसी ▸▸ रावलपिंडी**

पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र में मंगलवार को हुए एक भीषण आतंकी हमले ने एक बार फिर सुरक्षा हालातों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। सेना के मुताबिक, बाजौर जिले में आतंकवादियों ने एक संयुक्त सुरक्षा चौकी को निशाना बनाया, जिसमें 11 सुरक्षाकर्मियों की मौत हो गई। इस हमले में कई नागरिक भी घायल हुए हैं।

घटना खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के बजौर इलाके में हुई, जहां हमलावरों ने विस्फोटकों से लदे एक वाहन को सुरक्षा चौकी की दीवार से टकरा दिया। धमाका इतना जबरदस्त था कि चौकी की इमारत का बड़ा हिस्सा ढह गया। मलबे में दबकर 11 जवानों की जान चली गई। सुरक्षा एजेंसियों के अनुसार, यह हमला सुनियोजित था और इसका उद्देश्य क्षेत्र में तैनात सुरक्षा बलों को भारी नुकसान पहुंचाना था। घटना के बाद इलाके को घेरकर तलाशी अभियान शुरू कर दिया गया है।



### नागरिकों को भी भारी नुकसान

विस्फोट की तीव्रता इतनी अधिक थी कि आसपास के रिहायशी घर भी उसकी चपेट में आ गए। कई मकानों की दीवारें दरक गईं और खिड़कियां टूट गईं। इस हादसे में एक मासूम बच्ची की मौत हो गई, जबकि महिलाओं और बच्चों समेत सात अन्य लोग घायल हो गए। घायलों को नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। स्थानीय प्रशासन ने प्रभावित परिवारों को हर संभव सहायता देने का आश्वासन दिया है।

### बढ़ती सुरक्षा चुनौतियां

खैबर पख्तूनख्वा का सीमावर्ती इलाका लंबे समय से उग्रवादी गतिविधियों का केंद्र रहा है। हाल के महीनों में यहां सुरक्षा बलों और आतंकवादी संगठनों के बीच मुठभेड़ों की घटनाएं बढ़ी हैं। इस ताजा हमले ने क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर नई चिंताएं पैदा कर दी हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि सीमा पार से सक्रिय आतंकी नेटवर्क और स्थानीय सहयोगियों के कारण ऐसे हमलों की आशंका बनी रहती है। सेना ने कहा है कि दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा और उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



दैनिक अवन्तिका

www.awantika.com
METROPOLITAN



## महाकाल श्रृंगार



ज्योर्तिलिंग महाकालेश्वर का मंगलवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## वन मेला... ए-वन मेला...




बाबा की नगरी में पहली बार उनके नाम से आयोजित वन मेला ङ्क ए-वन मेला साबित हुआ है। 6 दिनों के लिए ही सही शहर के लोगों ने इस आयोजन से एक बार फिर वनों से हमें मिलने वाले अपनत्व एवं सभी प्रकार के एहसास को जाना है। वन औषधि से लेकर उपचार एवं वन्य जीवन को भी शहर के लोगों ने नजदीक से देखा और जानने की जिज्ञासाओं को शांत किया है। बेहतर एवं व्यवस्थित इस आयोजन को जो लोग देखने पहुंचे वे इसकी चर्चा किए बगैर नहीं रह पा रहे हैं। इस आयोजन से शहर का एक बडा निम्न मध्यम वर्ग दूर ही रहा है। इसे प्रचार झ्रप्रसार का अभाव कहें या फिर एक साथ आयोजनों के दौर में इसका आयोजन होना कहें,लेकिन मेला पहली बार में ही अपने मूल को शहर में स्थापित करने में सफल रहा है। मेले में प्रदेश के विभिन्न अंचलों से आए वन्य उत्पाद आकर्षण का केंद्र रहे।निःशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर के माध्यम से 5हजार से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य लाभ लिया।मेले की थीम समृद्ध वन खुशहाल जन रखी गई थी। जो कि अपनी थीम को सार्थक कर गई है।मेले में कुल 240 स्टॉल लगाए गए। जिनमें से 70 शासकीय स्टॉल, 36 जिला वनोपज सहकारी यूनियन एवं 15 वन धन केंद्र थे। इसमें एक समृद्ध सोच के साथ उज्जैन आने वाले श्रद्धालुओं को भी जोडा गया और मंदिर परिसर से मेला स्थल तक निःशुल्क बस सेवा संचालित की गई। जिससे दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं ने भगवान श्री महाकालेश्वर के दर्शन के साथ-साथ सहज रूप से मेले का अवलोकन और भ्रमण भी किया। खुसूर-फुसूर है कि बेहतर योजना के साथ व्यवस्थित इंतजामों को अंजाम देने से ही यह सफलता मिल सकी है। यही कारण रहा कि वन औषधियों से जुडकर आमजन ने अपना उपचार करवाया है। इसे विश्वास ही कहा जाएगा कि पहली बार आयोजित वन मेले में बडी संख्या में लोग अपना निःशुल्क उपचार करवाने पहुंचे और 50 स्टॉल लगाए गए। जिनमें आयुष विभाग के चिकित्सकों और 100 से अधिक परंपरागत वैद्यों के द्वारा उनका उपचार किया गया।

## ट्रैंडिंग




## डॉ परिवार ने लिया देह दान का संकल्प

**उज्जैन।** प्रसिद्ध डॉ दंपति डॉ सुनील राठी व डॉ मंजू राठी ने, प्रो डॉ सुनील राठी बच्चों के विशेषज्ञ एवं डॉ मंजू राठी स्त्री रोग विशेषज्ञ ने 31/01/2026 को देह दान का फॉर्म आर डी गार्डी मेडिकल कॉलेज, उज्जैन को सौपा। साथ ही 85 वर्षीय गोपी किशन राठी जो की डॉ सुनील राठी के पिताश्री है उन्होंने भी देह दान का संकल्प लिया। इस अवसर पर डॉ राठी दंपति ने उज्जैन से बाहर रहे रहे दोस्तों एवं रिश्तेदारों से निवेदन किया कि हमारी मृत्यु के पश्चात सांत्वना देने उज्जैन ना आए। इस हेतु जीवित अवस्था मैं 10/03/2026 को एक भजन संध्या का आयोजन राठी दंपत्ति ने किया है।

### देवास रोड पर सीबीएसई परीक्षा केंद्र के बाहर लगा लंबा जाम, परीक्षार्थी सड़क से निकलने वाले भारी वाहनों के प्रेशर हार्न बजने से पूरे समय परेशान रहे, दैनिक अवंतिका ने चेताया था, लेकिन नहीं जागे

# भागते-दौड़ते, बदहवास बच्चे पहुंचे परीक्षा केंद्र, तनाव में दिया पर्चा



### सडक निर्माण से जाम

देवास रोड को उज्जैन शहरी क्षेत्र तक फोरलेन किया जा रहा है। इसके चलते यहां सडक के एक और निर्माण कार्य धीमी गति से जारी है। सडक का एक हिस्सा ही आवागमन में उपयोग हो रहा है। एक और के हिस्से पर निर्माण प्रक्रियाधीन है।सडक के जिस हिस्से में आवागमन जारी है उसी से लगा हुआ यह परीक्षा केंद्र है। ऐसे में सुबह के समय संकुचित मार्ग पर दोनों और से भारी आवागमन उपर से केंद्र पर बच्चों को छोडने वाले पालकों के वाहनों के कारण मार्ग पर जाम की स्थिति निर्मित हो गई।



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मंगलवार से शुरू हुई सीबीएसई 10 वीं बोर्ड की परीक्षा उज्जैन में देवास रोड आक्सफोर्ड जुनियर कालेज केंद्र के परीक्षार्थियों के लिए तनाव भरी रही है। सुबह परीक्षा केंद्र पर आने के समय में देवास रोड पर लंबा जाम लगने से केंद्र पर परीक्षार्थी बच्चे भागते-दौडते,बदहवास,रोते बिलखते, तनाव में पहुंचे थे। इसी स्थिति में बच्चों ने परीक्षा केंद्र की फार्मेलिटी पूर्ण की। परीक्षा केंद्र में भी पूरे समय परीक्षार्थी सडक से गुजरने वाले भारी वाहनों के प्रेशर हार्न के शोर से प्रभावित रहे हैं।

सीबीएसई बोर्ड ने शहर में करीब एक दर्जन केंद्र बनाए हैं। इन्ही में आक्सफोर्ड जुनियर कालेज शामिल है। यह परंपरागत केंद्र है। केंद्र पर करीब 250 से अधिक विभिन्न स्कूलों के कक्षा 10 वीं के बच्चे परीक्षा देने पहुंचे थे। उज्जैन शहर से देवास रोड पर करीब 3 किलोमीटर दूर स्थित इस केंद्र पर परीक्षा देने के लिए बच्चे जल्द ही घरों से निकल गए थे लेकिन जैसे ही बच्चे नागझिरी के नजदीक पहुंचे तो सडक पर वाहनों की लंबी कतार लगी हुई थी। ऐसे में पालकों के वाहनों पर सवार बच्चे चिंतित हो उठे। यहां मार्ग पर कछुआ गति से आगे बढ रहे वाहनों की स्थिति बन गई थी। देरी होने की आशंका में बच्चों ने पालकों के वाहनों को छोडा और पास की निमार्णाधीन सडक का रूख किया। आशंका में कुछ बच्चों ने निमार्णाधीन टूटी-फूटी गड्डे वाली सडक पर तो कुछ ने जाम में आगे बढ रहे वाहनों के बीच से पैदल ही केंद्र की और दौड लगाना शुरू किया। भागते-दौडते,बदहवास बच्चे जैसे तैसे केंद्र पर पहुंचे। इनमें शामिल कुछ लडकियां तो इस स्थिति के चलते रोने लगी थी। परेशान पालक भी काफी दूर अपने वाहन खडे कर बच्चों के पीछे झ्रपीछे भागते हुए केंद्र तक आए। परीक्षा केंद्र पहुंचे पालकों का कहना था कि मार्ग पर भारी वाहनों का रूट डायवर्ट कर परीक्षा के समय में बच्चों को राहत दी जाना चाहिए। बच्चे तनाव में परीक्षा देंगे तो तय है उनका भविष्य प्रभावित होगा। इसके लिए पुलिस एवं प्रशासन को पहल करना चाहिए।

### करीब एक घंटे जाम,कलेक्टर ने लिया संज्ञान

सुबह करीब पौने 9 बजे से मार्ग पर जाम के हालात निर्मित हो गए थे। निरंतर रूप से जाम बढता जा रहा था। जैसे-तैसे परीक्षा केंद्र पर परीक्षार्थी पहुंच रहे थे। पालकों ने इस बीच केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य मुकेश मीणा से संपर्क किया तो उनका कहना था कि सीबीएसई एवं केंद्रों की और से संबंधित थाना को इसके लिए पूर्व से ही सूचना दी जाती है । हमारी जानकारी में आने पर हमने हमारे यहां से कुछ शिक्षकों को वहां भेजा है स्थिति को नियंत्रित करने। अगर कोई बच्चा कुछ देर से भी आता है तो उसे केंद्र में लिए जाने के लिए कहा है। मार्ग से गुजरने वाले भारी वाहनों के प्रेशर हार्न उपयोग होने को लेकर उनका कहना था कि मार्ग संकेतकों का वाहन चालकों को पालन करना चाहिए। सीबीएसई बोर्ड की शहर समन्वयक गीता गर्ग का कहना था कि सभी केंद्रों को संबंधित थाना एवं पुलिस को इसकी सूचना देना था। पुलिस ने मार्ग पर पहुंचकर आवागमन सूचारू किया है। मामला सुबह ही कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के संज्ञान में लाए जाने पर उन्होंने कहा कि निर्देश दे दिए गए हैं कुछ ही देर में मार्ग पर सामान्य स्थिति बन जाएगी। बच्चों को कोई परेशानी नहीं होने दी जाएगी।



परीक्षा केंद्र तक पहुंचना समस्याओं से दो-चार होने जैसा

**आज से सीबीएसई 10 वीं की परीक्षा का दौर शुरू होगा**

**उज्जैन।** वर्तमान में मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं की परीक्षा का दौर जारी है। इसके साथ ही मंगलवार से सीबीएसई की 10 वीं की परीक्षा का श्री गणेश भी होने वाला है। परीक्षाओं के लिए रखे गए केंद्रों में से कई ऐसे स्थानों पर चयनित किए गए हैं जिन क्षेत्रों में निर्माण की समस्याओं से दो-चार होकर पहुंचने जैसी स्थिति है। ऐसे में परीक्षा के दौर में इन केंद्रों के आसपास विशेष ध्यान दिया जाना जरूरी बन पडा है।

मंगलवार को माध्यमिक शिक्षा मंडल प्रदेश की 10 वीं बोर्ड का अंग्रेजी का पेपर रहेगा। जिले में हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी परीक्षा के लिए कुल 77 केंद्र बनाए गए हैं। इनमें से उज्जैन शहरी क्षेत्र में कई केंद्रों को जाने वाले मार्ग निर्माण कार्यों के चलते बाधित हैं। इसके चलते परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र पहुंचने के लिए मशक्कत करना पड रही है। इसके अलावा सीबीएसई के कुछ केंद्र भी ऐसे ही स्थलों पर दे दिए गए हैं। **निर्माणाधीन देवासरोड पर केंद्र-** सीबीएसई की मंगलवार से 10वीं की परीक्षा की शुरूआत हो रही है। प्री बोर्ड की 9 वीं एवं 11 वीं की परीक्षा जारी है। सीबीएसई ने निर्माणाधीन देवास रोड पर भी बच्चों को केंद्र दिए हैं। इसी प्रकार केंद्रीय विधालय भी केंद्र है। देवास रोड पर निर्माण के कारण से निजी स्कूल तक पहुंचना मशक्कत भरा हो रहा है। यहां सुबह से लेकर शाम तक जाम जैसे हाल होते हैं। सडक निर्माण के कारण धूल से पूरा मार्ग सराबोर रहता है।

### दैनिक अवंतिका ने चेताया था, नहीं जागे

देवास रोड पर जाम की स्थिति एवं सीबीएसई परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों के पहुंचने में अवरोध को लेकर अवंतिका ने पहले ही चेताया था लेकिन इस पर ध्यान नहीं दिया गया और किसी प्रकार की व्यवस्था को लेकर जागरूकता नहीं दिखाई गई। अवंतिका ने मंगलवार 17 फरवरी के अंक में सुबह ही जाम जैसे हालातों को पूर्व घोषित कर दिया था।

### शहर में भी ऐसे ही हाल

सीबीएसई परीक्षा के प्रारंभिक स्थिति में ही परीक्षा केंद्रों के हाल उजागर हुए हैं। मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल की परीक्षा के शहरी केंद्रों के हाल भी इससे परे नहीं हैं। शहरी क्षेत्र में ही हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी परीक्षा के तीन केंद्र इन्ही हालातों के हैं। शासकीय उमावि माधवगंज,महाराजवाडा सहित एक अन्य केंद्र निमार्णों एवं जाम के हालातों वाला ही है। जिला शिक्षा अधिकारी महेन्द्र खत्री के अनुसार हमने पूर्व से ही परीक्षार्थियों के लिए पुलिस एवं प्रशासन को सूचित किया था। इसके चलते महाशिवरात्रि के आयोजन के दौरान भी हमारे परीक्षार्थियों को कोई परेशानी नहीं हुई। ये बात सही है कि शहर के ये तीन केंद्र निर्माणकार्य एवं जाम से प्रभावित वाले है। सीबीएसई केंद्र पर बच्चों को जाम में हुई परेशानी को लेकर केंद्रीय विद्यालय एवं जिम्मेदारों से चर्चा करेंगे।

### पहला पर्चा गणित का

सीबीएसई की मंगलवार से शुरू हुई कक्षा 10 वीं का पहला पर्चा गणित विषय का था। आक्सफोर्ड जुनियर कालेज केंद्र से परीक्षा देकर लौट रहे परीक्षार्थी दिव्यांशु, अवनीश,अद्वेत, अक्षया ने बताया कि गणित का पर्चा अच्छा रहा है,लेकिन सुबह की परिस्थिति के कारण 3-8 नंबर का पेपर छूट गया। परीक्षा के दौरान भी बाहर सडक पर निकल रहे भारी वाहनों के प्रेशर हार्न इतनी जोर से बजाए जा रहे थे कि ऐसा लग रहा था अंदर परीक्षा कक्ष में ही बज रहे हों। कुल 80 अंकों का पेपर था। इसमें 38 प्रशन किए गए थे।

### प्रेशर हार्न निषिद्ध के संकेतक तक नहीं

राष्ट्रीय मार्ग एवं प्रांतीय मार्गों से लगे परीक्षा केंद्रों के हालात शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में भी यह हैं कि यहां मार्ग पर संकेतकों का ही अभाव है। मार्ग पर बच्चों के निकलने के लिए लगाए जाने वाले संकेतक भी गायब हैं और स्कूल होने की स्थिति में प्रेशर हार्न निषिद्ध किए जाने के संकेतक भी मार्गों पर नहीं लगाए गए हैं। एक नहीं अनेक परीक्षा केंद्रों पर एक से हाल हैं। देवास रोड पर ही नरवर उमावि जो कि मार्ग से कुछ ही दूरी पर है वहां भी यही हाल है। वैसे अब यह केंद्र कुछ अंदर की और हो गया है।

## महाशिवरात्रि पर, महाकालेश्वर एवेन्यू में भजन, महाप्रसादी




दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर धर्मनगरी उज्जैन ने एक बार फिर सिद्ध कर दिया कि यहां उत्सव केवल परंपरा नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना का उत्सव होते हैं। वरिष्ठ समाजसेवी एवं जनप्रिय मार्गदर्शक दादा दयालु श्री नारायण यादव के स्नेहपूर्ण मार्गदर्शन में आयोजित भजन एवं महाप्रसादी कार्यक्रम श्रद्धा, सेवा और सामाजिक एकता का प्रेरक उदाहरण बन गया।

श्री महाकालेश्वर एवेन्यू परिसर में आयोजित इस आध्यात्मिक आयोजन में भावपूर्ण भजनों की गूंज के बीच सैकड़ों श्रद्धालुओं ने महाप्रसादी का पुण्य लाभ लिया। वातावरण पूरी तरह शिवमय रहा और हर चेहरा आस्था की उजास से दमकता दिखाई दिया।

कार्यक्रम में मनकावनेश्वर मंदिर समिति के समस्त पदाधिकारीगणों की सक्रिय सहभागिता रही। विशेष रूप से रिटायर डीएसपी दशरथ सोनेर, डीएसपी मानसिंह परमार, राज पाटीदार, विशाल पाटीदार, अजय पाटीदार, अमन गहलोत, दौलत रविंद्र चिपड़, कैलाश गोठवाल, अशोक मालवीय, संतोष मंडोरे, दिलीप मालवीय एवं अरविंद चौहान सहित अनेक समाजसेवियों व युवाओं ने आयोजन को सफल बनाने में उल्लेखनीय योगदान दिया। श्रद्धालुओं ने बताया कि भजन संध्या के दौरान ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो स्वयं श्री महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग की कृपा बरस रही हो। प्रसादी वितरण में अनुशासन, अपनत्व और सेवा भावना का अद्भुत समन्वय देखने को मिला।

## भारतीय सेना के हॉट एयर बैलून ने मचाया हडकंप

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मंगलवार को शाजापुर जिले के कालापीपल थाना अंतर्गत बडबेली गांव में ग्रामीण कुछ देर के लिए भौचक रह गए जब उन्होंने वहां बैलून उतरते हुए देखा। आर्मी का हॉट एयर बैलून गांव के जंगल में उतरा। बैलून को देखकर ग्रामीणों में कौतुहल भी रहा एवं प्रारंभिक स्थिति में वे डर गए , लेकिन जब उन्होंने देखा कि उसमें आर्मी के 7 जवान सवार हैं जिनमें 1 महिला कर्मी भी शामिल थी, उनसे ग्रामीणों ने बातचीत की।



जानकारी के अनुसार, यह हॉट एयर फायर बैलून भोपाल के बैरागढ़ स्थित आर्मी के 3 एटए इलेक्ट्रॉनिक एंड मैकेनिकल इंजीनियर सेंटर का था। इसे आर्मी में भर्ती हुए नए जवानों को ट्रेनिंग देने के लिए उड़ाया गया था। ट्रेनिंग के दौरान यह बैलून बड़बेली गांव जा पहुंचा।जवानों को लेने के लिए एक आर्मी की गाड़ी आई, जिससे बैठकर वे अपने सेंटर की ओर रवाना हुए। ग्रामीणों ने बताया कि जवान पूरी तरह से सुरक्षित थे। लोग इसे आर्मी की ट्रेनिंग का हिस्सा बता रहे हैं।

## मीसाबंदी और पत्रकार चौधरी का गार्ड आफ आनर के साथ हुआ देहदान




दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

अंकितग्राम, सेवाधाम आश्रम में जीवन के अंतिम क्षणों में विगत 1 वर्ष से आश्रम में पर सेवाओं पर निर्भर आचार्य विनोबा भावे के साथी मीसाबंदी, गोविन्दराम सक्सेरिया कॉलेज इंस्टीट्यूट आफ साईस एण्ड टेक्नॉलाजी के प्रतिभाशाली छात्र, गोल्ड मेडलिस्ट एवं छात्र अध्यक्ष एवं इंजीनियर ने सेवाधाम आश्रम में अंतिम सांस ली। देवव्रत चोधरी की अंतिम इच्छानुसार एवं आश्रम संस्थापक सुधीर भाई की प्रेरणा एवं वरद उपस्थिति में भाई कर्नल सुभ्रत चोधरी, अपूर्व चोधरी, बहन बहनोई रंजन बेनर्जी, कॉलेज के डीन डॉ. अखिलेश कुमार पीठवा, प्रो. श्वेता मिश्रा, बचपन के मित्र नारायण दास आई दासानी, प्रो. शर्मा, दत्तक पुत्र ब्रजेश शर्मा एवं गजानन्द सिंह चोधरी देहदान अधिकारी की उपस्थिति में अमलतास हॉस्पिटल एवं मेडिकल कॉलेज, देवास को सौंपा गया। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की घोषणानुसार देहदानी अमर रहे के नारों के साथ देवास पुलिस ने गार्ड आफ आनर दिया, देवव्रत चोधरी अपने समय में प्रख्यात लेखक, पत्रकार भी रहे, उन्होंने बुक आफ गार्ड पुस्तक भी लिखी, विनोबाजी के निर्देशन में गोबर गैस निर्माण में बतौर इंजीनियर एवं गौ हत्या के विरूद्ध अनेक सत्याग्रह भी किए।

# निजातपुरा क्षेत्र में पाइपलाइन फूटी, नलों से आया गंदा व मटमैला पानी

### सड़क पर जमा हुआ पानी, क्षेत्र में जल संकट पनपा, लोगों को पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ा, चौड़ीकरण के कार्य ने क्षेत्रवासियों की मुश्किलें बढ़ाई, यहां के लोग नारकीय जीवन जीने को मजबूर







दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मंगलवार सुबह निजातपुरा क्षेत्र में पेयजल पाइपलाइन फूट गई । इस कारण पाइपलाइन का पानी सड़क पर बह निकला और देखते ही देखते यहां की खुदी पड़ी सड़कें व नालियां जलमग्न हो गई। पेयजल सप्लाई के दौरान कई घरों में नलों से गंदा पानी पहुंचा। इस कारण लोग इस पानी का उपयोग नहीं कर पाए और क्षेत्र में जल संकट खड़ा हो गया। लोगों को पीने का पानी जुटाने के लिए इधर-उधर भटकना पड़ा। ज्ञात रहे कि पिछले कई दिनों से निजातपुरा क्षेत्र में चौड़ीकरण का कार्य चल रहा है। लेकिन कार्य काफी धीमी गति से चल रहा है। इस कारण क्षेत्र वासियों की मुश्किलें और बढ़ गई है।

### काफी धीमी गति से चल रहा चौड़ीकरण का कार्य

कोयला फाटक से निजातपुरा तक किया जा रहा चौड़ीकरण का कार्य काफी धीमी गति से चल रहा है। इस कारण क्षेत्रवासी काफी परेशान है। लोगों के घर के बाहर सड़कें व नालियां खुदी पड़ी है तथा नालियों से निकलने वाली गंदगी लोगों के घर के बाहर जमा हो गई है। सड़क पर कीचड़ व गंदगी फैली हुई है तथा गंदगी की वजह से क्षेत्र में मच्छर पनप रहे हैं और लोगों का दुर्गंध से बुराहाल है तथा यहां के लोग पिछले कई दिनों से नारकीय जीवन जीने को मजबूर है। मंगलवार सुबह यहां के हालात और बत्तर हो गए। निजातपुरा क्षेत्र में चौड़ीकरण के चलते की गई खुदाई के दौरान यहां की पेयजल पाइपलाइन फूट गई। इस कारण पाइपलाइन का पानी सड़कों पर जमा हो गया और कई घरों में सप्लाई के दौरान नाली का गंदा व मटमैला पानी पहुंचा जो की बिल्कुल भी इस्तेमाल लायक नहीं था। इस करण क्षेत्र के लोग सप्लाई के दौरान नालों से आया पानी नहीं भर पाए और पूरे क्षेत्र में जल संकट खड़ा हो गया। और लोगों को पीने का पानी जुटाने के लिए इधर-उधर भटकना पड़ा। पाइपलाइन फूटने के बाद पूरी सड़क पर पानी भर गया था और खुदी पड़ी नालियों की गंदगी पानी में तैरकर बाहर आ गई। इस कारण लोगों का सड़क पर चलना भी दुश्वार हो गया।

## न्यूज ब्रीफ

### विद्यार्थी कठिनाईयों में भी झूठ नहीं बोलें और गुरुजनों का सम्मान करें

**इंदौर।** राज्यपाल एवं देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर के कुलाधिपति श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर राजनीतिक शुचिता, महिला सशक्तिकरण और सेवा की त्रिमूर्ति थी। उन्होंने समाज को आगे ले जाने के लिए कई कल्याणकारी सेवा कार्य किए। गुजरात के जुनागढ़ से आए 60 परिवार को यहाँ बसाया और उन्हें रोजगार के साथ बेहतर जीवन प्रदान किया। यही वजह है कि 300 वर्ष बाद भी आज हम लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर को उनके उत्कृष्ट और सेवा कार्यों के लिए याद करते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से विकास और प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा है। वर्ष 2047 में भारत विकसित बनकर रहेगा और इसमें देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर का भी महत्वपूर्ण योगदान रहेगा।

### जनसुनवाई में बच्चों को तत्काल राहत

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की संवेदनशील पहल के तहत इंदौर जिले में प्रति मंगलवार आयोजित होने वाली जनसुनवाई का क्रम लगातार जारी है। जनसुनवाई के सकारात्मक परिणाम भी सामने आ रहे हैं, जिसमें अनेक आवेदकों की समस्याओं का मौके पर ही निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है। जिन मामलों का तत्काल निराकरण संभव नहीं हो पाता, उनके लिए समय-सीमा निर्धारित की जाती है तथा प्रत्येक सोमवार को कलेक्टर श्री शिवम वर्मा द्वारा प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा भी की जा रही है। कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में भी कई ऐसे उदाहरण सामने आए, जब समस्याओं के निराकरण से संतुष्ट नागरिक स्वयं प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करने पहुंचे। कलेक्टर शिवम वर्मा ने संवेदनशीलता का परिचय देते हुए थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों एवं उनके परिजनों से अपने कक्ष में मुलाकात कर उनकी समस्या सुनी और तत्काल समाधान सुनिश्चित किया। बताया गया कि थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों और उनके परिजनों ने बताया कि दवाओं की उपलब्धता में विलंब हो रहा है। कलेक्टर श्री वर्मा ने तुरंत ही संबंधित अधिकारियों से चर्चा की और दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करवाई। कलेक्टर श्री वर्मा ने बच्चों और परिजनों को आश्वस्त किया कि आगे से इंजेक्शन एवं दवाओं की आपूर्ति निरंतर जारी रहेगी और किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी। थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों और उनके परिजनों ने शासन-प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

### कोचिंग संचालक घायल, 4 थानों को बल तैनात

# केशव नगर में दो पक्षों के बीच जमकर चले लाठी-पत्थर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

नीलगंगा थाना क्षेत्र के केशव नगर में मंगलवार दोपहर कोचिंग संचालक और क्षेत्र में रहने वाले वर्ग विशेष के युवको के बीच विवाद हो गया। जमकर लाठी डंडे चले। पुलिस ने मामला शांत किया। शाम को एक बार फिर तनाव की स्थिति बन गई। चार थानों का बल क्षेत्र में तैनात करना पड़ा।

केशव नगर में रहने वाले अजय जागरी कोचिंग क्लास संचालित करते हैं। दोपहर में घर के बाहर खड़े थे उसी दौरान क्षेत्र में रहने वाले इमरान और आरिफ ऑटो लेकर गुजरे। रास्ते से निकलने की बात पर उनके बीच विवाद हो गया। कुछ देर बाद इमरान और आरिफ के परिजन भी मौके पर आ गए और जमकर लाठी डंडे चल पड़े। कोचिंग संचालक अजय घायल हो गया। मामले की जानकारी लगते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। दोनों पक्ष थाने पर एकत्रित हो गए। जहां एक दूसरे पर







आरोप प्रत्यारोप किया जाने लगा। कोचिंग संचालक को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। उनकी पत्नी पूनम ने आरोप लगाया कि आरिफ और इमरान द्वारा खुद को दादा बताते हुए कोचिंग क्लास संचालित करने के एवज में हफ्ता मांगा जा रहा था।

पुलिस ने मामले में दोनों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। मामले में कुछ युवकों को हिरासत में लिया गया। लेकिन शाम 5 के लगभग केशव नगर में स्थित फिर से तनावपूर्ण हो गई। वर्ग विशेष के कुछ युवक बाइक पर सवार होकर आए और पत्थर बाजी शुरू कर दी। एक ऑटो भी क्षतिग्रस्त हो गया। पत्थर बाजी की खबर लगते ही नीलगंगा थाना पुलिस, महाकाल थाना पुलिस, माधव नगर और देवास गेट पुलिस का बल केशव नगर पहुंच गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुरु प्रसाद पाराशर और सीएसपी दीपिका शिंदे भी हालात और स्थिति को नियंत्रण में करने के लिए मौके पर पहुंच गए थे। सीएसपी शिंदे ने बताया कि स्थिति सामान्य है दोनों पक्ष से घायल हुए हैं जिनकी हालत भी स्थिर है। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल को तैनात किया गया है।

### विवाद का सामने आया सीसीटीवी फुटेज

दोपहर में दोनों पक्षों के बीच हुए विवाद का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है जिसमें एक दूसरे के साथ लाठी डंडों और थप्पड़ मुक्कों के साथ मारपीट होती दिखाई दे रही है। विवाद में महिलाएं भी दिखाई दे रही है। विवादित स्थल के पास ही भागवत कथा का आयोजन चल रहा है विवाद के चलते कथा में पहुंचे लोगों के बीच भी हड़कंप मच गया था। पुलिस के अनुसार आधा दर्जन के लगभग युवकों को हिरासत में लेकर मामले की जांच की जा रही है।

# गिरफ्तारी से पहले कारण नहीं बताया तो कार्रवाई होगी अवैध

### मध्यप्रदेश पुलिस को सीआईडी की चेतावनी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

मध्य प्रदेश पुलिस मुख्यालय की अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी) ने प्रदेशभर के पुलिस अधिकारियों को स्पष्ट चेतावनी जारी की है कि किसी भी आरोपी को गिरफ्तार करने से पहले उसे गिरफ्तारी के आधारों की जानकारी देना अनिवार्य है। यदि ऐसा नहीं किया गया तो गिरफ्तारी अवैध मानी जाएगी और संबंधित अधिकारी के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की स्थिति बन सकती है। सीआईडी ने यह एडवाइजरी पुलिस कमिश्नर कार्यालयों, एसटीएफ, नारकोटिक्स और साइबर सेल सहित सभी प्रमुख इकाइयों को भेजी है।

निदेशों में कहा गया है कि गिरफ्तार व्यक्ति को उसकी समझ में आने वाली भाषा में गिरफ्तारी के कारण लिखित रूप में बताए जाएं। यदि तत्काल लिखित सूचना देना संभव न हो तो पहले मौखिक रूप से जानकारी दी जाए और उसके बाद उचित समय के भीतर लिखित सूचना देना सुनिश्चित किया जाए। एडवाइजरी में यह भी स्पष्ट किया गया है कि आरोपी को मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश करने से पहले उसे गिरफ्तारी के आधारों की लिखित जानकारी मिल जानी चाहिए। ऐसा न होने पर गिरफ्तारी और उसके बाद की हिरासत को अवैध माना जा सकता है।

### सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद निर्देश दिया गया

बता दें कि यह निर्देश हाल ही में आए मिहीर राजेश शाह बनाम महाराष्ट्र राज्य मामले में सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के बाद जारी किए गए हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने अपने फैसले में कहा था कि गिरफ्तारी के कारणों की स्पष्ट और लिखित जानकारी देना संवैधानिक दायित्व है। केवल औपचारिक सूचना पर्याप्त नहीं मानी जाएगी। कोर्ट ने यह भी कहा कि गिरफ्तारी की सूचना आरोपी के परिजन या नामित व्यक्ति को देना अनिवार्य है। यह व्यक्तिगत स्वतंत्रता और विधिसम्मत प्रक्रिया का हिस्सा है।

# 22 से मूल्यांकन का पहला चरण शुरू

## डिजिटल निगरानी से समय पर आएंगे मध्यप्रदेश बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम

### शिक्षकों को जांचनी होंगी दोगुनी कॉपियां

### एक कॉपी जांचने पर 15 रुपये और हायर सेकेंडरी की में होगी पर कॉपी पर 16 रुपये दिए जाएंगे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर



मध्य प्रदेश बोर्ड परीक्षाएं शुरू होते ही उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन की तैयारियां तेज कर दी गई हैं।

पहला चरण 22 फरवरी से प्रारंभ होगा, जिसमें अंग्रेजी, भौतिक विज्ञान, इतिहास, कृषि और विज्ञान विषयों की कॉपियां जांची जाएंगी। दूसरा चरण तीन मार्च से शुरू किया जाएगा। इस वर्ष मूल्यांकनकर्ता शिक्षकों का कार्यभार बढ़ा दिया गया है। पहले प्रतिदिन 30 उत्तरपुस्तिकाएं जांचने का लक्ष्य था, जबकि अब 45 से 60 कॉपियां प्रतिदिन जांचने के निर्देश दिए गए हैं। अधिकारियों का कहना है कि इससे मूल्यांकन प्रक्रिया तेज होगी और परिणाम जल्द घोषित किए जा सकेंगे।

निर्देशों के अनुसार हाईस्कूल की एक कॉपी जांचने पर 15 रुपये और हायर सेकेंडरी की में होगी पर कॉपी पर 16 रुपये दिए जाएंगे। मुख्यालय से बाहर आने वाले शिक्षकों को 180 रुपये वाहन भत्ता तथा स्थानीय शिक्षकों को 130 रुपये भत्ता मिलेगा। डिजिटल निगरानी प्रणाली लागू इस बार मूल्यांकन कार्य में डिजिटल निगरानी प्रणाली लागू की गई है। शिक्षकों को कार्य शुरू करने से पहले मोबाइल ऐप पर उपस्थिति दर्ज करनी होगी। बिना उपस्थिति दर्ज किए कॉपी जांचने की अनुमति नहीं मिलेगी। प्रतिदिन जांची गई उत्तर पुस्तिकाओं का रिकॉर्ड ऐप और रजिस्टर दोनों में अपडेट करना अनिवार्य रहेगा। निरीक्षण दल ऐप आधारित डाटा से केंद्रों की निगरानी करेगा। समय पर परिणाम घोषित करने की तैयारी करीब 16 लाख विद्यार्थियों की सवा करोड़ उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया जाएगा। नई व्यवस्था से फर्जी उपस्थिति, देरी और लापरवाही पर नियंत्रण रखने की योजना है। बोर्ड परीक्षा इस बार जल्दी शुरू की गई है और परिणाम भी समय पर घोषित करने का लक्ष्य रखा गया है।

### खाचरौद पुलिस ने रतलाम रोड पर नाकाबंदी में बड़ी कार्रवाई

# 4.60 लाख की एमडी ड्रग्स के साथ दो गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



नशे के कारोबार पर शिकंजा कसने के लिए पुलिस ने जिलेभर में अभियान चला रखा है। इसी कड़ी में खाचरौद पुलिस ने नशे के दो सौदागरों को गिरफ्त में लेते हुए उनके पास से 46 ग्राम एमडी ड्रग्स जब्त की है, जिसकी कुल कीमत 4.60 लाख रुपए है। इसके अलावा बुलेट और मोबाइल भी जब्त किए गए हैं।

नशे के सौदागरों को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें चार दिन के रिमांड पर लिया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक शख्स रतलाम की ओर से एमडी ड्रग्स लेकर खाचरौद में किसी को देने आने वाला है। इसके बाद टीआई धनसिंह नलवाया ने पुलिस टीम गठित की जिसने रतलाम रोड नंदवासला फंटा, ग्राम कनवास पर नाकाबंदी की। इसी दौरान मुखबिर के बताए हुलिए के अनुसार दो संदिग्ध व्यक्ति आते नजर आए।

पुलिस ने उनकी रोककर तलाशी ली तो उनके कब्जे से 46 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद किया गया। इसके बाद अमन पिता मोहम्मद सादिक शेख निवासी गुजराती आरा मशीन, बंजारा कॉलोनी के पास, नामली, जिला रतलाम और चांद खां पिता मुख्त्यार कुरैशी (22) निवासी सुभाषनगर, थाना दीनदयाल नगर, रतलाम को गिरफ्तार किया गया। इनके पास से 4.60 लाख रुपए का 46 ग्राम एमडी ड्रग्स, बुलेट और तीन मोबाइल जब्त किए गए। मामले में पुलिस एनडीपीएस एक्ट में प्रकरण दर्ज कर उन्हें कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें चार दिन के रिमांड पर सौंपा गया

### सिकल सेल शिविर का अवलोकन किया

इंदौर। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि दीन-दुखियों की सेवा का संकल्प प्रेरणादायी एवं अनुकरणीय है। खरगौन-बड़वानी सांसद श्री गजेंद्र सिंह पटेल ने माता-पिता के संस्कारों से प्रेरित होकर जो सेवा का संकल्प लिया है, वह अत्यंत पुण्य का कार्य है। उन्होंने सुशीला देवी उमराव सिंह पटेल सेवा संस्थान द्वारा पीड़ित मानवता की सेवा के लिये निरंतर किए जा रहे कार्यों की सराहना की। राज्यपाल श्री पटेल सोमवार को बड़वानी के भिलट देव धाम, ग्राम नागलवाड़ी में सुशीला देवी उमरावसिंह पटेल सेवा संस्थान द्वारा सिकल सेल एनिमिया उन्मूलन एवं टी.बी. मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जागरूकता, स्वास्थ्य परीक्षण शिविर एवं पोषण आहार वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

# उज्जैन में लव जिहाद! माथे पर तिलक गले में तुलसी माला और किए दर्शन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

धार्मिक नगरी उज्जैन में लव जिहाद का एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसे सुनकर रूह कांप जाए। दिल्ली से आए एक मुस्लिम युवक जाफर ने हिंदू पहचान की आड़ लेकर न केवल धर्म को छलने की कोशिश की, बल्कि महाकाल और मंगलनाथ जैसे पवित्र मंदिरों की पवित्रता को भी ठेस पहुँचाई। जाफर ने खुद को कट्टर सनातनी दिखाने के लिए भगवा वस्त्र पहन रखे थे, माथे पर त्रिपुंड तिलक लगाया था और गले में तुलसी की माला डाली थी। उसने महाशिवरात्रि पर्व के दिन महाकाल मंदिर और मंगलनाथ मंदिर सहित अन्य पवित्र स्थलों में दर्शन किए।

### होटल में युवती के नाम से कमरा बुक

युवक ने एक हिंदू युवती के साथ होटल में कमरा बुक किया। उसने यह चालाकी की कि कमरा युवती के नाम से बुक हो ताकि किसी को शक न हो।

### बजरंग दल की टीम ने दबोचा

नानाखेड़ा क्षेत्र के एक कैफे में पहुंचा, तो वहाँ मुस्तैद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने उसे पकड़ लिया। पकड़ में आने पर उसकी असलियत सामने आई और माहौल गरमा गया।

### पुलिस ने लिया हिरासत में

बाद में मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को हिरासत में लेकर नानाखेड़ा थाने भेजा। जानकारी के मुताबिक, बजरंग दल के जिला संयोजक ऋषभ कुशवाह को खबर मिली थी कि युवक होटल में ठहरना चाहता है लेकिन खुद की आईडी नहीं बल्कि युवती की आईडी से कमरा बुक करवा रहा है। बजरंग दल की टीम जब नानाखेड़ा पहुंची, तो युवक वहाँ मिल गया। उसने पहले हिंदू युवक के नाम से खुद को बताया, लेकिन पूछताछ में असली नाम जाफर सामने आया। बताया जा रहा है कि जाफर युवती को दिल्ली से उज्जैन लाया था और दिनभर मंदिरों में घूमने के बाद शाम को होटल गया।

# भव्य रिवर फ्रंट के रूप में विकसित होंगे शिप्रा के तट

## 64 करोड़ रुपए होंगे खर्च, 18 माह में संवारने की योजना, वाटर रिजुवेनेशन प्रोजेक्ट के तहत होगा काम

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सिंहस्थ-2028 की तैयारियों के बीच मोक्षदायिनी शिप्रा नदी के तटों को भव्य रिवर फ्रंट के रूप में विकसित करने की 64.24 करोड़ की परियोजना को प्रशासनिक स्वीकृति मिल गई है। नगर निगम ने वाटर रिजुवेनेशन प्रोजेक्ट के तहत नदी तटों का संरक्षण, घाटों का पुनर्विकास और आधुनिक जनसुविधाओं का निर्माण अगले 18 महीनों में कराना तय किया है।

ताकि सिंहस्थ से पहले श्रद्धालुओं को सुव्यवस्थित और सुरक्षित घाट उपलब्ध हो सकें। परियोजना का मूल फोकस शिप्रा के पारिस्थितिक संतुलन को सुधारते हुए उसकी धार्मिक गरिमा को संरक्षित करना है। योजना अनुसार लगभग नौ किमी लंबे पुराने घाटों की मरम्मत कर पारंपरिक पत्थर की शैली में



छतरियां, मंडप, मेहराब और शेड बनाए जाएंगे। नदी किनारे लैंडस्केपिंग, हरित बफर जोन और पैदल प्रोमेनेड विकसित कर घाटों को एकीकृत रिवर फ्रंट का स्वरूप दिया जाएगा। इसके साथ ही बुजुर्गों और दिव्यांग श्रद्धालुओं के लिए रैंप, रेलिंग और बैरियर-फ्री पहुंच मार्ग बनाए जाएंगे, जिससे भीड़ के दबाव में भी सुरक्षित आवागमन संभव हो सके।

### पर्यावरणीय दिशा-निदेशों का पालन अनिवार्य

प्रशासन का लक्ष्य है कि सिंहस्थ से काफी पहले प्रमुख घाटों का ढांचा तैयार हो जाए। निर्माण के बाद संबंधित एजेंसी को पांच वर्षों तक संचालन और रखरखाव करना होगा। शुरूआती दो वर्ष डिफेक्ट लायबिलिटी पीरियड होंगे, जिसमें किसी भी तकनीकी कमी की जवाबदेही एजेंसी की रहेगी। गुणवत्ता नियंत्रण, सुरक्षा मानक और पर्यावरणीय दिशा-निर्देशों का पालन अनिवार्य होगा।

**सिंहस्थ की जरूरतों के अनुसार प्लानिंग-** परियोजना में भीड़ प्रबंधन, कचरा निस्तारण, प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा तंत्र को विशेष रूप से शामिल किया गया है। घाटों पर हाई-मास्ट लाइट, सर्च लाइट, चेतावनी सायरन, गार्ड रूम और पेयजल सुविधाएं विकसित होंगी। इससे करोड़ों श्रद्धालुओं की आवाजाही के दौरान दुर्घटना जोखिम कम होगा और घाटों पर ठहराव की क्षमता बढ़ेगी।

### सांस्कृतिक और पर्यटन आकर्षण के रूप में भी विकसित होगा

रिवरफ्रंट बनने से क्षिप्रा तट केवल धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और पर्यटन आकर्षण के रूप में भी विकसित होगा। सुंदर प्रोमेनेड, बैठने की व्यवस्था और हरित क्षेत्र स्थानीय नागरिकों के लिए भी सार्वजनिक स्पेस का काम करेंगे। प्रशासन का मानना है कि इससे उज्जैन का धार्मिक पर्यटन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और मजबूत होगा।

**प्रोजेक्ट के प्रमुख कार्य**

- पुराने घाटों का पत्थर से पुनर्विकास और संरचनात्मक मजबूती
- नदी किनारे प्रोमेनेड, लैंडस्केपिंग और ग्रीन बफर जोन
- छतरियां, मंडप, शेड, सुरक्षा रेलिंग और बैरियर
- फ्री रैंप - हाई-मास्ट लाइट, सर्च लाइट, चेतावनी सायरन व गार्ड रूम
- पेयजल, पहुंच मार्ग और भीड़ प्रबंधन की सुविधाएं
- जल शुद्धीकरण व पारिस्थितिक संतुलन सुधार के उपाय

### श्रद्धालुओं की सुविधा को दृष्टिगत आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्वित करने के दिए निर्देश

**इंदौर।** सम्भागायुक्त इंदौर संभाग डॉ. सुदाम खाड़े ने शनिवार की शाम को ओंकारेश्वर पुलिस कंट्रोल रूम के सभाकक्ष में ममलेश्वर मंदिर प्रबंधन समिति की बैठक ली और मंदिर परिसर में व्यवस्थाओं का जायजा लिया। बैठक में कलेक्टर खण्डवा ऋषव गुप्ता, एसडीएम पुनासा पंकज वर्मा सहित अन्य अधिकारी और समिति के सदस्यगण भी मौजूद थे। सम्भागायुक्त डॉ. खाड़े ने बैठक में निर्देश दिए कि ममलेश्वर मंदिर में लगी लोहे की बेरीकेडिंग को हटाकर उसके स्थान पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए स्टेनलेस स्टील की जिगजेग बेरीकेंडिंग और मिस्ट फैन लगवाए जाएं। उन्होंने मंदिर आने वाले तीर्थयात्रियों के लिए फाइबर कैनोपी लगवाने के लिए भी कहा

## कलेक्टर श्रीमती माथुर ने किया परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण




**आलीराजपुर।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश द्वारा आयोजित वार्षिक परीक्षाओं के अंतर्गत मंगलवार को कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों की अंग्रेजी विषय की परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा के सुचारू निष्पक्ष एवं व्यवस्थित संचालन को सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर श्रीमती माथुर ने एकीकृत शाला शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय,बोरखड एवं शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय,बहारपूरा जिला आलीराजपुर का औचक निरीक्षण करते हुए परीक्षाओं की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर श्रीमती माथुर ने परीक्षा कक्ष में बैठक व्यवस्था, परीक्षार्थियों की उपस्थिति, सुरक्षा प्रबंधों सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की जानकारी ली और परीक्षा केंद्र प्रभारियों को निर्देशित किया कि केंद्रों में विद्यार्थियों के लिए पानी, बिजली, प्रकाश आदि की समुचित व्यवस्था होनी चाहिए।

## पीएमश्री शासकीय बालक उमावि क्रमांक 2 का किया गया निरीक्षण

**बड़वानी।** पीएमश्री योजना अंतर्गत विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षण के लिए शासन स्तर से प्राप्त दिशा-निदेशों के अनुपालन में पीएमश्री शासकीय बालक उमावि कमांक 02 बड़वानी में आधुनिक एवं डिजिटल संसाधनों के साथ-साथ शिक्षकों को प्रशिक्षण देकर शैक्षिक संवाद के माध्यम से शिक्षा के गुणवत्ता स्तर को लगातार सुधारा जा रहा हैं। इसके तहत लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल से सहायक संचालक अंशिता नागर, पीपल्स संस्था से भारती पंवार, जिला शिक्षा कार्यालय बड़वानी के सहायक संचालक जादूसिंह परमार ने पीएमश्री शा. बालक उमावि, कमांक 02 बड़वानी का निरीक्षण किया। निरीक्षण टीम ने विद्यालय की व्यवस्थाएँ देखी जिसमें उन्होने विद्यालय के स्वच्छ एवं हरित परिसर के साथ-साथ माँ की बगिया (औषधीय वाटिका) और पीएमश्री वाटिका को देखकर प्रसन्नता व्यक्त की। कक्षा में छात्रों से हिन्दी, अंग्रेजी और गणित विषय के प्रश्न पुछे जिनका संस्था के छात्रों ने सही-सही उत्तर दिया। विद्यालय की भौतिक, रसायन, जीवविज्ञान, आईटी लैब, गणित लैब के साथ-साथ विज्ञान प्रदर्शनी का भी निरीक्षण किया। विद्यालय में विद्यार्थियों के बैठने के कक्षों की साफ-सफाई, शौचालय व जल व्यवस्था भी देखी। निरीक्षण के दौरान विद्यालय की प्राचार्य करूणा बैस एवं शिक्षक उपस्थित रहे। टीम के सदस्यों ने बताया की आगामी दिनों में भारत सरकार नई दिल्ली की ओर से विद्यालय का निरीक्षण किया जायेगा।

## हाई स्कूल परीक्षा का प्रथम दिवस शांतिपूर्ण संपन्न

**बड़वानी।** बड़वानी जिले के सभी 57 परीक्षा केंद्रों पर हाई स्कूल (कक्षा 10वीं) की बोर्ड परीक्षा मंगलवार 17 फरवरी से विधिवत प्रारंभ हुई। परीक्षा के प्रथम दिवस अंग्रेजी भाषा विषय का प्रश्नपत्र आयोजित किया गया। जिले में अंग्रेजी विषय के लिए कुल 11,154 छात्र-छात्राएं पंजीकृत थे, जिनमें से 10,811 छात्र-छात्राएं परीक्षा में सम्मिलित हुए। कुल 343 छात्र-छात्राएं अनुपस्थित रहे। सभी परीक्षा केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं एवं सुरक्षा के समुचित प्रबंध सुनिश्चित किए गए थे। परीक्षा शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हुई तथा किसी भी केंद्र से कोई अप्रिय घटना की सूचना प्राप्त नहीं हुई। जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग द्वारा परीक्षा के सुचारू संचालन हेतु सतत निगरानी रखी जा रही है।

## वार्ड क्रमांक 6 एवं 7 में हुआ जलसुनवाई शिविर का आयोजन

**बड़वानी।** मंगलवार 17 फरवरी को मोटी माता मंदिर के पास वार्ड 06 एवं 07 में जल सुनवाई कैंप लगाकर जल गुणवत्ता परीक्षण कार्य अमृत मित्र महिलाओं ओर निकाय की टीम के द्वारा किया गया । शिवीर मे मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्रीमती सोनाली शर्मा, निकाय के सहायक यंत्री पुष्पराज अजनारे, जलप्रदाय प्रभारी श्री मुन्नालाल चौहान, उपयंत्री की उपस्थिति मे शिविर लगाया गया। शिविर मे वार्ड 06 पार्षद श्री सचिन शर्मा भी उपस्थिति रहे, शिविर में कुल 16 पेयजल नमूने की जांच की जिसमे वार्ड मे स्थिति कुएं, वार्ड में निवासरत नागरिकों के निवास पर स्थापित टयुबवेल के पानी की जॉच की गई । साथ ही 01 आवेदन पाइप लीकेज सुधार हेतु प्राप्त हुआ।

## जीरन महाविद्यालय प्राचार्य नहीं थम रहा विवाद, एबीविपी का उग्र प्रदर्शन

**नीमच।** महाविद्यालय में चल रहे विवाद ने अब तूल पकड लिया है। महाविद्यालय की प्राचार्य दीपा कुमावत के खिलाफ लगातार उठ रहे आरोपों के बीच अब अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) भी खुलकर मैदान में उतर आई है। एबीवीपी कार्यकताओं एवं महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने प्राचार्य के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और विरोध स्वरूप कॉलेज के मुख्य द्वार पर ताला लगाकर प्रदर्शन किया।

# राज्यपाल ने एनीमिया जागरूकता रथ को इंदौर जिले में भ्रमण के लिए किया रवाना

### आगामी 12 दिनों में शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में 20 लाख लोगों तक पहुंचेगा जागरूकता रथ




दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

समाज में एनीमिया के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से 12 दिवसीय एनीमिया जागरूकता रथ अभियान की शुरूआत मंगलवार को हुई। इस रथ को इंदौर में भ्रमण के लिए राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस वर्ष अभियान रथ इंदौर शहर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग 20 लाख लोगों तक पहुंचने का लक्ष्य रखा गया है। 17 फरवरी से 1 मार्च तक चलने वाला यह 12 दिनी अभियान सांसद सेवा प्रकल्प इंदौर, आयुष मेडिकल वेलफेयर फाउंडेशन एवं एडवांस्ड होम्योपैथिक सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है।

होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. ए.के. द्विवेदी के नेतृत्व में प्रतिवर्ष संचालित होने वाले इस अभियान की शुरूआत मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने हरी झंडी दिखाकर की। यह कार्यक्रम देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर खंडवा रोड परिसर में हुआ। इस अवसर पर इंदौर सांसद शंकर लालवानी, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर के कुलगुरु प्रो. राकेश सिंघई, कुलसचिव प्रज्वल खरे, डॉ. वैभव चतुर्वेदी तथा डॉ. अथर्व द्विवेदी दीपक उपाध्याय विनय पांडेय सहित समस्त कार्य परिषद सदस्यगण एवं अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# साप्ताहिक जनसुनवाई में 21 आवेदकों की समस्याएं कलेक्टर माथुर ने सुनीं

### अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिए त्वरित निराकरण के निर्देश

दैनिक अवन्तिका ▶▶ आलीराजपुर,



आमजन की समस्याओं के निराकरण के उद्देश्य से प्रति मंगलवार की तरह इस सप्ताह भी कलेक्टर कार्यालय स्थित जनसुनवाई कक्ष में साप्ताहिक जनसुनवाई का आयोजन किया गया। कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने जनसुनवाई में उपस्थित होकर नागरिकों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान कुल 21 आवेदक अपनी विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए उपस्थित हुए। कलेक्टर श्रीमती माथुर ने सभी आवेदकों की समस्याएं एक-एक कर गंभीरता से सुनीं तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई कर निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई के दौरान भीलखेड़ी, तहसील जोबट निवासी श्रीमती ललिता (पति स्वर्गीय भंगू) ने लाड़ली बहना योजना की राशि बंद होने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि अगस्त 2025 तक उन्हें योजना की राशि नियमित रूप से प्राप्त हो रही थी, किंतु इसके बाद बिना किसी सूचना के राशि बंद कर दी गई।

उन्होंने तकनीकी त्रुटि की आशंका जताते हुए राशि पुनः प्रारंभ कराने का अनुरोध किया। इस प्रकरण में कलेक्टर ने जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग को जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।

इसी प्रकार ग्राम बड़ी हथवी, तहसील सोंडवा निवासी श्री संजय (पिता स्वर्गीय नगरसिंह डोडवा) ने आवेदन प्रस्तुत कर बताया कि 23 अप्रैल 2023 को उनके पिता की पिपल के पेड़ से गिरने के कारण मृत्यु हो गई थी। उन्होंने संबल योजना के अंतर्गत लाभ प्राप्त करने के लिए जनपद पंचायत सोंडवा में तीन बार आवेदन किया, किंतु अब तक उन्हें योजना का लाभ नहीं मिला है। कलेक्टर ने इस प्रकरण में जनपद सीईओ सोंडवा को शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री आवास योजना, भूमि विवाद, बंटवारा, सीमांकन तथा सहायिका पद पर नियुक्ति सहित विभिन्न विषयों से संबंधित आवेदन भी प्राप्त हुए। जनसुनवाई के दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### नीमच में सफाई व्यवस्था का नपा सीएमओ ने निरीक्षण कर हाजिरी जाँच की

**नीमच।** शहर मे नगर पालिका नीमच की मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती दुर्गा बामनिया सोमवार को दोप 3:00 बजे स्वास्थ्य अधिकारी दिनेश टांक, स्वच्छता निरीक्षक भारत सिंह भारद्वाज के साथ लेकर सफाई व्यवस्था का औचक निरिक्षण किया ' निरीक्षण के दौरान 14 से अधिक वार्डो का भ्रमण करते हुए हाजिरी सेंटरों पर पहुंचकर अनुपस्थित कर्मचारियों के बारे में जानकारी प्राप्त की और जो स्वच्छता पर्यवेक्षक मौके पर नहीं मिले, उनके एक-एक दिन का वेतन काटने तथा सफाई कार्य के दौरान अनुपस्थित पाए गए कर्मचारियों की अनुपस्थिति दर्ज करने के निर्देश दिए। सीएमओ श्रीमती बामनिया ने नीमच सिटी के वार्ड क्रमांक 1 से 6 के साथ ही वार्ड क्रमांक 9 से 11 तथा वार्ड क्रमांक 14 एवं 28, 29, 30 मैं अचानक पहुंच कर हाजरी सेंटर पर स्ट्राइक की एवं क्षेत्र में भ्रमण कर सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान बामनिया नीमच सिटी में पीपली चौक सहित कई क्षेत्रों के सहित नीमच कैंट के प्राइवेट बस स्टैंड, महू रोड, हुडको कॉलोनी, विकास नगर सहित अनेक क्षेत्रों में पहुंची और व कर्मचारियों को कार्य में लापरवाही न बरतने की चेतावनी देते हुए कार्य के दौरान अपने क्षेत्र में ड्रेस कोड में उपस्थित रहने के निर्देश दिए।

# कलेक्टर द्वारा विभिन्न मामलों में जनसुनवाई की गई

दैनिक अवन्तिका ▶▶ नीमच



कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह द्वारा मंगलवार को प्रशासनिक संकुल भवन के सभाकक्ष में विभिन्न मामलों में जनसुनवाई की गई। उज्जैन तहसील के ग्राम कडछली में रहने वाले राजाराम ने आवेदन दिया कि गांव में एक महिला के द्वारा उन्हें और अन्य रहवासियों द्वारा ग्रामीण आबादी की ओर आवागमन के मुख्य मार्ग पर अतिक्रमण कर लिया गया है। जिस वजह से उन्हें गांव में आने जाने में बहुत समस्या हो रही है। इस पर तहसीलदार उज्जैन ग्रामीण को उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। नागदा के ग्राम निनावटखेडा निवासी जगदीश ने आवेदन दिया कि गांव में स्थित शासकीय मार्ग पर एक व्यक्ति के द्वारा मकान का निर्माण कर लिया गया है। जिस वजह से उन्हें और अन्य ग्रामवासियों को कृषि कार्य करने के लिए अपने-अपने खेतों से जाने में बहुत असुविधा हो रही है। अतः उक्त मार्ग को पुनः प्रारंभ करवाया जाए। इस पर एसडीएम नागदा को मामले की जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। खाचरौद के ग्राम बरथून निवासी अशोक ने आवेदन दिया कि उनके द्वारा कुछ समय पूर्व कृषि भूमि क्रय की गई थी। परंतु आज दिनांक तक भूमि का नामांतरण नहीं किया गया है। इस पर एसडीएम खाचरौद को शीघ्र कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। उज्जैन निवासी श्यामाबाई ने आवेदन दिया कि वे गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करती है तथा उनके द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत पूर्व में कई बार आवेदन किए जा चुके है परंतु उन्हें योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। इस पर नगर निगम उज्जैन के आवास योजना प्रभारी अधिकारी को नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। उज्जैन निवासी मोहिनी बाई पति स्व. भागीरथ ने आवेदन दिया कि उनके स्वामित्व की कृषि भूमि का सीमांकन काफी समय बीत जाने के बावजूद नहीं किया गया है। इस पर तहसीलदार उज्जैन शहर को समय सीमा में कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। इसी प्रकार सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांस कूमट, एडीएम श्री अतेंद्र सिंह गुर्जर एवं अन्य अधिकारियों द्वारा विभिन्न मामलों में जनसुनवाई की गई।

### नपाध्यक्ष के हाथों 14.69 करोड़ की योजना का भूमि पूजन संपन्न

**नीमच।** नपाध्यक्ष श्रीमती स्वाति गौरव चोपड़ा के मार्गदर्शन में शहर में जारी विकास श्रृंखला के तहत महाशिवरात्रि पर्व पर सांसद श्री सुधीर गुप्ता,विधायक श्री दिलीप सिंह परिहार, भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती वंदना खंडेलवाल, नपाध्यक्ष श्रीमती स्वाति गौरव चोपडा, जलकल सभापति श्रीमती छाया जायसवाल सहित अन्य अतिथिगणो ने बघाना क्षेत्र को भी सिवरेज की सौगात देते हुए अमृत 2.0 योजना अंतर्गत बघाना में 14 करोड़ 69 लाख की लागत वाले सीवरेज कार्य का भूमि पूजन किया।

## वन अधिकार अधिनियम पर क्षमता निर्माण प्रशिक्षण आयोजित




**आलीराजपुर।** जिले में वन अधिकार अधिनियम 2006 के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर कलेक्ट्रेट ऑडिटोरियम में क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य अधिनियम के प्रावधानों, सामुदायिक वन अधिकारों तथा धारा 3(1) के अंतर्गत सामुदायिक वन संसाधनों के संरक्षण एवं प्रबंधन के अधिकारों की मान्यता विषय पर अधिकारियों-कर्मचारियों को विस्तृत जानकारी प्रदान करना रहा। प्रशिक्षण सत्र में विषय विशेषज्ञ अधिकारियों ने जिले के संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अधिनियम के प्रमुख प्रावधानों, सामुदायिक वन अधिकारों की दावा प्रक्रिया, ग्राम स्तरीय समितियों की भूमिका तथा वन संसाधनों के संरक्षण एवं प्रबंधन से जुड़े व्यवहारिक पहलुओं पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया। साथ ही अधिकारों की मान्यता एवं उनके प्रभावी क्रियान्वयन हेतु आवश्यक प्रक्रियाओं और विभागीय समन्वय पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने वन अधिकार अधिनियम 2006 के विभिन्न आयामों पर विस्तृत चर्चा की तथा उपस्थित अधिकारियों-कर्मचारियों से अधिनियम की पूर्ण जानकारी लेकर जमीनी स्तर पर पारदर्शी एवं प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का आह्वान किया। प्रशिक्षण में संयुक्त कलेक्टर श्री मनोज गरवाल, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्री संजय परवाल, मास्टर ट्रेनर श्री समाधान पाटिल, श्री शंकर तड़वाल, श्री अविनाश मंटूर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## शिवसेना के जन आंदोलन व विरोध प्रदर्शन का दूसरा दिन




**बड़नगर ।** शिवसेना द्वारा नगर की विभिन्न समस्याओ को लेकर स्थानीय नगर पालिका द्वार के बाहर किये जा रहे जन आंदोलन व विरोध प्रदर्शन के दूसरे दिन मंगलवार को मुख्य नगर पालिका अधिकारी मंशाराम निगवाल द्वारा कर्मचारियों के साथ आकर सभी मांगो पर कार्यवाही प्रारम्भ किये जाने की बात बात आमजन के बीच माइक से कहीं इसके पश्चात शिवसेना द्वारा धरना समाप्त किया। ज्ञात रहे कि सोमवार को किये गए विरोध प्रदर्शन के दौरान शिवसेना द्वारा नगर पालिका अध्यक्ष व सीएमओ को चूड़ियाँ भेंट करने व पहनाने की चेतावनी से भय व्याप्त था। जिसको लेकर नगर पालिका अधिकारी द्वारा स्थानीय थाना प्रभारी को पत्र जारी कर पुलिस बल की मांग की थी। मंगलवार को प्रशासन हरकत में आकर आनन फानन में त्वरित कार्यवाही करने की बात कही। इसके बाद शिवसैनिको ने आंदोलन समाप्त किया। युवा शिवसेना के प्रदेश अध्यक्ष प्रभात पुरानिया ने कहा की आमजन की उक्त मांगो को लेकर शिवसेना लड़ाई जारी रखेगी। अगर जिम्मेदार कार्यवाही नहीं करेंगे तो शिवसेना सड़को पर उतरेगी और उग्र आंदोलन करने की चेतावनी उपस्थित अधिकारी कर्मचारी को दी। साथ ही श पुरानिया ने कहा कि नगर पालिका अध्यक्ष की आम जन के प्रति व नगर विकास के प्रति उदासीनता से हमारे नगर का विकास गर्त में जा रहा है और पिछड़ता जा रहा है। जिम्मेदार अध्यक्ष दूसरे दिन भी आम जन के बीच नहीं पहुंचे, ये उनकी निष्क्रियता को दशार्ता है। पुरानिया ने उपस्थित अधिकारी गणों व आमजन को साधुवाद व सहयोग हेतु आभार व्यक्त कर आंदोलन समाप्त किया। उक्त जानकारी नगर प्रमुख संतोष बगैरवाल ने दी।

## जनशिकायतो के त्वरित और प्रभावी निराकरण के दिए निर्देश

**बड़वानी।** कलेक्टर कार्यालय में प्रति मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई में आज जिले के कुल 65 आवेदको ने आवेदन शिकायतो के निराकरण हेतु आये । जिनकी सुनवाई जिला पंचायत सीईओ सुश्री काजल जावला एवं अपर कलेक्टर श्री सोहन कनाश द्वारा की गई। जिन आवेदनों का तत्काल मौके पर निराकरण संभव था, उन्हें मौके पर एवं शेष के निराकरण के लिये समय सीमा तय कर आवेदनो का निराकरण करने के संबंधित विभाग के प्रमुखों को दिये गये । जनसुनवाई में अंजड़ नगर निवासी उमाबाई पति स्व. सुरेश ने आवेदन देकर बताया कि उनके पुत्र का हार्निया की बीमारी का आपरेशन कराना है। डॉक्टर द्वारा आपरेशन का खर्च 55 हजार रुपये बताया जा रहा है। उनकी आर्थिक स्थिति ऐसी नही है कि वे अपने पुत्र का ईलाज करा सके। अतः मुख्यमंत्री सहायता कोष के तहत उन्हे आर्थिक सहायता राशि दिलवाई जाये जिससे कि उनके पुत्र का ईलाज हो सके।

# वाटरशेड से लाभांवित किसान ने नगदी फसलों से अपनी आय में करे बढ़ोतरी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ नीमच

जिले के जावद विकासखंड की ग्राम पंचायत दौलतपुरा जाट के ग्राम कीरता निवासी सीमांत कृषक मुकुंददास बैरागी ने वर्षों से परम्परागत खेती पर ही निर्भर होने के कारण परिश्रम का उतना प्रतिफल उन्हें नही मिल पा रहा था। उनकी आपकी आय भी बहुत सीमित थी।

प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत संचालित वाटरशेड विकास कार्यक्रम ने मध्य प्रदेश के सीमांत किसानों के लिए जल संरक्षण, मृदा सुधार एवं आय-वृद्धि के नए अवसर सृजित किए है। कलेक्टर हिमांशु चन्द्रा एवं जिला पंचायत सीईओ अमन वैष्णव के मार्गदर्शन में वाटरशेड की टीम ने स्वयं कृषक के घर एवं खेत पर पहुँचकर आवश्यक दस्तावेज एकत्रित किए और योजना का लाभ प्रदान किया तथा सीधे उनके बैंक खाते में कुल राशि 23,200 रुपए की वित्तीय सहायता प्रदाय की।

वाटरशेड योजना के तहत लाभावित हितग्राही को वाटरशेड टीम के विशेषज्ञों ने ड्रिप सिंचाई एवं मल्चिंग जैसी जल-संरक्षण एवं लागत-कम करने वाली उन्नत तकनीकों को अपनाने हेतु प्रोत्साहित किया। इन तकनीकों के प्रयोग जल की बचत, खरपतवार नियंत्रण में सहायता, फसल की उत्पादकता में वृद्धि होने के साथ ही कुल लागत में कमी आई। जल संरक्षण एवं वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों से प्रेरित होकर किसान मुकुन्द दास बैरागी ने आपने अपनी 1.25 बीघा जमीन में परंपरागत फसलों के स्थान पर टमाटर की उन्नत खेती करने का निर्णय लिया।

उन्नत किस्म के बीजों का चयन, संतुलित पोषण प्रबं, जैविक एवं रासायनिक कीटनाशकों का समुचित उपयोग, ड्रिप सिंचाई प्रणाली, तार फेंसिंग कर फसलों की सुरक्षा में लगभग 60 हजार से 70 हजार की लागत आई। समय पर रोपाई, फसल की नियमित निगरानी तथा वैज्ञानिक कीट-रोग प्रबंधन के परिणामस्वरूप टमाटर की गुणवत्ता एवं उत्पादन में उल्लैखनीय वृद्धि हुई। उत्पादित फसल का विपणन निंबाहेड़ा मंडी में किया।

इस उन्नत खेती से कृषि श्री बैरागी का लगभग 3.5 लाख 2/3 लाख तक का शुद्ध लाभ प्राप्त हुआ। यह सफलता केवल कृषक श्री मुकुंददास बैरागी की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने तक सीमित नहीं रही, बल्कि क्षेत्र के अन्य सीमांत किसानों के लिए भी प्रेरणा स्त्रोत बनी है। किसान मुकुन्ददास बैरागी का कहना है, कि यदि किसान केवल मूंगफली, सोयाबीन, गेहूं एवं चना जैसी पारंपरिक फसलों पर निर्भर न रहकर आधुनिक नगदी फसलों को अपनाएं तथा जल संरक्षण तकनीक, उन्नत बीज और बाजार से जुड़ाव पर ध्यान दें, तो कम भूमि में भी अधिक आय अर्जित की जा सकती है।

# घास की रस्सी बनाकर 200 परिवार हुए आत्मनिर्भर, वन विभाग की योजना से संवर रहा है गांव के लोगों का जीवन

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

वन विभाग द्वारा आयोजित श्री महाकाल वन मेले में वन परिक्षेत्र गाडरवारा वनमंडल नरसिंहपुर के ग्राम गोटीटोरिया गांव की सतपुडा बावेर हस्तकला केंद्र द्वारा वन उत्पाद के तहत बावेर घास से रस्सी बनाने और लकड़ी के माध्यम से सजावटी सामान बनाने का स्टॉल लगाया है। परंपरागत रूप से पहाड़ी क्षेत्र में मिलने वाली बावेर घास का उपयोग कर गोटीटोरिया गांव के करीब 200 परिवारों ने हेण्डीक्राफ्ट निर्माण कार्य शुरू किया है। कलात्मक वस्तुओं का निर्माण कर महिलाएं भी आत्मनिर्भर बनी है।दशहरा मैदान पर आयोजित श्री महाकाल वन मेले में वन परिक्षेत्र गाडरवारा वनमंडल नरसिंहपुर के सतपुडा बावेर हस्तकला केंद्र का स्टॉल लगा है। वन परिक्षेत्र गाडरवारा के वन रंक्षक श्री अमन खरे ने बताया कि वन विभाग द्वारा समिति बनाकर वर्ष 2003 से बावेर घास से रस्सी का निर्माण की कार्ययोजना शुरू की थी। इस कार्य में ग्राम गोटीटोरिया के लोगों को जोडकर परंपरागत रुप से पहाड पर मिलने वाली बावेर घास के माध्यम से रस्सी बनाने की प्रक्रिया शुरू की गई। समिति द्वारा 19 गांव के 200 परिवार को 41 हस्तचलित व इलेक्ट्रिक घास बनाने की मशीन देने के बाद प्रतिवर्ष 1 हजार क्विंटल बावेर घास की रस्सी का उत्पादन हो किया जाता है। जिसका वार्षिक टर्नओवर करीब 50 लाख रुपए है। वनरंक्षक श्री खेर ने बताया कि सामान्यतः कच्चे माल के रूप में बावेर घास वन विभाग की समिति द्वारा 22 किलो पर खरीदी कर समिति के माध्यम से रस्सी बनाने के काम में जुटे लोगों को दी जाती है। करीब 100 किलो घास में 95 किलो रस्सी का निर्माण किया जाता है। खास बात यह है कि रस्सी बनने के बाद इसकी खरीदी भी वन विभाग के द्वारा की जाती है। बावेर की रस्सी वन विभाग द्वारा बांस बंडल बांधने के काम में उपयोग लाई जाती है। गांव वालों को केवल रस्सी बनाने के काम के एवज में ही 10 से 12000 प्रति माह की आमदनी हो रही है। वन विभाग की समिति द्वारा गांव की महिलाओं को एनटीपीसी के माध्यम से प्रशिक्षण भी दिलाया गया। इसके बाद घरेलू कामकाज के बाद महिलाएं घास और लकड़ी से रोटी टोकरी, गुलदस्ते सहित सजावटी सामान बनाने के काम में जुटी रहती है। जिससे महिलाओं की आर्थिक स्थिति भी सुदृढ हुई है।

खास न्यूज़

## चलती ट्रेन में बैंक मैनेजर की तबीयत बिगडने के बाद मौत



उज्जैन। भोपाल के अवधपुरी में रहने वाले धीरज पिता अरूण पाटिल 54 साल बैंक ऑफ बडौदा बासवाडा ब्रांच में मैनेजर थे। सोमवार शाम को भोपाल से रतलाम के लिये जयपुर-भोपाल एक्सप्रेस में सवार होकर निकले थे। मंगलवार को उन्हे ड्युटी ज्वाइन करना थी। लेकिन सफर के दौरान उनकी तबीयत बिगड गई। वह ट्रेन में ही अचेत हो गये थे। ट्रेन के उज्जैन स्टेशन पहुंचने पर यात्रियों की सूचना पर रात में जीआरपी प्लेटफार्म पर पहुंची और धीरज पाटिल को चरक अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया और हार्ट अटैक की आशंका जताई। जीआरपी ने शव को पोस्टमार्टम कक्ष में रखा और उनके पास मिले दस्तावेजों के आधार पर परिजनों को सूचना दी। देवास से रिश्तेदार उज्जैन पहुंच गये थे। मंगलवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया। रिश्तेदार मयंक परमार ने बताया कि भोपाल से रतलाम पहुंचने के बाद धीरज पाटिल को बस से बासवाडा के हेजमल शाखा पहुंचना था।

## मौसी के लडके ने मारपीट कर दी जान से मारने की धमकी

**उज्जैन।** महिदपुर थाना क्षेत्र के ग्राम धाराखेडा में बीती रात विरेन्द्र पिता गोविंद मोबिया 18 साल के साथ उसकी मौसी के लडके राजेश ने मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। विरेन्द्र ने मामले की शिकायत पुलिस को दर्ज कराई और बताया कि राजेश गाली-गलौच करते हुए कहा कि तेरी नानी ने मेरे मामा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज क्यों कराई है। उसे गाली देने से मना किया और नानी से बात करने को कहा तो उसने डंडे से हमला कर दिया। पुलिस के अनुसार मामले में प्रकरण दर्ज कर मारपीट करने वाले की तलाश की जा रही है।

## गांधीनगर में बदमाश ने किया बाइक चोरी का प्रयास

**उज्जैन।** चिमनगंज थाना क्षेत्र के गांधीनगर में अब्दुल कलाम गेट के पास सोमवार-मंगलवार रात बदमाश द्वारा बाइक चोरी का प्रयास किया गया। बदमाश ने पहले बाइक पर डला कवर हटाया और लॉक तोडने की कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हुआ। बदमाश बाइक का कवर लेकर चला गया। सुबह बाइक मालिक को कवर दिखाई नहीं दिया तो उसने वहां लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे। जिसमें बाइक चोरी का प्रयास होना सामने आया। मामले की सूचना पुलिस को दी गई है। पुलिस फुटेज के आधार पर जांच कर रही है।

## संदिग्ध हालत में 20 साल की युवती की हुई मौत

**उज्जैन।** महिदपुररोड के ग्राम श्रवणखेडा में रहने वाली 20 वर्षीय युवती राधा पिता अनोखीलाल प्रजापत को सोमवार शाम परिजन आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे थे। परिजनों ने बताया कि पेट दर्द होने पर उसने गोली खाई थी, जिसके बाद तबीयत बिगडी है। युवती को उपचार के लिये भर्ती किया गया, लेकिन मंगलवार तडके उसकी मौत हो गई। आशंका जताई गई उसने जहरीला पदार्थ खाया था। मामले की सूचना चिमनगंज थाना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मामला संदिग्ध होने पर मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया है। रिपोर्ट आने पर मौत की वजह सामने आ पायेगी।

## करंट लगने से हुई मौत के मामले में दर्ज हुआ प्रकरण

**उज्जैन।** भाटपचलाना थना क्षेत्र के ग्राम माधौपुरा में करंट लगने से सदिर पिता अब्बास 45 साल की 11 फरवरी को मौत हो गई थी और अरब अली झुलस गया था। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया था। 6 दिनों की जांच के बाद सामने आया कि माधौपुरा में रहने वाले दाऊद पटेल ने घर की लाईट चालू करने के लिये अनाधिकृत तरीके से शेरू पटेल के खेत में लगे बिजली के खंबे से तार डाले थे और अरब अली के साथ सदिर पटेल के खेतों के पास बने सेडे से अपने घर तक ले गया था। तार कटे होने पर दोनों को करंट लगा था। पुलिस ने दाऊद पटेल के खिलाफ लापरवाही से क्षतिग्रस्त तार सेडे पर बिछाने के मामले में प्रकरण दर्ज किया है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 680-3 | 380-1 |
| मेन बाजार | 378-8 | 249-5 |
| कल्याण नाइट | 669-1 | 279-8 |
| मिलन डे | 380-1 | 469-9 |
| मिलन नाइट | 248-4 | 258-5 |
| मधुर डे | 255-2 | 290-1 |
| मधुर नाइट | 345-2 | 177-5 |
| शुभांक | 4 5 | 0 |

# उत्तरप्रदेश के 7 लोगों ने युवक से ठगे 40 लाख

## मेडिकल खोलने का दिया था झांसा, लखनऊ में होना बताई थी कंपनी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

उत्तरप्रदेश लखनऊ के 7 लोगों ने मिलकर युवक के साथ 40 लाख की धोखाधडी कर दी। सभी ने मेडिकल की फ्रेंचाइसी देने की बात कहीं थी और प्रतिमाह 2 लाख से अधिक का मुनाफा होने का झांसा दिया था। पुलिस ने मामले में धोखाधडी का प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

नानाखेडा थाना प्रभारी नरेन्द्र यादव ने बताया कि किर्ती नगर में रहने वाले लव पिता गणपतलाल बामनिया ने शिकायती आवेदन देकर बताया था कि नवम्बर 2024 में उसका संपर्क तस्कर ग्लोबल प्रायवेट लिमिटेड 1/73 फेस सेकेंड ट्रासपोर्ट नगर शिवानी पब्लिक स्कूल के पास लखनऊ से हुआ था। उक्त लिमिटेड कंपनी ने मेडिकल खोलने की फ्रेंचाइसी देना बताया था। संपर्क होने के बाद कंपनी से जुडे सौरभ मिश्रा ने खुद को डायरेक्टर बताते हुए दवाईयों के साथ कुछ जांच उपकरण देने की बात कहीं। चर्चा होने के बाद कंपनी के विकास पाल, सूर्यकांत मिश्रा, प्रसून पाल और दिनेश, अंकित और उत्कर्ष कश्यप से भी संपर्क हुआ। सभी उज्जैन आये और मेडिकल खोलने की जगह के बारे में



जानकारी ली। उसने किराये से मेडिकल की जगह लेना बताया। पहले उससे 472 लाख का चैक लिया गया। फिर अलग-अलग समय पर रूपये लेते रहे। करीब 40 लाख से अधिक लेने के बाद उन्होने कुछ दवाईयां और जांच उपकरण भेजे। उसने किराये की जगह लेकर मेडिकल खोल लिया। बावजूद वह रूपयों की मांग करते रहे। उसने रूपये देने से मना किया तो सभी ने संपर्क करना बंद कर दिया। अब उनके मोबाइल भी बंद आ रहे है। लव बामनिया का कहना था कि उसे काफी आर्थिक नुकसान हुआ है। शिकायत की जांच के बाद मामले में तस्कर ग्लोबल से जुडे 7 से 8 लोगों के खिलाफ अमानत में खयानत कर धोखाधडी का प्रकरण दर्ज किया है।

### 12 प्रतिशत कमीशन, 2 लाख माह मुनाफा

लव ने बताया कि तस्कर ग्लोबल कंपनी से संपर्क होने के बाद कंपनी से जुडे डायरेक्टर, सेल्समेन और अन्य लोगों ने दवाईयों पर 12 प्रतिशत कमीशन मिलने के साथ प्रतिमाह 2 लाख से अधिक का मुनाफा होने का झांसा दिया था। कंपनी द्वारा विज्ञापन जारी किया गया था, जिसके माध्यम से उनसे संपर्क किया था। लाखों रूपये देने और खर्च करने के बाद ना तो पर्याप्त दवाईयां भेजी गई, ना ही जांच के सभी उपकरण दिये गये।

### पांच लाख मांगे तो ठगी का हुआ आभास

लव बामनिया ने बताया कि 2024 से 2025 तक उसने रूपये दिये। जब दवाईयां भेजने की बात कहीं गई तो उन्होने अंकित सेन का नम्बर भेज 5 लाख रूपये ओर मांगे। उसके बाद ही सामान भेजने की बात कहने लगे। उसने अब तक दिये रूपये लौटाने की बात कहीं तो साफ इंकार कर दिया। जिसके बाद उसे आभास हुआ कि उसके साथ धोखाधडी हुई है।

# मालगोदाम के पास अतिक्रमण गैंगकर्मी के साथ मारपीट

## पुलिस ने एक को किया गिरफ्तार, 2 मौके से भागे

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

रेलवे स्टेशन के सामने अवैध अतिक्रमण हटाने मंगलवार को नगर निगम की गैंग पहुंची थी। जहां ठेला लगाने वाले ने विवाद किया और अपने साथियों के साथ मिलकर गैंगकर्मी के साथ मारपीट की। पुलिस ने एक को गिरफ्तार कर लिया। 2 मौके से भाग निकले थे। निगम गैंग कर्मी की शिकायत पर मारपीट का प्रकरण दर्ज किया गया है।

देवासगेट थाना पुलिस ने बताया कि नगर निगम की अतिक्रमण गैंग में शामिल चंचल पंवार, आनंद भैरवे, नवीन मालवीय, राजेन्द्र और करण खत्री रेलवे स्टेशन मुख्य मार्ग पर अवैध ठेले-गुमटी वालों का अतिक्रमण हटाने पहुंचे थे। निगम की गैंग रेलवे स्टेशन से अतिक्रमण हटाते हुए माल गोदाम तक पहुंची। जहां चाय का ठेला लगा हुआ था। जिसे हटाने के लिये कहा तो ठेला लगाने वाले शिवम पांडे ने अपने 2 साथी राज यादव और आजाद के साथ मिलकर विवाद शुरू कर दिया। गैंग कर्मी चंचल पंवार उन्हे समझाने पहुंचा और मार्ग में बाधा उत्पन्न होने की बात कहीं तो तीनों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। वह चाकू लेकर मारने दौडे। तभी अन्य गैंग कर्मियों ने बीच-बचाव किया।

मारपीट और विवाद की खबर देवासगेट थाना पुलिस को मिली तो मौके पर पहुंची। राज यादव और आजाद मौके से भाग निकले। पुलिस ने शिवम पांडे निवासी अशोकनगर को हिरासत में ले लिया। मामले में गैंग कर्मी चंचल ने मामले की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने शिवम को गिरफ्तार किया और कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया।

### स्थाई वारंटी गिरफ्त में आया

देवासगेट थाना पुलिस ने मंगलवार को मारपीट के मामले में कोर्ट से स्थाई वारंट जारी होने पर फरार चल रहे आरोपी अमित उर्फ राका पिता नंदलाल ठाकुर निवासी नीलगंगा कब्रिस्तान को भी गिरफ्तार किया। अमित उर्फ राका लम्बे समय से फरार था। दोपहर में सूचना मिली थी कि वह चामुंडा माता चौराहा पर घूम रहा है। पुलिस ने उसे भी कोर्ट में पेश किया और जेल भेजा है।

### हंगामा करने वाले भी गिरफ्त में

देवासगेट बस स्टेंड पर मंगलवार दोपहर को 2 युवक आपस में लेनदेन की बात पर विवाद कर रहे थे। उनका विवाद इतना बड गया कि मारपीट शुरू हो गई। जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया। पुलिस को विवाद की खबर मिली तो तत्काल बस स्टेंड पहुंची और दोनों युवको को गिरफ्तार किया। युवक दीपक पिता इंदरसिंह परमार लोहिया मार्ग शाजापुर और संतोष पिता मांगीलाल परमार निवासी कनासिया नाका मक्सीरोड होना सामने आये। दोनों के खिलाफ शांतिभंग करने का प्रकरण दर्ज कर जेल भेजा गया है।

# मेले में चलते झूले पर मधुमक्खियों का हमला

### 3 बच्चों की हालत गंभीर, कई लोग हताहत

**उज्जैन।** नागदा में मंगलवार को बडा हादसा हो गया। मेले में चलते झूले पर मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। 3 बच्चे गंभीर घायल हो गये। कई लोग हताहत हुए है। मेले में अफरा-तफरी का माहौल बन गया था।

बताया जा रहा है कि नागदा के मुक्तेश्वर महादेव मंदिर परिसर में महाशिवरात्री का मेला लगा हुआ है। मंगलवार दोपहर को मेले में झूला चल रहा था और कई बच्चे, युवा लुफ्त उठा रहे थे, उसी दौरान अचानक मधुमक्खियों के झुंड ने हमला कर दिया। कुछ देर में ही चिल्ला-पुकार मच गई। झूले की रफ्तार तेज थी उसे रोका गया तब तक कई लोग हताहत हो गये थे। तीन बच्चे उमेश 13 साल, नैतिक 13 साल और शिवनारायण 15 साल निवासी ग्राम बनबना गंभीर घायल हो चुके थे। तीनों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उपचार के लिये आईसीयू में भर्ती किया गया है। तीनों एक ही परिवार के होना बताये गये है। कई का प्राथमिक उपचार किया गया है। झूले पर मधुमक्खियों का हमला होने पर पूरे मेले में अफरा-तफरी मच गई थी। झूले में बैठे बच्चों के परिजनों में भी हाहाकार मच गया था। मेला आयोजित करने वाली समिति और प्रशासन ने घटनाक्रम की जांच शुरू की है। इस बात का देर शाम तक पता नहीं चल पाया था कि मधुमक्खियों का झुंड कहा से आया था।

## हरिफाटक ब्रिज पर इंदौर की युवती ने खाया जहरीला पदार्थ

**उज्जैन।** हरिफाटक ब्रिज पर मंगलवार शाम इंदौर की युवती ने जहरीला पदार्थ खा लिया। ब्रिज पर यातायात पुलिस चौकी के जवानों ने उसे बेसुध हालत में देखा तो आटो चालक की मदद से चरक अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने युवती के मजिस्ट्रेट बयान तहसीलदार के माध्यम से कराये है। चरक अस्पताल में शाम को आटो चालक जावेद इंदौर के तृप्ती पैलेस की रहने वाली कोमल पिता दिलीप 22 साल को बेसुध हालत में लेकर पहुंचा था। कोमल ने जहरीला पदार्थ खाया था। आटो चालक ने बताया कि यातायात पुलिस जवानों को बेसुध हालत में हरिफाटक ब्रिज पर मिली है। ड्युटी कंपाउंडर ने मामले की सूचना महाकाल थाना पुलिस को दी। प्रधान आरक्षक मुनेन्द्र भदौरिया युवती के बयान दर्ज करने अस्पताल पहुंचे। जहां उसकी हालत चिंताजनक होने पर मजिस्ट्रेट बयान तहसीलदार स्तर पर कराये गये। प्रधान आरक्षक के अनुसार युवती से पूछताछ करने पर उसका कहना था कि वह सहेली से मिलने उज्जैन आई थी। काफी कॉल करने के बाद सहेली ने कॉल रिसिव नहीं किया तो डिप्रेशन में आ गई थी। वह अपने साथ जहरीला पदार्थ लेकर आई थी, जिसे खाया है। युवती के बयान दर्ज कर पुलिस द्वारा उसकी बहन कविता से संपर्क कर जानकारी दी गई है। रात में परिजन उज्जैन पहुंच गये थे। परिजनों से पूछताछ के बाद ही कोमल के जहरीला पदार्थ खाने की जानकारी स्पष्ट हो पायेगी।

# पत्नी के प्रेम प्रसंग से प्रताड़ित होकर पति ने लगाई थी फांसी

**उज्जैन।** फांसी लगाकर आत्महत्या करने वाले युवक के मामले में मंगलवार को पुलिस ने उसकी पत्नी को गिरफ्तार किया है। युवक ने पत्नी के अवैध प्रेम प्रसंग से प्रताडित होकर मौत को गले लगाया था।



बड़नगर थाना क्षेत्र की नागेश्वर धाम कालोनी में रहने वाले राजेश पिता भगवान राठौर 35 साल ने 6 फरवरी को घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने मृतक का शव भाई शिवनारायण की सूचना पर बरामद कर मर्ग कायम किया था। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के बयान दर्ज किये गये। इस दौरान सामने आया कि मृतक राजेश की पत्नी सोनिया की वजह से उसने फांसी लगाई है। सोनिया ने उसे आत्महत्या के लिये उकसाया था। परिजनों के बयान दर्ज करने के बाद जांच शुरू की गई।

जिसमें सामने आया कि सोनिया का अन्य व्यक्ति के साथ अवैध प्रेम प्रसंग चल रहा था। वह लगातार मोबाइल पर उससे बात करती थी। राजेश ने पत्नी को बातचीत करते पकड लिया था। जिसके बाद से दोनों के बीच विवाद होने लगे थे। राजेश मानसिक रूप से प्रताडित हो चुका था। थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि जांच और तथ्यों के आधार पर पति को आत्महत्या के लिये उकसाने वाली पत्नी के खिलाफ धारा 108 बीएनएस का प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया गया और कोर्ट में पेश किया गया। जहां से न्यायिक हिरासत में भेजने के आदेश जारी होने पर जेल भेजा गया है। मामले की जांच और परिजनों के बयान दर्ज करने में एसआई सुरेन्द्रसिंह गरवाल, एएसआई गोवर्धनदास बैरागी, प्रधान आरक्षक हेमराज खरे, राहुलसिंह राठौर, आरक्षक महेश मार्य, महिला आरक्षक ज्योति हाडा का सहयोग रहा।

## ग्राम रूपेटा में 2 बाइक की भिडंत, 3 की मौत

**उज्जैन।** नागदा-महिदपुर मार्ग पर सोमवार रात 2 बाइक में आमने-सामने की भिडंत हो गई। एक बाइक पर सवार 2 लोगों की मौके पर मौत हो गई। दूसरी बाइक पर सवार युवक ने अस्पताल में दम तोडा। तीनों का मंगलवार सुबह पोस्टमार्टम कराया गया। नागदा थाना पुलिस ने बताया कि ग्राम रूपेटा के पास 2 बाइक में सीधी भिडंत हो गई थी। दुर्घटना के बाद दोनों बाइक के परखच्चे उड गये थे। वहीं तीन लोग गंभीर घायल हुए थे। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। इस दौरान सामने आया कि 2 की मौत हो चुकी है। एक की सांसे चली रही है। उसे तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन कुछ देर बाद उसकी भी मौत हो गई। तीनों की पहचान करने पर सामने आया कि मृतकों में 2 देपालपुर के रहने वाले जैनुल आबेदीन और अनवर है। वहीं दूसरी बाइक पर राहुल गुर्जर सवार था। जैनुल इंजीनियरिंग के साथ सोफे बनाने का काम करता था। अनवर उसका कर्मचारी था। दोनों महिदपुररोड जा रहे थे। वहीं राहुल गुर्जर मूलरूप से हरियाणा का रहने वाला है और नागदा पोस्ट आफिस में कर्मचारी था। पुलिस ने मंगलवार सुबह मृतकों के परिजनों के आने पर पोस्टमार्टम कराया।

## स्कूल में परीक्षा के दौरान बच्चों से धुलवाए बाथरूम

**उज्जैन।** मध्य प्रदेश के स्कूलों में परीक्षा के दौर में शाजापुर जिले के वायरल विडियों ने शासकीय स्कूलों की पोल खोलकर रख दी है। शाजापुर शासकीय माध्यमिक विद्यालय पिपलिया गोपाल में परीक्षा के दौरान स्कूली छात्रों से शिक्षकों के द्वारा बाथरूम साफ करवाया गया हैं तो किसी से सफाई करवाई जा रही हैं। इस पूरे मामले का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किया गया है। मामला शाजापुर जिले के पिपलिया गोपाल शासकीय माध्यमिक विद्यालय का है जहां परीक्षा के दौरान शिक्षकों ने छात्रों से गंदी शौचालय में सफाई करवाई और साथ ही कमरों में भी सफाई करने की बात छात्र कह रहे हैं।

## जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार पी.एन.बी. हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड शाखा ऑफिस न. 103 प्रथम मंजिल स्मार्ट ट्रेड भोज मार्ग, फ्रीगंज उज्जैन म.प्र. की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भूखण्ड क्रमांक एस-15 जो कि भूमि सर्वे क्रमांक 135 स्थित ग्राम पंवासा मक्सी रोड़ तहसील व जिला उज्जैन में स्थित है। जिसका कुलक्षेत्रफ ल 300 वर्गफीट है। जिसके पूर्व मे-रास्ता, पश्चिम में- भूखण्ड क्रमांक एस-12 का भाग, उत्तर में- भूखण्ड क्रमांक एस-13 व एस-14 का भाग, दक्षिण में- भूखण्ड क्रमांक एस-16 का भाग स्थित है। उक्त सम्पत्ति प्रमोदशंकर खण्डेलवाल पिता स्व. श्री बालगंगाधर जी खण्डेलवाल ने इसके पूर्वस्वामी बसंतसिंह राजपुत एवं दीपसिंह राजपुत पिता श्री हरिसिंहजी से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक एमपी 432022016ए1205486 दिनांक 31/03/2016 के माध्यम से क्रय कि। एवं प्रमोदषंकर खण्डेलवाल ने उक्त भूखण्ड विक्रय करने का अनुबंध श्रीमती माया बाई सिसौदिया पति श्री विनोद सिसौदिया से किया है। एवं श्रीमति मायाबाई सिसौदिया ने उक्त संपत्ति पर ऋण प्राप्त करने हेतु पी.एन.बी. हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड में आवेदन किया है, तथा मेरे पक्षकार पी.एन.बी. हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड का उक्त संपत्ति पर बंधक ऋण प्रस्तावित है। अतः सूचित किया जाता हैं कि उक्त संपत्ति में अन्य किसी व्यक्ति का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त संपत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई ऋणभार हो या लेना-देना बकाया हो या उक्त संपत्तियों के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या कोई विवाद हो या परिवार के किसी सदस्य को आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत् रूप से मेंरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर पी.एन.बी. हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड द्वारा उक्त संपत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तथा ऋण स्वीकृत किया जाने की दशा में उक्त संपत्ति पर प्रथम ऋण भार पी.एन.बी. हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड का रहेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो। दिनांक 17/02/2026

**तेजपाल परिहार एडवोकेट**
**ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रमांक 87/3**
**तुलसी कॉम्पलेक्स विक्रम मार्ग टॉवर**
**चौराहा फ्रीगंज, उज्जैन मो. 9301860352**

## MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

**(An Agency of Panchayat & Rural Development Department, Govt. of M.P.)**
**3rd Floor, Vikas Bhawan, Arera Hills, Bhopal (M.P.)**
**(GST No. : 23AAATM9054A3ZX)**

**No./1581/22/D-12/NIT-Maint./2026** — **Bhopal, Dated : 17.02.2026**

### NOTICE INVITING TENDER No. 371/MTN/2026

Online Tenders for the following works are invited on the E-Procurement System portal **https://mptenders.gov.in** as detailed below :-

- **SSR Applicable ;- SSR issued by M.P Rural Road Development Authority effective from 01.01.2024 and amendments upto issue date of NIT.**
- **Table- 1, Name of Work : Repair/Maintenance of The Rural Roads For Five Years Constructed Under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna (Post 5 Year).**

| S. No. | Name of District | No. of Packages | Total PAC (in Rs.) |
|---|---|---|---|
| 1 | Ashoknagar | 2 | 9300896.00 |
| 2 | Agar Malwa | 1 | 10094430.00 |
| 3 | Balaghat | 1 | 14170602.00 |
| 4 | Bhind | 1 | 2426865.00 |
| 5 | Dewas | 1 | 12112370.00 |
| 6 | Guna | 2 | 8461393.00 |
| 7 | Mandsaur | 1 | 12025757.00 |
| 8 | Rewa | 1 | 8593507.00 |
| 9 | Satna | 1 | 28143821.00 |
| 10 | Seoni | 1 | 1732636.00 |
| 11 | Singrauli | 1 | 10354695.00 |
| 12 | Ujjain | 2 | 2770577.00 |
| 9 | Sagar | 1 | 13882844.00 |
| 10 | Sehore | 1 | 5339738.00 |
| 11 | Seoni | 1 | 16623220.00 |
| 12 | Shivpuri | 3 | 21838249.00 |
| 13 | Vidisha | 1 | 12459016.00 |

- **Table- 2, Name of Work : Repair/ Maintenance of The Rural Roads For Ten Years Constructed Under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna (Post 10 Year).**

| S. No. | Name of District | No. of Packages | Total PAC (in Rs.) |
|---|---|---|---|
| 1 | Alirajpur | 1 | 4035675.00 |
| 2 | Balaghat | 1 | 13744363.00 |
| 3 | Bhind | 1 | 3918081.00 |
| 4 | Chhindwara | 1 | 23334562.00 |
| 5 | Datia | 1 | 13958697.00 |
| 6 | Guna | 1 | 23601211.00 |
| 7 | Narmadapuram | 2 | 8055816.00 |
| 8 | Raisen | 3 | 12913814.00 |

- **Table- 3, Name Of Work : Repair/ Maintenance Of The Rural Roads For Fifteen Years Constructed Under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna (Post 15 Year).**

| S. No. | Name of District | No. of Packages | Total PAC (in Rs.) |
|---|---|---|---|
| 1 | Balaghat | 2 | 50235373.00 |
| 2 | Bhind | 1 | 7917193.00 |
| 3 | Dindori | 2 | 41788122.00 |
| 4 | Gwalior | 2 | 6630239.00 |
| 5 | Harda | 1 | 15123462.00 |
| 6 | Katni | 1 | 31893088.00 |
| 7 | Narmadapuram | 1 | 4744330.00 |
| 8 | Raisen | 1 | 5871137.00 |
| 9 | Sagar | 3 | 26768677.00 |
| 10 | Shajapur | 1 | 14650139.00 |
| 11 | Singrauli | 1 | 2177372.00 |

1. Tender document can be purchased only online from the above website from **23.02.2026 from 17:30 hrs.** and last date for online bid submission is **16.03.2026 (17:00 hrs.).**
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and tender document on the above mentioned portal and concerned PIU.

**CHIEF GENERAL MANAGER**
**(ADMIN./TENDER)**

M.P. Madhyam/124515/2026

''मेरी सड़क'' एप डाउनलोड कर फीडबैक देकर राष्ट्र के विकास में सहयोग दें।

# संपूर्ण बदलाव कैसे हो



जब हम चर्चा करते हैं कि परिवर्तन कैसे लाया जाए, तो उस परिवर्तन से हमारा तात्पर्य सामान्यतः सतही बदलाव से होता है। दृढ़ निश्चय, निष्कर्ष, विश्वास, नियंत्रण और झिझक के जरिये हम उस सतही लक्ष्य तक पहुंचने के लिए संघर्ष करते हैं, जिसे चाहते हैं; जिसके लिए हम लालायित हैं। हम यह उम्मीद लगाते हैं कि उस तक पहुंचने में अचेतन मन, हमारे मन के गहरे स्तर तक हमारी सहायता करेंगे। हमें लगता है कि यह आवश्यक है कि हम उन गहरे स्तरों को अनावृत्त करें, परंतु सतही स्तरों और तथाकथित गहरे स्तरों के बीच एक शाश्वत द्वंद्व है। मनोवैज्ञानिक इससे भली-भांति परिचित हैं।

क्या यह परिवर्तन लाएगा? क्या यह हमारे दैनिक जीवन का सर्वाधिक मूलभूत और महत्वपूर्ण प्रश्न नहीं है कि कैसे अपने आप में एक आमूल परिवर्तन लाया जाए? क्या सतही स्तर पर कुछ बदलाव वह परिवर्तन ला सकेगा? क्या चेतना के ह्यमैंह्न के विभिन्न स्तरों को समझना; अतीत अर्थात बचपन से आज तक के विभिन्न व्यक्तिगत अनुभवों को अनावृत करना; अपने माता-पिता, पूर्वजों व प्रजाति के सामूहिक अनुभवों का स्वयं में निरीक्षण करना; उस समाज विशेष की संस्कारबद्धता का अनुसंधान करना, जिसमें हम रहते हैं, क्या यह सब विश्लेषण ऐसा परिवर्तन ला पाएगा, जो छिटपुट सामंजस्य बिठाना भर न हो? मैं यह महसूस करता हूं और निस्संदेह आपको भी यह महसूस होता होगा कि व्यक्ति के जीवन में परिवर्तन आवश्यक है। एक ऐसा परिवर्तन, जो प्रतिक्रिया मात्र नहीं है, जो परिवेश की मांगों के दबाव और तनाव का परिणाम नहीं है। ऐसा परिवर्तन कैसे लाया जाए? मेरी चेतना मानव जाति के अनुभव का योग तो है ही, उसमें वर्तमान से मेरा अपना विशिष्ट संपर्क भी जुड़ा है; क्या वह चेतना परिवर्तन ला सकती है? क्या अपनी चेतना व गतिविधियों का मेरा अध्ययन मेरे मन को यूं स्थिर कर सकता है, ताकि वह बिना निंदा के निरीक्षण कर सके? क्या जो मैं हूं और मुझे जैसा होना चाहिए, इनके बीच द्वंद्व नहीं है? क्या द्वंद्व बुनियादी बदलाव ला सकता है? जो मैं हूं और जो होना चाहता हूं, उनके बीच अनवरत एक द्वंद्व चल रहा है। परिवर्तन अनिवार्य है, पर क्या इस परिवर्तन को मैं अपनी चेतना की समस्त प्रक्रिया की जांच-परख कर-के, दमन के विभिन्न प्रकारों का अभ्यास करके अनुशासन, संघर्ष द्वारा ला सकता हूं? ऐसी कोई प्रक्रिया आमूल परिवर्तन नहीं ला सकती। इसमें संशय की गुंजाइश नहीं है। तब फिर यह कैसे होगा? यह मनोवैज्ञानिक और सर्जनशील क्रांति तभी होती है, जब विचारक और विचार एक होते हैं। उनमें वह द्वैत नहीं होता, जिसमें विचारक विचार को नियंत्रित करता है। यह अनुभूति ही सर्जनशील ऊर्जा को मुक्त करती है।



सम्पादकीय

## तकनीक की ताकत

कृत्रिम बुद्धिमत्ता अर्थात आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अर्थात एआई के शिखर सम्मेलन का नई दिल्ली में शुरू होना ऐसी ऐतिहासिक घटना है, जिससे देश में एआई को बहुत बल मिलने वाला है। यहां यह तथ्य किसी खुशखबरी से कम नहीं कि एआई के मामले में दुनिया में भारत तीसरे स्थान पर है। भारत से आगे केवल अमेरिका और चीन हैं। स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय के ग्लोबल एआई वाइब्रेंसी टूल के अनुसार, भारत कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में दुनिया का तीसरा सबसे प्रतिस्पर्द्धी देश बनकर उभरा है। भारत के तेजी से बढ़ते तकनीकी तंत्र, उसके लिए उचित परिवेश और सशक्त प्रतिभाओं का इसमें बड़ा योगदान है। यह एक सर्वज्ञात तथ्य है कि भारत अच्छे कंप्यूटर इंजीनियरों का देश है। एआई के मोर्चे पर हमारे इंजीनियर बहुत अच्छा काम कर रहे हैं। हालांकि, यहां हमें बहुत कुछ करने की जरूरत है। ध्यान रहे, एआई के मोर्चे पर अमेरिका का वाइब्रेंसी स्कोर 78.6 है, जबकि चीन का 36.95 और भारत का स्कोर 21.59 है। हम एआई के मोर्चे पर दक्षिण कोरिया, ब्रिटेन, सिंगापुर, जापान, कनाडा, जर्मनी और फ्रांस सहित कई उन्नत अर्थव्यवस्थाओं से आगे चल रहे हैं।

भारत एआई में तीसरी सबसे बड़ी ताकत होने के साथ ही, चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भी है, इसलिए भी भारत में एआई शिखर सम्मेलन का आयोजन महत्वपूर्ण है। भारत ऐसा पहला देश है, जो विकसित नहीं है, पर जिसे एआई में विकसित माना जाता है। एआई शिखर सम्मेलन अब तक विकसित देशों में ही होते आए थे, यह पहला मौका है, तीसरी दुनिया के एक देश में आयोजन हो रहा है। यह विशाल आयोजन 16 फरवरी से शुरू हुआ है और 20 फरवरी तक चलेगा। इस ह्यइंडिया एआई इम्पैक्ट समिटह्न के साथ-साथ एक एक्सपो या मेले का आयोजन भी नई दिल्ली में हो रहा है। इस मेले में 13 देशों के पवेलियन हैं और कुल पवेलियन की संख्या 300 बताई जा रही है। इससे भी एआई क्षेत्र में भारत की बढ़ती अहमियत स्पष्ट हो जाती है। वाकई आज एआई के सहारे आम आदमी को मदद पहुंचाने, पृथ्वी की सुरक्षा करने और प्रगति सुनिश्चित करने की जरूरत है। यह शिखर सम्मेलन यदि आम आदमी को लाभ देने की दिशा में थोड़ी भी पहल कर सका, तो यह आयोजन सार्थक हो जाएगा। आज दुनिया के अनेक देश और विशेषज्ञ गौर से इस शिखर सम्मेलन की ओर देख रहे हैं।

### रामकृष्ण परमहंस की जयंती (18 फरवरी ) पर विशेष आलेख

# अध्यात्म की दिव्य ज्योति रामकृष्ण परमहंस

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत
अभ्युत्थानमधर्मस्य,तदात्मसृजाम्यहम।

श्रीमद् भगवद्गीता के अध्याय 4 ,श्लोक 7 में भगवान कृष्ण कहते हैं कि जब-जब धर्म की हानि होती है ,और अधर्म का उत्थान होता है ,तब -तब मैं इस धरा धाम पर अवतरित होता हूं ।




श्वेता नागर
(दैनिक अवन्तिका)


यह ईश्वरीय वाणी हमारी आस्था को यह बल देती है कि कोई परम शक्ति है जो हमें पतित होने से बचा रही है,और इसी परमशक्ति ने अपने दिव्य अंश - ज्योति को मानव शरीर में अंतरित कर सम्पूर्ण संसार को दिव्य आभा से आलोकित कर दिया।



वह दिव्य ज्योति थी राम कृष्ण परमहंस , जिन्हें दुनिया स्वामी विवेकानंद के गुरु के रूप में अधिक जानती है । मां काली की भक्ति ही जिनकी शक्ति थी ,ऐसे महान भक्त राम कृष्ण परमहंस का जन्म 18 फरवरी 1836 में पश्चिम बंगाल के कामारपुकुर गांव में माता चंद्रमणि देवी और पिता खुदीराम चट्टोपाध्याय के घर में हुआ । रामकृष्ण परमहंस का जन्म मानो राम और कृष्ण की आध्यात्मिक और धार्मिक धरोहर के अस्तित्व की रक्षा के लिए ही हुआ था।

धर्म , आस्था , पूजा पद्धति , और विश्वास को अंधविश्वास , चमत्कार , आडंबर , और पाखंड का नाम देकर सभ्य कहे जाने वाले अभिजात्य वर्ग द्वारा अपने कुतर्कों से अपमानित किया जा रहा था , तब

रामकृष्ण परमहंस ने अपने सर्वोच्च आध्यात्मिक ज्ञान से ईश्वर के अस्तित्व का अनुभव (साक्षात) किया और ईश्वर तक पहुंचने के लिए हर धर्म के मार्ग पर चलकर उनकी पूजा पद्धतियों को भी आत्मसात किया। ईसाई ,मुस्लिम ,बौद्ध और सिख धर्म की साधना उन्होंने उन्हीं की पद्धतियों से की । रामकृष्ण देव ने यद्यपि औपचारिक शिक्षा ग्रहण न की हो लेकिन उनकी यह उदार दृष्टि उन्हें प्रज्ञा के शिखर के उच्च बिंदु पर रखती है । यानी उन्होंने कभी भी किसी की आस्था पर प्रश्न चिन्ह नहीं लगाए न ही इस तरह के किसी विवाद में पड़े क्योंकि उनका मानना था ईश्वर एक है । एकं सद्विप्रा बहुधा वदन्ति ऋग्वेद का यह एक अत्यंत महत्वपूर्ण और प्रसिद्ध वैदिक वाक्य है। इसका अर्थ है, सत्य/परमेश्वर एक ही है, लेकिन विद्वान या ज्ञानी लोग उसे अलग-अलग नामों से पुकारते हैं।

केशव चंद्र सेन जो उस समय के अत्यधिक तर्कवादी

और बहुत विद्वान व्यक्ति थे । वे भी रामकृष्ण देव के प्रति समर्पित भाव रखते थे । उन्होंने एक बार रामकृष्ण देव से पूछा कि भगवान एक है तो फिर धर्म संप्रदायों में इतना पारस्परिक वाद - विवाद क्यों दिखाई देता है ?

तब रामकृष्ण देव ने बड़ा सुंदर उत्तर दिया कि जैसे पृथ्वी पर लोग हमारी जमीन और यह हमारा घर कहकर उसे घेरकर बैठ जाते हैं किंतु ऊपर वही एक अनंत आकाश है ,उसे कोई नहीं घेर सकता । लोग अज्ञानवश ऐसा निरर्थक वाद - विवाद करते हैं ।

दरअसल रामकृष्ण देव निरंतर अपनी दिव्य अनुभूति के अलौकिक संसार में ही विचरण करते रहते थे । अनहद नाद अध्यात्म में वह परम दिव्य ध्वनि है जिसे आत्म जागरण का संकेत माना जाता है । यह साधना की सर्वोच्च अवस्था है और रामकृष्ण देव अनहद नाद के आनंद में ही डूबे रहते ।

कबीर दास जी कहते हैं -
अनहद बाजे झिनक झिनकारा,
शब्द सुना बन झाड में प्यारा ।

अर्थात जब साधना चरम पर होती है तो बिना किसी वाद्य यंत्र के भीतर एक दिव्य ध्वनि ( अनहद नाद ) गूंजती है । जो मन को ईश्वर से जोड़ती है ।

निरंतर भाव समाधियों में लीन रहने वाले रामकृष्ण देव के दिव्य व्यक्तित्व को सामान्य व्यक्ति के लिए अपनी सामान्य बुद्धि से समझना संभव नहीं । क्योंकि कभी वे मां काली की भक्ति में रोने लग जाते , कभी पूजा में ईश्वर को समर्पित की जाने वाली सामग्री को स्वयं पर ही चढ़ाने लग जाते ,तो कभी निर्विकल्प समाधि में स्वयं के शरीर का भान भी उन्हें नहीं रह जाता । लेकिन जब विवेकानंद जैसा तीक्ष्ण बुद्धि संपन्न और हर बात को तर्क की कसौटी पर कसने वाले महापुरुष उन्हें गुरु रूप में स्वीकारते हैं तो यह रामकृष्ण परमहंस की दिव्यता को प्रामाणिकता प्रदान करता है और सभी किन्तु परंतु का उत्तर है । भक्ति की धारा में सतत प्रवाहमान रामकृष्ण देव को चैतन्य महाप्रभु का ही अवतार कहा जाने लगा। क्योंकि चैतन्य महाप्रभु भी इसी तरह की भाव समाधि में लीन रहते थे। यह भी एक संयोग ही है कि 15 वीं सदी के महान भक्ति संत चैतन्य महाप्रभु का भी अवतरण 18 फरवरी को ही हुआ था ।

धन्य है भारत भूमि ,जहां रामकृष्ण परमहंस जैसी विभूति ने जन्म लेकर संसार को मानव के कल्याण का मार्ग दिखलाया।

## पाइपलाइन में पड़ा स्वर्ग

शहर के पास वाले उस ढाबे पर, जहाँ चाय कम और धूल ज्यादा मिलती है, मेरी भेंट एक 'डिजिटल स्वामी' से हो गई। स्वामी जी ऐसे थे कि अगर उन्हें किसी मल्टीनेशनल कंपनी के बोर्डरूम में बैठा दिया जाए, तो वे वहाँ भी 'परमपिता की कृपा' का प्रेजेंटेशन पावर-प्वाइंट पर दे दें। बदन पर मलमल का कुर्ता, गले में रुद्राक्ष की ऐसी माला जिसे देखकर किसी भी जौहरी का ईमान डोल जाए, और बगल में एक आईपैड, जिस पर वे निरंतर 'स्टॉक मार्केट' और 'अध्यात्म' का संतुलन बिठा रहे थे।

मैंने पूछा, स्वामी जी, यह झोला और लैपटॉप लेकर किस महाकुंभ की ओर प्रस्थान हो रहा है?

स्वामी जी ने एक ऐसी रहस्यमयी मुस्कान फेंकी, जो केवल उन लोगों के पास होती है जिनके पास स्विस बैंक का खाता और मोक्ष का नक्शा, दोनों साथ होते हैं। बोले, बच्चा, हम 'स्मार्ट विलेज' का शिलान्यास करने जा रहे हैं। गाँव की मिट्टी को सिलिकॉन वैली बनाना है।

मैंने चाय का घूँट भरा–जिसमें चीनी इतनी थी कि मधुमेह को भी शर्म आ जाए। पूछा, महाराज, गाँव में तो बिजली आठ घंटे रहती है और सड़कें ऐसी हैं कि आदमी चलते-चलते ही योग की कठिन मुद्राएं सीख जाए। वहाँ आप स्मार्टनेस का कौन सा इत्र छिड़केंगे?

स्वामी जी ने आईपैड पर एक ग्राफ दिखाया। यही तो तुम्हारी अज्ञानता है। हम गाँव वालों को यह नहीं सिखाएंगे कि खेती कैसे करें, हम उन्हें यह सिखाएंगे कि 'खेती को इवेंट' कैसे बनाएं। हम वहाँ एक ऐसा आश्रम बना रहे हैं जहाँ शहर के अमीर लोग आकर 'गरीबी का अनुभव' करेंगे। वे देखेंगे कि गोबर कैसे थापा जाता है और फिर उसकी सेल्फी लेकर इंस्टाग्राम पर 'मिट्टी की सौंधी खुशबू' लिखेंगे। इसे ही हम 'ग्रामीण पुनरुद्धार' कहते हैं। मैंने कहा, पर महाराज, गाँव का असली किसान तो कर्ज में दबा है, उसे तो खाद और बीज चाहिए।

स्वामी जी हँसे, जैसे किसी ने उनसे कह दिया हो कि कद्दू के पेड़ पर आम लगते हैं। बोले, बच्चा, किसान को खाद मिल गई तो वह आत्मनिर्भर हो जाएगा, फिर हमारे प्रवचनों में भीड़ कौन लगाएगा? हमें उसे 'संतोष' सिखाना है। हम उसे समझाते हैं कि 'साईं इतना दीजिए जामे कुटुंब समाए'।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 18 फरवरी 2026 बुधवार
सूर्योदय - 07:01 सूर्यास्त 18:21
फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 12:00 से 13:30 तक
तिथि - एकम 16:58 उपरांत दुतिया
नक्षत्र - शतभिषा 21:16 उपरांत पूवाभाद्रपद
योग - शिव 22:45 उपरांत सिद्ध
करण - बव
चन्द्रमा - दिन पूर्ण कुंभ में रहेगा।
मुस्लिम मास - सावान मास 29 तारिख

**मेष-** धनार्जन होगा। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा।

**वृषभ-** परिवार से संबंध घनिष्ठ होंगे। नए संबंधों के प्रति सतर्क रहें। भूल करने से विरोधी बढ़ेंगे। धन की प्राप्ति में अड़चनें आएंगी।

**मिथुन-** लेन-देन में सावधानी रखें। रोजगार मिलेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी।

**कर्क-** अचानक लाभ होगा। धन संबंधी कार्यों में विलंब से चिंता हो सकती है।संत-समागम होगा।

**सिंह-** शारीरिक कष्ट संभव है। लेन-देन में सावधानी रखें। सुख के साधन जुटेंगे। रुका हुआ धन मिलेगा।

**कन्या-** अधूरे काम समय पर सफलता से होने पर उत्साह बढ़ेगा। व्यापार के कार्य से बाहर जाना पड़ सकता है।

**तुला-** कोर्ट व कचहरी में अनुकूलता रहेगी। पूजा-पाठ में मन लगेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। थकान रहेगी।

**वृश्चिक-** परिवार एवं समाज में आपके कामों को महत्व एवं सम्मान प्राप्त हो सकेगा। वाणी पर संयम आवश्यक है। व्यापार-व्यवसाय में लाभ होगा।

**धनु-** पुराना रोग उभर सकता है। बेचैनी रहेगी। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा।

**मकर-** कानूनी बाधा दूर होगी। रुका धन मिलने से धन संग्रह होगा। कार्य में भागीदार सहयोग करेंगे। विकास की योजनाएं बनेंगी।

**कुंभ-** घर-परिवार की चिंता रहेगी। विवाद को बढ़ावा न दें। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। जोखिम न लें।

**मीन-** शत्रु परास्त होंगे। पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।


-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा
( भरदीवाले ) 9926034545


समसामयिक

## कोई कुछ भी कहे, लेकिन लोकतंत्र सुरक्षित रहेगा

ऊपरी तौर पर तो लोकतंत्र की अक्षुण्णता पर रत्ती भर भी संदेह नहीं किया जा सकता। बावजूद इसके जिस प्रकार केंद्रीय सत्ता पर एकल नियंत्रण देखने और सुनने में आ रहा है, कुछ अंशों में ही सही लेकिन सशक्त प्रतिपक्ष के अभाव में एकतंत्र की आशंका बलवती हो जाती है।




राजेंद्र बज
(दैनिक अवन्तिका)


जिस प्रकार प्रतिपक्ष सर्वमान्य नेतृत्व के अभाव के चलते अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है, लगता नहीं कि निकट भविष्य में भी कभी वह सत्तापक्ष का सशक्त विकल्प बन सकेगा। लोकतंत्र की अस्मिता के लिए विकल्प का होना अत्यंत आवश्यक होता है। अन्यथा लोकतंत्र में एकतंत्र की तमाम बुराइयां घर कर जाती है। ऐसे में सशक्त प्रतिपक्ष ही लोकतंत्र का खेवईया सिद्ध हो सकता है।

राजनीति में जब तक सत्तापक्ष का सशक्त विकल्प आम नागरिकों को दिखाई नहीं दे, तब तक लोकतंत्र में लोकतंत्र की कोई पक्के तौर पर गारंटी नहीं दी जा सकती। कमजोर प्रतिपक्ष अपने आप में सत्तापक्ष को निरंकुश बना दिया करता है। वर्तमान दौर की प्रतिपक्षी राजनीति में सर्वमान्य नेतृत्व को लेकर तमाम तरह के मत-मतांतर का दौर चल रहा है। नेतृत्व के प्रति आम सहमति के अभाव में प्रतिपक्ष टुकड़े-टुकड़े में बंटा होकर सत्तापक्ष की राह आसान कर रहा है। इस समय प्रतिपक्षी खेमे में तमाम छोटे-बड़े राजनीतिक दलों के नेतृत्व का अहम प्रतिपक्षी एकता में बाधक सिद्ध हो रहा है। ऐसे में समान विचारधारा का तालमेल बैठाना एकदम इतना आसान भी नहीं माना जा सकता।

हालांकि प्रतिपक्ष ने अपना गठबंधन तो बनाया है, लेकिन इसके अलग-अलग घटक अपना अलग-अलग एजेंडा लिए घूम रहे हैं। हालांकि छिन्न-भिन्न प्रतिपक्ष की स्थिति में विपक्षी दलों के संयुक्त गठबंधन के अतिरिक्त अन्य कोई ऐसा मार्ग भी नहीं है जिसके आधार पर सत्तापक्ष को चुनौती दी जा सके। जहां तक कांग्रेसी नेतृत्व का सवाल है, ऐसा नहीं लगता कि वर्तमान दौर में उसका आभामंडल नेहरू, इंदिरा और राजीव युग के समकक्ष दिखाई देता हो। हालांकि मनमोहन युग के दौर में अस्त होते सूर्य के तेज की तेजस्विता का परिचय भी देखने को मिला था। लेकिन लोग कहते हैं कि कांग्रेस में अब पहले जैसी बात नहीं रही। बीते दशक से तो कांग्रेस के चेहरे का नूर ही उतर गया है।

कांग्रेसी विचारधारा की घोर विरोधी भारतीय जनता पार्टी ने अपने आभामंडल में अप्रत्याशित रूप से चमक बिखेरी है। चंद राज्यों को छोड़कर आज समूचे देश में भाजपा लगातार सशक्त स्थिति में आती जा रही है। राजनीतिक पर्यवेक्षकों के एक वर्ग का तो यहां तक मानना है कि भाजपा को केवल भाजपा ही चुनौती दे सकती है। प्रकारांतर से इसका यह आसान अर्थ लगाया जा सकता है कि कहीं ऐसा हो जाएं कि बीते दोर में कांग्रेस से छींटक कर जिस प्रकार प्रतिपक्षी दलों की नींव पड़ी थी, वैसा ही कुछ दृश्य देश की जनता को देखने को मिले। इस समय भाजपा केवल और केवल वर्तमान नेतृत्व की कार्यशैली के चलते ही अपना वर्चस्व बनाए हुए हैं। लेकिन यह दावा नहीं किया जा सकता कि उनका उत्तराधिकारी भी बिल्कुल उनके जैसा ही होगा। भाजपा से टूटकर कोई प्रतिपक्ष खड़ा हो जाए, ऐसी कोई संभावना हाल-फिलहाल नजर नहीं आती। लेकिन जिस प्रकार प्रतिपक्ष की शक्ति का निरंतर क्षय हो रहा है, ऐसे आकलन को एकदम से कपोल कल्पित भी नहीं ठहराया जा सकता। इतिहास साक्षी है कि लोकतंत्र की राजनीति में न कोई अपना होता है और न कोई पराया होता है। इसके स्पष्ट मायने यह निकाले जा सकते हैं कि राजनीति में असंभव को भी संभव बनते देर नहीं लगा करती। स्वतंत्र भारत का इतिहास साक्षी है कि अनेक अवसरों पर परस्पर विपरीत विचारधारा वाले वर्ग ने आपस में एकजुट होकर सत्तापक्ष को चुनौती देते हुए राजनीतिक सफलताएं भी प्राप्त की है। लेकिन फिलहाल यह तो बहुत दूर की कौड़ी है।

## प्रकृति, पैसा और स्वास्थ्यः एक संतुलित दृष्टि

आज के दौर में स्वास्थ्य को लेकर हमारी सोच तेजी से बदली है। आधुनिक जीवनशैली, तकनीक, महंगी चिकित्सा सुविधाएँ और बढ़ती आय ने यह विश्वास पैदा कर दिया है कि पैसा ही बेहतर स्वास्थ्य की कुंजी है। बड़े शहरों में रहने वाला व्यक्ति मानता है कि यदि उसके पास अच्छे अस्पताल, नामी डॉक्टर, निजी बीमा और आधुनिक उपकरण हैं, तो बीमारी उसका कुछ नहीं बिगाड़ सकती। लेकिन जब हम देखते हैं कि देश-दुनिया की नामचीन हस्तियाँ–जिनके पास धन, संसाधन और सर्वोत्तम चिकित्सा सुविधाएँ उपलब्ध थीं–गंभीर बीमारियों का शिकार हुईं, तो यह विश्वास डगमगाने लगता है। यह प्रश्न स्वाभाविक है कि आखिर इतनी देखभाल, इतनी सावधानी और इतने संसाधनों के बावजूद भी लोग कैंसर, हृदय रोग और अन्य जटिल बीमारियों से क्यों नहीं बच पाए। क्या आधुनिक जीवनशैली वास्तव में हमें स्वस्थ बना रही है, या हम अनजाने में अपने शरीर की प्राकृतिक शक्ति को कमजोर कर रहे हैं? यह सवाल केवल अमीर और मशहूर लोगों तक सीमित नहीं है, बल्कि हर उस व्यक्ति से जुड़ा है जो तेज रफ्तार, कृत्रिम और तनावपूर्ण जीवन जी रहा है।




प्रियंका सौरभ
(दैनिक अवन्तिका)


मानव शरीर प्रकृति की देन है और लाखों वर्षों के विकास का परिणाम है। हमारा शरीर प्राकृतिक भोजन, शुद्ध हवा, स्वच्छ पानी, धूप और शारीरिक श्रम के साथ तालमेल बैठाकर विकसित हुआ है। जब हम इस प्राकृतिक संतुलन से दूर होते जाते हैं–अत्यधिक प्रोसेस्ड भोजन खाते हैं, घंटों बंद कमरों में रहते हैं, मोबाइल और स्क्रीन के सामने जीवन बिताते हैं–तो शरीर का संतुलन बिगड़ने लगता है। बीमारियाँ अचानक नहीं आतीं, वे वर्षों की गलत आदतों, तनाव और असंतुलन का परिणाम होती हैं।

आज का भोजन इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। पैकेट में बंद, लंबे समय तक टिकने वाला और स्वाद बढ़ाने वाले रसायनों से भरपूर भोजन हमारी थाली में जगह बना चुका है। फल के नाम पर जूस, सब्ज़ियों के नाम पर फ्रोजन पैक और दूध के नाम पर प्रोसेस्ड उत्पाद हमारे दैनिक आहार का हिस्सा बन गए हैं। यह सुविधाजनक जरूर है, लेकिन शरीर के लिए हमेशा हितकारी नहीं। प्रकृति हमें भोजन उसके संपूर्ण रूप में देती है–जिसमें फाइबर, विटामिन और पोषक तत्व संतुलित होते हैं। जब हम उस रूप को बदल देते हैं, तो उसका प्रभाव भी बदल जाता है।

स्वच्छता और सुरक्षा के नाम पर हमने अपने आसपास का वातावरण भी अत्यधिक कृत्रिम बना लिया है। हर चीज को कीटाणुरहित करने की होड़ लगी है। साबुन, सैनिटाइजर और केमिकल क्लीनर के बिना जीवन अधूरा सा लगने लगा है। इसमें संदेह नहीं कि स्वच्छता आवश्यक है, लेकिन अति हमेशा हानिकारक होती है। वैज्ञानिक भी मानते हैं कि सीमित मात्रा में प्राकृतिक बैक्टीरिया से संपर्क हमारी रोग-प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाता है। जो शरीर हर छोटी चुनौती से बचा लिया जाता है, वह बड़ी चुनौती आने पर कमजोर पड़ सकता है।

ग्रामीण जीवन और शहरी जीवन की तुलना इस संदर्भ में अक्सर की जाती है। गाँवों में रहने वाले बुजुर्ग अपेक्षाकृत सादा भोजन करते हैं, शारीरिक श्रम अधिक होता है और जीवन की गति धीमी होती है। मानसिक तनाव भी अपेक्षाकृत कम होता है। यही कारण है कि छोटी-मोटी बीमारियाँ वे बिना दवा के भी झेल लेते हैं। वहीं शहरों में रहने वाला व्यक्ति आरामदायक जीवन जीता है, लेकिन एक साधारण बुखार भी उसे बिस्तर से बाँध देता है। यह अंतर केवल चिकित्सा सुविधाओं का नहीं, बल्कि जीवनशैली और मानसिक स्थिति का भी है।

धर्म-आस्था

## विनाश के बाद ही सृजन संभव है, शिवजी कैसे करते हैं आपमें विनाश और सृजन

शिवजी के स्वरूप को आध्यात्मिक रूप से समझना बेहद आवश्यक है, तभी हम उनका संहारक होने का अर्थ समझ पायेंगे और ये भी समझ पायेंगे कि किस प्रकार संहार के बाद ही सृजन संभव होता है। भगवान शिव को नकारात्मकता को दूर करने वाला माना जाता है क्योंकि वे जीवन से हर उस अन्धकार का विनाश कर देते हैं, जो प्रकाश को जन्म नहीं लेने देता। शिवजी नकारात्मकता को बलपूर्वक नहीं मिटाते, बल्कि उसे रूपांतरित करते हैं। भगवान शिव के सन्देश से लेकर उनकी पूजा करने का तरीका भी लोगों के मन में अन्धकार को दूर कर प्रकाश पैदा करता है। कैसे, चलिए समझते हैं...



शिवजी के प्रतीक, जैसे रुद्राक्ष माला, बेलपत्र, धतूरा, त्रिशूल, आदि का इस्तेमाल नकारात्मकता से सुरक्षा और सकारात्मक ऊर्जा को आकर्षित करने के उपाय के रूप में किया जाता है। शिवजी शमशान में रहते हैं और भस्म धारण करते हैं, जो बताते हैं कि हर चीज क्षणिक है। जब साधक समझता है कि हर चीज नश्वर और अस्थायी है, तो वह खुद-ब-खुद चीजों को सकारात्मक तरीके से देखने लगता है और मोह, लोभ, अहंकार जैसे भावों से मुक्त होने लगता है।

भगवान शिव के मंत्र भी नकारात्मकता का नाश करते हैं। ॐ नमः शिवाय का जप मन को स्थिर करता है और विचारों की हलचल को लय में बदल देता है। महामृत्युंजय मंत्र भय और असुरक्षा को कम करता है। कुछ विशेष शिव मंत्र, जैसे कि पंचाक्षरी, रूद्र मंत्र, शिव गायत्री या महामृत्युंजय का जाप करने से नकारात्मक ऊर्जा कम होती है। ये मंत्र आत्मा को सुदृढ़ बनाते हैं और जीवन में समग्र सकारात्मक शक्ति का संचार करते हैं।

### शिवलिंग की पूजा का मन पर प्रभाव

शिवलिंग की पूजा भले ही एक धार्मिक प्रक्रिया का हिस्सा है लेकिन साधक के मन पर इसका बेहद गहरा प्रभाव पड़ता है। शिवलिंग पर जल, दूध अर्पित करना या अभिषेक करना मन के बोझ को बहा देता है और मन को शांत करता है। शिवलिंग पर जल, दूध, धूप-दीप अर्पित करना और रुद्राभिषेक करना भी नकारात्मक प्रभावों को रोकने का एक आध्यात्मिक उपाय माना जाता है। यह भक्त को यह भाव देता है कि उसने अपनी सारी नकारात्मकता शिवजी को हरने के लिए दे दिया है और अपनी चेतना को शुद्ध बना लिया है।

शिव ध्यान से मानसिक शक्तिशिवजी को एक योगी और ध्यानी की रूप में भी पूजा जाता है। कई साधक उन्हें अपने गुरु के रूप में देखते हैं। शिवजी साधक को अपने भीतर की यात्रा करने के लिए प्रेरित करते हैं। शिव की पूजा और ध्यान साधना से व्यक्ति की मानसिक शक्ति और आत्म-नियंत्रण बढ़ता है। जब हम शिव का ध्यान करते हैं, तो मन की अशांति कम होती है और नकारात्मक भावनाओं पर विजय पाने में सहायता मिलती है।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 5750 डंकी, चना 4800 से 5000 विशाल, 8100 गेहूं मिल क्वालिटी 2650 से ,5500 से 5550 मसूर 6000, 2675 लोकवन 2850 से 2900, महाराष्ट्र सफेद 6500 से 6600, पूर्णा 2800 से 2850 मालवराज, , महाराष्ट्र लाल 6600 से 6800, 2750 से 2775 मक्का 1550, कर्नाटक 6700 से 6900 तुअर, से 1600 चना दाल 7300 से निमारी 6200 से 6600 मूंग बेस्ट 7400 मीडियम 7500 से 7600 गर्मी 7800 से 8200 मूंग बेस्ट बेस्ट 7800 से 8000 तुअर दाल 7100 से 7200 मीडियम बोल्ड 8100 से 8300 एवरेज 8300 से 8400 बेस्ट 9100 से 6500 से 6700 मोगर 5500 9200 एक्स्ट्रा बेस्ट 10000 से से 6500 उड़द बोल्ड 7000 से 10100 ब्रांडेड 10700 मूंग दाल 7200 एवरेज 6200 से 6500 9100 से 9200 बेस्ट 9600 हल्का उड़द 3000 से 5000 से 9800 मूंग मोगर 9600 से काबुली डॉलर 8000 से 8500 9700 बेस्ट 1000 से 10200 काबुली रशियन 5500 से 5700 बिटकी 5100 से 5300 सरसों उड़द दाल 8600 से 8800 बेस्ट (मीडियम) 8000 से 8200 9000 से 9200 उड़द मोगर निमाड़ी 8400 से 8500 रायड़ा 9800 से 1000 बेस्ट 10100 6200 से 6400 सोयाबीन 4300 से 10200 मसूर दाल 7450 से से 4500 अलसी 8200 से 8500 7550 बेस्ट 7650 से 7750 रुपए तिल्ली 8000 से 9000 टोली 4000 से 4200 तिल्ली 8000 से पति क्विंटल।

### आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1300 से 1500 आलू चिप्स 1500 से 1900 ज्योति पुराना 1000 से 1500 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 300 से 700, प्याज महाराष्ट्र 1600 से 1900 प्याज लोकल 1000 से 1400 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 600 से 800 गोल्टी 300 से 500 , लहसुन सुपर बोल्ड 7000 से 7500 मीडियम 4000 से 5000 बारीक 3000 से 4500 रुपए प्रति क्विंटल

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूं- 1796-2801 चना काबली- 3601-8526, चना बड़ा- 3640-5551, बटला- 4061, रायड़ा- 5775, उड़द- 3500, मसूर- 4841-5620, सोयाबीन- 1901-5841, मैथीदाना- 4720, असली- 6100, मावा- 280 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना-स्टेण्डर्ड- 1,55,500, रवा- 1,55,400 चांदी-टंच- 2,40,0500 पाट- 2,40,000।

## उज्जैन किराना

### अशोक कुमार भगवानदास

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130,तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

**editor.awantika@gmail.com**



## स्कूटी-बाइक की आमने-सामने भिड़ंत, दो युवक घायल

**सुसनेर।** किटखेड़ी जोड़ के समीप स्कूटी और बाइक की आमने-सामने भिड़ंत में दो लोग घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तत्काल सिविल अस्पताल पहुंचाया गया। मिली जानकारी के अनुसार हादसे में सुल्तान सिंह पिता गंगाराम (40 वर्ष) निवासी लालाखेड़ी तथा स्कूटी सवार अजय पिता चन्द्र सिंह (20 वर्ष) घायल हो गए। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

## महाशिवरात्रि पर मनकामनेश्वर में शिव-विवाह, शिवालयों में उमड़ा जनसैलाब



**सुसनेर।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर नगर सहित आसपास का क्षेत्र शिवभक्ति में सराबोर नजर आया। शिव के रविवार के विशेष संयोग ने श्रद्धालुओं के उत्साह को और बढ़ा दिया। नगर के मनकामनेश्वर महादेव मंदिर में दिनभर धार्मिक अनुष्ठानों की श्रृंखला चली। प्रातःकाल महारुद्राभिषेक के साथ पूजा-अर्चना का शुभारंभ हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए। मंदिर परिसर को आकर्षक विद्युत सज्जा एवं फूलों से सजाया गया था। शाम को विश्राम गृह से भगवान भोलेनाथ की भव्य शिव बारात निकाली गई। सिर पर जटाजूट, भस्म का तिलक और हाथों में त्रिशूल धारण किए दूल्हे के रूप में सजे शिवजी की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। ढोल-नगाड़ों और बैंड-बाजों के साथ निकली बारात नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई मंदिर पहुंची, जहां पुष्पवर्षा के साथ स्वागत किया गया। विवाह की बेला में शिव-पार्वती का विधि-विधान से विवाह संपन्न हुआ। जयकारों और तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा परिसर गूंज उठा। रात्रि में महाआरती एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया। इसी क्रम में पंचदेवलिया महादेव मंदिर में सुबह श्रद्धालुओं द्वारा परिक्रमा यात्रा निकाली गई। भक्तों ने मंदिर क्षेत्र की परिक्रमा लगाकर पूजा-अर्चना की। शाम को यहां महाप्रसादी एवं भव्य भजन संध्या का आयोजन हुआ। नगर के ओंकारेश्वर मंदिर और नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर सहित अन्य शिवालयों में भी विशेष श्रृंगार, रुद्राभिषेक और महाआरती संपन्न हुई। दिनभर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती रही और पूरा नगर हर-हर महादेव के जयघोष से गूंजता रहा।

## पटवारियों पर वसूली का दबाव, निलंबन के विरोध में लामबंद हुए पटवारी



**गुना।** किसानों से अर्थदंड वसूली के लिए राजस्व अधिकारियों द्वारा अनावश्यक दबाव बनाए जाने के विरोध में जिलेभर के पटवारी लामबंद हो गए हैं। बताया जा रहा है कि गुना तहसील के पटवारी राधेश्याम शर्मा व रविंद्र आर्य, कुंभराज तहसील के रानू प्रजापति, तथा मकसूदानगढ़ तहसील के गोविंद ठाकुर को वसूली न करने का आधार बनाकर निलंबित किया गया है। इस कार्रवाई से नाराज पटवारियों ने अर्थदंड वसूली के विरोध और निलंबित साथियों की बहाली की मांग को लेकर क्रमबद्ध आंदोलन की शुरूआत की है। सोमवार को जिले की सभी तहसील आरोन, बमोरी, गुना, राघोगढ़, मकसूदानगढ़, चाचौड़ा तथा कुंभराज के पटवारी संघ अध्यक्षों ने तहसीलदारों को ज्ञापन सौंपा है। पटवारी संघ गुना के जिलाध्यक्ष महेन्द्रसिंह किरार ने बताया कि किसानों से अर्थदंड वसूली और पटवारियो के बेवजह निलंबन के विरोध में सभी पटवारी 16 और 17 फरवरी को काली पट्टी बांधकर कार्य करेंगे। यदि निलंबित पटवारियों को बहाल नहीं किया गया, तो 18 से 20 फरवरी तक तीन दिवस का सामूहिक अवकाश रखा जाएगा। इसके बाद भी प्रशासन ने मांग नहीं मानी तो 23 फरवरी से जिलेभर में कलमबंद हड़ताल शुरू की जाएगी।

## 10वीं बोर्ड का पहला पेपर: इंग्लिश का प्रश्नपत्र रहा आसान; 101 केंद्रों पर 23 हजार से ज्यादा छात्र हुए शामिल

**देवास।** मध्य प्रदेश बोर्ड की 10वीं की परीक्षाएं मंगलवार से शुरू हो गई हैं। देवास जिले में भी छात्र-छात्राएं उत्साह और आत्मविश्वास के साथ परीक्षा केंद्रों पर पहुंचे। पहले दिन अंग्रेजी विषय का प्रश्नपत्र था। परीक्षा देकर बाहर निकले छात्रों के चेहरे खिले हुए थे, उन्होंने बताया कि पेपर अपेक्षाकृत आसान रहा। अब विद्यार्थी अपने अगले विषय संस्कृत की तैयारी में जुट गए हैं। परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने नारायण विद्या मंदिर क्रमांक 1 परीक्षा केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिले के सभी 101 केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे और पुलिस बल तैनात रहा। जिला शिक्षा विभाग के अनुसार, देवास जिले में कुल 101 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इन केंद्रों पर नियमित और प्राइवेट मिलाकर कुल 23,966 विद्यार्थी पंजीकृत हैं। संवेदनशील केंद्रों पर सीसीटीवी के जरिए कंट्रोल रूम से निगरानी की जा रही है। इसके अलावा नकल रोकने के लिए उड़नदस्तों की टीम भी जिलेभर में सक्रिय रही। परीक्षा केंद्रों पर सुबह से ही परीक्षार्थियों की भीड़ देखी गई। उत्कृष्ट विद्यालय सहित अन्य केंद्रों पर समय सीमा के भीतर ही छात्रों को प्रवेश दिया गया।

### अधिवक्ता की हत्या के विरोध में अभिभाषकों ने मनाया प्रतिवाद दिवस

# एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग





दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

मध्यप्रदेश के शिवपुरी जिले (करेरा) में अधिवक्ता की नृशंस हत्या और प्रदेशभर में वकीलों पर हो रहे लगातार हमलों के विरोध में सोमवार को जिला अभिभाषक संघ, शाजापुर ने प्रतिवाद दिवस मनाया। इस दौरान सभी अभिभाषकों ने न्यायालयीन कार्य से विरत रहकर अपना कड़ा विरोध दर्ज कराया और मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर प्रदेश में तत्काल प्रभाव से 'एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट' लागू करने की मांग की।

जिला मीडिया प्रभारी एडवोकेट सईद पठान ने बताया कि अधिवक्ता संघ करेरा (जिला शिवपुरी) के अभिभाषक संजय कुमार सक्सेना की अपराधियों द्वारा गोली मारकर नृशंस हत्या कर दी गई थी। इसके अलावा डबरा के अधिवक्ता चंद्रभान सिंह मीणा सहित प्रदेश के अन्य जिलों में भी वकीलों पर लगातार जानलेवा हमले हो रहे हैं। म.प्र. राज्य अधिवक्ता परिषद ने इन घटनाओं की घोर निंदा करते हुए सोमवार, 16 फरवरी 2026 को प्रतिवाद दिवस मनाने का आह्वान किया था।

अधिवक्ताओं ने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हो गए हैं कि दिनदहाड़े वकीलों पर हमले और हत्याएं हो रही हैं। इससे प्रदेश का अधिवक्ता समुदाय स्वयं को असहाय महसूस कर रहा है, जो अत्यंत चिंता का विषय है। अभिभाषक संघ ने कहा कि म.प्र. राज्य अधिवक्ता परिषद लंबे समय से वकीलों की सुरक्षा के लिए राज्य शासन से एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट की मांग करती आ रही है, परंतु इस दिशा में सरकार द्वारा अब तक कोई सार्थक प्रयास नहीं किए गए हैं।

ज्ञापन में मांग की गई कि अपराधियों के विरुद्ध तत्काल और कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाए। मध्यप्रदेश में 'एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट' को बिना किसी विलंब के तत्काल प्रभाव से लागू किया जाए।

ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला अभिभाषक संघ शाजापुर के वर्तमान अध्यक्ष एडवोकेट विवेक शर्मा, नवनिर्वाचित अध्यक्ष एडवोकेट करण सिंह गुर्जर, जिला निर्वाचन अधिकारी एडवोकेट कृष्ण कांत कराड़ा के साथ ही वरिष्ठ और युवा अभिभाषक जिनमें एडवोकेट अनिल आचार्य, दिलीप कुमार नागर, मनीष नागर, मदन सिंह चौहान, आशीष सक्सेना, गिरधारी लाल देवतवाल, धीरज सिसोदिया, नावेद खान, तेजकरण मेवाड़ा, शैलेन्द्र वर्मा, विकास सक्सेना, विनय शर्मा, धर्मेंद्र कुंडला, सावेद पठान और विजय मंडलोई सहित बड़ी संख्या में अन्य अधिवक्ता उपस्थित रहे।

**सुसनेर**

प्रदेश में अधिवक्ताओं पर बढ़ते हमलों के विरोध में अभिभाषक संघ ने सोमवार को न्यायालयीन कार्य से विरत रहकर शांतिपूर्ण प्रतिवाद दिवस मनाया। इस दौरान अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार के माध्यम से ज्ञापन सौंपते हुए शीघ्र एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू किए जाने की मांग की।

ज्ञापन में अधिवक्ताओं ने उल्लेख किया कि हाल ही में शिवपुरी जिले के अधिवक्ता संजय कुमार सक्सैना की गोली मारकर हत्या कर दी गई, जिसकी संघ ने कड़ी निंदा की। अधिवक्ताओं का कहना है कि लगातार हो रहे हमलों से प्रदेश के वकील स्वयं को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं, जिससे न्याय व्यवस्था पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। अभिभाषक संघ ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही अधिवक्ता संरक्षण कानून लागू नहीं किया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इस अवसर पर अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौहान, उपाध्यक्ष शकील खान, सचिव पूरसिंह सिसौदिया, पूर्व अध्यक्ष अशोक कुमार चावड़ा, एस.आई. कुरैशी, दशरथ सिंह सिसौदिया, गजेंद्र कुमार बजारिया, कैलाश दांगी, चन्द्रशेखर शर्मा, विजय सिंह बगड़ावत सहित अन्य अधिवक्ता उपस्थित रहे।

### उज्जैन-मक्सी रोड पर भीषण सड़क हादसा

## ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार बुजुर्ग की मौत, आरोपी चालक वाहन सहित फरार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

जिले के मक्सी थाना क्षेत्र अंतर्गत उज्जैन-मक्सी मार्ग पर रविवार रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार एक 50 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई। एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। घटना के बाद आरोपी चालक अपना वाहन लेकर मौके से भाग निकला। पुलिस ने मामला दर्ज कर फरार चालक की तलाश शुरू कर दी है।

**दोनता से लौटते वक्त हुआ हादसा**

जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान मक्सी निवासी तेजाराम (50) के रूप में हुई है। मृतक के भाई ईश्वर ने बताया कि तेजाराम रविवार को किसी काम के सिलसिले में पास के ग्राम दोनता गए हुए थे। रात करीब 10 से 11 बजे के बीच जब वे अपनी बाइक से वापस घर लौट रहे थे, तभी उज्जैन-मक्सी रोड पर स्थित रेलवे फाटक के पास एक अज्ञात ट्रैक्टर ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि तेजाराम गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के तुरंत बाद राहगीरों और परिजनों की मदद से घायल बुजुर्ग को आनन-फानन में शाजापुर जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां मौजूद चिकित्सकों ने प्राथमिक जांच के बाद ही उन्हें मृत घोषित कर दिया। चौकी पर तैनात प्रधान आरक्षक पदम सिंह ने बताया कि रात होने के कारण शव को पोस्टमार्टम रूम में सुरक्षित रखवा दिया गया था।

## ढाबा संचालक को बेल्ट-डंडों से पीटा, खाना नहीं देने पर विवाद

**देवास।** देवास बायपास स्थित एक ढाबे पर देर रात खाना नहीं मिलने पर चार युवकों ने संचालक की बेल्ट और डंडों से जमकर पिटाई कर दी। आरोपियों ने ढाबे में तोड़फोड़ भी की। यह पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई, जिसका वीडियो सोमवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना के 12 घंटे के भीतर चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर उन्हें जेल भेज दिया है। घटना 12 फरवरी की रात की है। चार युवक एक कार में सवार होकर ढाबे पर पहुंचे और खाना मांगा। ज्यादा रात होने और स्टाफ की कमी का हवाला देते हुए संचालक ने खाना देने से इनकार कर दिया। इस पर आरोपी भड़क गए और गाली-गलौज करते हुए संचालक पर टूट पड़े। उन्होंने बेल्ट और डंडों से बेरहमी से मारपीट की।

## जाहिर सूचना

ग्राम बिसलखेडी तहसील बड़नगर जिला उज्जैन म.प्र. में स्थित कृषि भूमि सर्वे नंबर 10/2 (एस), 11 (एस) के संबंध में।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमारे पक्षकार द्वारा प्रकाश पिता भेरू लाल जाती कलाल के स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि ग्राम बिसलखेडी तहसील बड़नगर जिला उज्जैन म.प्र. में स्थित कृषि भूमि सर्वे नंबर 10/2 (एस), 11 (एस) कुल रकबा 11.50 बीघा को भार मुक्त अवस्था में क्रय करने का सौदा किया होकर विक्रय प्रतिफल की आंशिक धनराशि का भुगतान विक्रेतापक्ष को कर दिया है। उक्त संपत्ति के विक्रय व्यवहार के सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति संस्था, बैंक, अथवा अन्य का किसी भी प्रकार लेन देन, हित, ऋण, भार, उजर, आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन दिनांक ने 07 दिवस के अन्दर लिखित प्रमाण सहित प्रस्तुत करे, अन्यथा बाद मियाद किसी भी प्रकार की आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नहीं होगी।

**निखिल राठौर एडव्होकेट उज्जैन**
**कार्यलय-नवीन न्यायालय परिसर, उज्जैन (म.प्र.)**
**मोबाईल न. 9770220337**

## जाहिर सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधरण को सुचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार इस्लामुद्दीन पिता यासीन खां जाति मुसलमान निवासी ग्राम 09, हरिजन मोहल्ला, बिरगोदा नाथू, तहसील बडनगर जिला उज्जेन म०प्र० द्वारा ग्राम हापाखेड़ा तहसील उन्हेल जिला उज्जैन में स्थित सर्वे नंबर 69 रकबा 0.80 हें., स्वामित्व, आधिपत्य की कृषि भूमि पटवारी हल्का नम्बर 79 में स्थित हो कर उक्त सर्वे नम्बर पंकज पटेल पिता ईश्वरलाल पटेल जाति आंजना निवासी ग्राम पानखेड़ी व कृषक ग्राम हापाखेड़ा तहसील उन्हेल जिला उज्जैन के नाम से है जिसको मेरे पक्षकार द्वारा उक्त कृषि भूमि पर सम्पुर्ण हक हिस्सा मय तला व हवाई हक सहित क्रय करने का सौदा किया गया है। मेरे पक्षकार द्वारा विक्रेता को उसके वारिसानों के समक्ष बयाना भी अदा कर दिया है। मेरे पक्षकार द्वारा उक्त आराजी का विधिवत रजिस्टर्ड विक्रय पत्र ई-पंजीयन के माध्यम से उपरोक्त वर्णित व्यक्तियों से निष्पादित किया जाना है यदि उक्त वर्णित कृषि भूमि (संपत्ति) में किसी अन्य व्यक्ति संस्था, बैंक, अर्द्धशासकीय बैंक का कोई ऋण स्वत्व हो या अन्य कोई अधिकार हो तो इस जाहिर सुचना के प्रकाशन के 7 दिन की अवधि में मय दस्तावेज प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके अन्यथा सुचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत ईपंजीयन विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेंगा व उसके पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सुचित हो दिनांक 17.2.2026

**मदनलाल मौर्य एडव्होकेट**
**आफिस श्रीराम कृपा बेडावन रोड़ उन्हैल तहसील नागदा जिला उज्जैन**
**मो0 7000851976,9893176796,**

## जाहिर सूचना

ग्राम फतेहपुर तहसील देपालपुर जिला इंदौर म.प्र. में स्थित कृषि भूमि सर्वे नंबर 316/1(एस) के संबंध में।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमारे पक्षकार द्वारा जगदीश पिता बगदीराम के स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि ग्राम फतेहपुर तहसील देपालपुर जिला इंदौर म.प्र. में स्थित कृषि भूमि सर्वे नंबर 316/1 (एस) कुल रकबा 9.25 बीघा को भार मुक्त अवस्था में क्रय करने का सौदा किया होकर विक्रय प्रतिफल की आंशिक धनराशि का भुगतान विक्रेतापक्ष को कर दिया है। उक्त संपत्ति के विक्रय व्यवहार के सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति संस्था, बैंक, अथवा अन्य का किसी भी प्रकार लेन देन, हित, ऋण, भार, उजर, आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन दिनांक ने 07 दिवस के अन्दर लिखित प्रमाण सहित प्रस्तुत करे, अन्यथा बाद मियाद किसी भी प्रकार की आपत्ति मेरे पक्षकार के हितो पर बंधनकारक नहीं होगी।

**निखिल राठौर एडव्होकेट**
**उज्जैन कार्यलय-नवीन न्यायालय परिसर, उज्जैन (म.प्र.)**
**मोबाईल न. 9770220337**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निरंजन सिंह पिता मोहनसिंह जी, उम्र - 27 वर्ष, व्यवसाय - कृषि, निवासी- 1 उत्तम नगर, खजुरिया हाउस पवासा, मक्सी रोड, उज्जैन (म.प्र.) कृषक ग्राम बामोरा, तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) के स्वामित्व की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक- 176/4 रकबा 1.6000 हेक्टेयर मे से रकबा 0.6000 हेक्टेयर एवं सर्वे क्रमांक 176/1/2 रकबा 1.6000 हेक्टेयर कुल किता दो कुल विक्रित रकबा 2.2000 हेक्टेयर स्थित ग्राम तालोद, पटवारी हल्का नम्बर 08, तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) में स्थित हैं, को क्रय करने का अनुबंध मेरे पक्षकार ने विधिवत कर लिया है तथा विक्रय-पत्र का निष्पादन भी अपने हित में करवा लिया जावेगा । इसलिए हर खास एवं आम तथा संबंधित व्यक्ति को इस जाहिर सूचना पत्र के द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त कृषि भूमि के संबंध में अगर किसी पक्ष को या संस्था को इस विक्रय के संबंध में किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो एवं कृषि भूमि कहीं पर रहन, बय, दान, गिरवी, बंधक की हुई हो एवं कोई भी व्यक्ति उक्त कृषि भूमि पर किसी प्रकार का कोई विधिसम्मत हित रखता हो जो कि कृषि भूमि के विकय से प्रभावित हो रहा हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के अंदर मेरे कार्यालय द्वितीय मंजिल 442, गीरीराज हेरिटेज, तीन बत्ती, उज्जैन में सुबह 10.30 से शाम 6 बजे तक मय लिखित प्रमाण के प्रस्तुत करें तथा अपनी आपत्ति एवं दस्तावेज का अवलोकन करवाएं अन्यथा बाद अवधि मियाद समाप्त होने पर किसी प्रकार का कोई दावा, आपत्ति व वाद स्वीकार नहीं की जावेगा एवं आपत्ति करने का कोई अधिकार संबंधित पक्ष को नहीं रहेगा । सो सूचित हो । इति दिनांक 18.02.2025

**दीपक प्रजापत (एडव्होकेट)**
**मो. 9617631819**

in The Court Of II Civil Judge Class I, District Court, Ujjain Tehsil badnagar
Presiding Officer: **श्री गौरव चौरसिया**

**(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)**

(RCS A/0000045/2025)

**बलरामदास----वादी**
**Vs**
**श्यामुबाई----- प्रतिवादी**

**Process Id-/2026**
**पेशी दिनांकः 30/03/2026**

**प्रेषिती**
(1) रमेश पिता हिन्दु उर्फ दोला जाति बागरी पता- ग्राम खण्डोदा तहसील बडनगर जिला उज्जैन मप्र

यह कि प्रार्थी बलरामदास ने आपके विरूद्ध आर सी एस ए के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

यह आज तारीख 17 फरवरी 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**(गौरव चौरसिया)**
**द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड**
**बड़नगर जिला उज्जैन (म.प्र.)**

**कृपया ध्यान दे-** 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनबाई में लिया जायेगा।

## पुलिस थाने का अक्षय सिंह बेस ने संभाला थाना प्रभारी का चार्ज



**सुसनेर।** सुसनेर थाने की कमान टीआई अक्षय सिंह बेस ने संभाल ली। वहीं आगर में महिला थाना प्रभारी के रूप में केशर राजपूत ने पदभार ग्रहण किया। जारी आदेश के बाद दोनों अधिकारियों ने अपने-अपने कार्यक्षेत्र में जिम्मेदारी संभालते हुए व्यवस्थाओं की समीक्षा शुरू कर दी है। सुसनेर क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने, अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण तथा आमजन से बेहतर संवाद स्थापित करने को लेकर नए टीआई की कार्यशैली पर क्षेत्रवासियों की नजर रहेगी। वहीं आगर महिला थाने में महिला अपराधों से जुड़े मामलों के त्वरित और प्रभावी निराकरण की जिम्मेदारी अब केशर राजपूत के हाथों में रहेगी। पुलिस विभाग के इस प्रशासनिक बदलाव को जिले में कानून व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## सुहेल जैदी का इंतकाल



**महिदपुर रोड।** नगर सहित आसपास के गांवों शहरों में बाबूजी के नाम से पहचाने जाने वाले बेगम बस के संचालक सुहेल जैदी का सोमवार की रात्रि में नागदा शहर में आकस्मिक निधन हो गया नीमच से इंदौर मंदसौर रतलाम जावरा तथा महिदपुर रोड नागदा के बीच संचालित होने वाली तीस से अधिक यात्री बसें मंगलवार को अपने रूट पर नहीं चली अंतिम यात्रा उनके निज निवास महिदपुर में निकली जहां बड़ी संख्या में रिश्तेदारों मिलने जुलने वालों बस स्टाफ ने शामिल होकर जनाजे की अंतिम नमाज के बाद उन्हें सुपर्द-ए-खाक किया।

## सड़क दुर्घटना में झुटावद पोस्ट ऑफिस में पदस्थ राहुल की मौत



**महिदपुर रोड।** सोमवार की देर शाम महिदपुर रोड तथा नागदा के बीच हुई दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने हुई जोरदार भिड़ंत में ग्राम झुटावद के पोस्ट ऑफि स में पदस्थ कर्मचारी राहुल गुर्जर की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई विभागीय कर्मचारियों के व्हाट्सएप ग्रुप पर जैसे ही सहयोगी कर्मचारियों को घटना की जानकारी मिली वे तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे तथा उसके परिजनों को हरियाणा खबर कर सड़क दुर्घटना में राहुल की मौत की जानकारी दी राहुल गुर्जर हरियाणा का रहने वाला होकर ग्राम झुटावद के पोस्ट ऑफिस में पदस्थ था तथा सोमवार को अपने किसी काम से नागदा शहर गया हुआ था जहां से वापसी लौटते समय उसकी सड़क दुर्घटना में मौत हो गई।

## हिंदू रक्षा शक्ति संघ के कार्यकर्ताओं से भेंट कर सनातन के प्रति किया जागरूक

**गुना।** हिंदू रक्षा शक्ति संघ के प्रदेश प्रभारी ने सोमवार पड़ोसी जिले शिवपुरी के देहरदा चौराहा पर जिलाध्यक्ष एवं संघ के कार्यकताओं से भेंट की। इस दौरान एक बैठक में सनातन के प्रति लोगों को जागरूक किया। इस मौके पर हिंदू रक्षा शक्ति संघ के वरिष्ठ कार्यकर्ता राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बृजेश सिंह रघुवंशी मौजूद रहे।

**माननीय न्यायालय व्यवहार न्यायाधीश महोदय वर्ग सांवेर जिला इंदौर म.प्र.**

**आवेदन-पत्र अतंर्गत धारा 372भा. उ. अधिनियम**
**सक्सेंशन प्रकरण क्रमांक 5 नियम (20) व्यवहार साम्य**
**(MJC. SUC/2-2025)**
**प्रोसेस नंबर 66/6-2-26**

**रेशम बाई आदि---------आवेदकगण**
**विरूद्ध**
**यूकों बैंक शाखा प्रबंधक चन्द्रावतीगंज---------अनावेदकगण**

**Process Id-/2025**
**पेशी दिनांकः 24/03/2026**

प्रेषक
(1) सर्व साधारण पता सर्व साधारण
(2) आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण क्रमांक 01 रेशम बाई पति चिंतामन आयु-85 वर्ष व्यवसाय कृषि कमांक 02 गणेश पिता चिंतामन आयु- 58 वर्ष व्यवसाय - कृषि क्रमांक 03 प्रकाश पिता चिंतामन आयु 52 वर्ष व्यवसाय-कृषि क्रमांक 04 रामकला पति जिवनलाल आयु 49 वर्ष व्यवसाय - गृहणी निवासी ग्राम मकोडीया टिगरिया जिला देवास क्रमांक 05 संगीता चौधरी पति चन्द्रहास चौधरी आयु 46 वर्ष व्यवासाय गृहणी निवासी टोंककला जिला देवास म.प्र. की ओर से एक आवेदन-पत्र अंतर्गत धारा 372 भा.उ. अधिनियम के अधिन स्व. श्री चिंतामन पिता मांगीलाल जी पटेल आवेदक कमांक 01 पत्नी तथा आवेदक क्रमांक 02 लगायत 05 तक के पिता थे। जो कि यह कृषि कार्य करते थे इनकी मृत्यु दिनांक 25/07/2025 को ग्राम पोटलोद तहसील सावेंर जिला इंदौर में हो चुकी है। इनकी वारिसान आवेदकगण के अलावा कोई विधि वारिस नहीं तथा श्री स्व. श्री चिंतामन पिता मांगीलाल जी पटेल अपने जिवन काल में अनोवदक क्रमांक 01 यूकों बैंक शाखा चन्द्रावतीगंज तहसील सावेंर जिला इंदौर में एक बचत खाता क्रमांक 05240100007107 में समय-समय पर राशि जमा की जाती थी। जिनके बचत खातें में 8,90,612/- रुपए जमा है। स्व. चिंतामन पिता मांगीलाल जी पटेल द्वारा अपने जिवन काल में नॉमिनी नहीं किया गया था।

आवेदकगण बताने मृतक स्व. श्री चिंतामान पिता मांगीलाल जी पटेल ग्राम पोटलोद तहसील सावेंर जिला इंदौर म.प्र. की आवेदक क्रमांक 01 शाखा प्रबंधक यूकों बैंक शाखा चन्द्रावतीगंज तहसील सावेंर जिला इंदौर म.प्र. में जमा उक्त राशि सम्पत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक / संरक्षक नियुक्ति प्रमाण- पत्र प्राप्त करने के लिए इस न्यायालय में आवेदन किया है।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक / संरक्षक होने संबंधि प्रमाण-पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो स्वंय अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहे सूचना उपरान्त यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवाई एक पक्षीय कि जाकर प्रकरण का निराकरण माननीय न्यायालय के द्वारा किया जावेगा। दिनांक 04/02/2026

**(डॉ. संगीता पी. बर्वे)**
**द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खड**
**सांवेर, जिला इन्दौर (म.प्र.)**

## दिनदहाड़े सूने मकान से 4 लाख नकद व जेवर चोरी

**शाजापुर।** जिले के ग्राम कुकड़ी में दिनदहाड़े एक सूने मकान का ताला तोड़कर लाखों रुपये की चोरी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। सुनेरा थाने में शिकायत दर्ज कराने के बावजूद कई दिन बीत जाने पर भी पुलिस के हाथ खाली हैं। कार्रवाई न होने और आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से परेशान पीड़ित ने मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर एक शिकायती आवेदन सौंपा और जल्द न्याय दिलाने की गुहार लगाई है। ग्राम कुकड़ी निवासी बाबूलाल पिता रतनलाल ने कलेक्टर कलेक्टर पहुंचकर दिए आवेदन में बताया कि बीते दिनों वह अपने पूरे परिवार के साथ जंगल में मजदूरी करने गए हुए थे। इसी दौरान दोपहर करीब 2 बजे अज्ञात बदमाशों ने सूने मकान का फायदा उठाते हुए घर का ताला तोड़ दिया। चोरों ने घर के अंदर रखी पेटी, अलमारी से चार लाख रुपए नकद, एक सोने का मंगलसूत्र और आधा किलो आंवला चुरा लिया। जब परिवार घर लौटा तो ताले टूटे और सामान बिखरा देख उनके होश उड़ गए। चोरी की यह घटना पीड़ित परिवार के लिए एक दोहरा सदमा है। पीड़ित बाबूलाल ने बताया कि कुछ समय पहले ही उनके 25 वर्षीय युवा पुत्र का अचानक निधन हो गया था। बेटे ने शाजापुर के ज्योति नगर क्षेत्र में एक प्लॉट खरीदा था, जिसकी दो किस्तें बाकी थीं। इन्हीं बकाया किस्तों को चुकाने के लिए बाबूलाल ने अपनी बहन और ससुराल वालों से चार लाख रुपये उधार मांगकर जुटाए थे, जिसे चोरों ने पार कर दिया। पीड़ित का आरोप है कि घटना के तुरंत बाद सुनेरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी, लेकिन कई दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस न तो चोरों का कोई सुराग लगा पाई है और न ही चोरी गई रकम बरामद कर सकी है। बाबूलाल ने कलेक्टर से इस मामले में त्वरित संज्ञान लेकर पुलिस को सख्त कार्रवाई के निर्देश देने की मांग की है।

## सरकारी स्कूल में मासूमों से साफ करवाया शौचालय

**शाजापुर।** जिले के पिपलिया गोपाल स्थित शासकीय प्राथमिक विद्यालय से शिक्षा के मंदिर को शर्मसार करने वाला एक मामला सामने आया है। यहां एक शिक्षक द्वारा मासूम बच्चों से स्कूल के शौचालय और बाथरूम साफ कराने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। घटना के बाद ग्रामीणों और अभिभावकों में भारी आक्रोश है। मामले के तूल पकड़ने के बाद शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने जांच के आदेश दे दिए हैं। वायरल वीडियो में स्कूल के शिक्षक फजल एक मासूम बच्चे से शौचालय की सफाई करवाते हुए नजर आ रहे हैं। हद तो तब हो गई जब सफाई के दौरान बच्चे की शर्ट तक उतरवा दी गई। यह प्रताड़ना केवल छात्रों तक सीमित नहीं है, बल्कि स्कूल की छात्राओं ने भी शिक्षक पर गंभीर आरोप लगाए हैं। छात्राओं का कहना है कि उनसे पढ़ाई के बजाय आए दिन स्कूल में झाड़ू लगवाई जाती है और साफ-सफाई के अन्य काम करवाए जाते हैं। इस मामले में कक्षा 6 के छात्र ने बताया कि शिक्षक फजल ने यह कहकर उनसे बाथरूम साफ करवाया कि, अब परीक्षाएं शुरू होने वाली हैं और बाहर के गांवों से भी बच्चे यहां परीक्षा देने आएंगे, इसलिए इसकी सफाई कर दो। वहीं, एक छात्र के अभिभावक ने बताया कि जब वे किसी काम से स्कूल पहुंचे, तो उन्होंने खुद अपनी आंखों से बच्चों को आधे कपड़ों (बिना शर्ट) में शौचालय साफ करते देखा। इस दृश्य को देखकर ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। चारों तरफ से घिरने और वीडियो सामने आने के बावजूद शिक्षक फजल ने आरोपों को सिरे से नकार दिया है। अपने बचाव में उन्होंने कहा कि उन्होंने किसी भी बच्चे से शौचालय साफ नहीं करवाया है। शिक्षक का तर्क है कि उन्होंने बच्चों को केवल स्कूल परिसर में गिरे हुए सूखे पत्ते उठाने के लिए कहा था। वीडियो के वायरल होने और ग्रामीणों के तीखे विरोध के बाद शिक्षा विभाग हरकत में आ गया है। वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि यह गंभीर मामला उनके संज्ञान में आ चुका है। त्वरित कार्रवाई करते हुए बीआरसी और जनशिक्षक को तुरंत मौके पर भेजकर विस्तृत जांच के निर्देश दिए गए हैं।

## कोमल देशमुख बनीं जिजाऊ ब्रिगेड प्रदेशाध्यक्ष

**शुजालपुर।** संगठन विस्तार अभियान के तहत जिजाऊ ब्रिगेड ने मध्यप्रदेश में नई जिम्मेदारी तय करते हुए शिवमती एडवोकेट कोमलताई देशमुख को प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त किया है। यह निर्णय संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. निर्मलाताई पाटील की सहमति एवं मार्गदर्शन में लिया गया। संगठन की ओर से जारी जानकारी के अनुसार कोमलताई देशमुख लंबे समय से सामाजिक, शैक्षणिक एवं महिला सशक्तिकरण गतिविधियों से जुड़ी रही हैं। उनके नेतृत्व अनुभव और संगठनात्मक क्षमता को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है। पदाधिकारियों का मानना है कि उनके नेतृत्व में मध्यप्रदेश में संगठन की गतिविधियों को नई गति मिलेगी और जनहित से जुड़े कार्यक्रम अधिक प्रभावी रूप से संचालित होंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. पाटील ने नियुक्ति पर शिव अभिनंदन देते हुए कहा कि जिजाऊ ब्रिगेड का उद्देश्य मातृशक्ति का सम्मान, संस्कार निर्माण तथा समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाना है। उन्होंने विश्वास जताया कि कोमलताई देशमुख इस उद्देश्य की पूर्ति में अहम भूमिका निभाएंगी।

## विद्युत विभाग की सख्त कार्रवाई, बरनावद में बकायेदारों की 6 बाइकें जब्त

**शाजापुर।** बिजली बिलों की बकाया राशि वसूलने के लिए विद्युत वितरण कंपनी ने अब सख्त रवैया अपना लिया है। मंगलवार को जिले के ग्राम बरनावद में विद्युत विभाग की टीम ने सघन अभियान चलाते हुए बकायेदारों के खिलाफ कुर्की और जब्ती की बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया।

इस दौरान लंबे समय से बिल जमा नहीं करने वाले उपभोक्ताओं की कुल 6 बाइक जब्त की गईं। विभागीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम बरनावद में विभिन्न उपभोक्ताओं पर बिजली बिल के रूप में कुल एक लाख बीस हजार रुपए की राशि बकाया थी। विभाग द्वारा बार-बार सूचना देने के बावजूद जब उपभोक्ताओं ने बकाया राशि जमा नहीं की, तो टीम ने गांव में दबिश दी। जब्ती की कार्रवाई शुरू होते ही बकायेदारों में हड़कंप मच गया। विभाग की सख्ती को देखते हुए मौके पर ही 4 बाइक मालिकों ने अपने बकाया बिलों के मद में 70 हजार रुपए तत्काल जमा कर दिए, जिसके बाद उनकी गाड़ियां मुक्त की गईं।

### इनके नेतृत्व में हुई कार्रवाई

मोहन बड़ोदिया के कनिष्ठ यंत्री (जेई) उदयभान सिंह किरार ने मंगलवार शाम 4 बजे इस पूरी कार्रवाई की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह वसूली अभियान वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर चलाया जा रहा है। इस जब्ती दल में जेई उदयभान सिंह किरार के साथ शाजापुर से विनोद मेवाड़ा सहित विद्युत विभाग के अन्य कर्मचारी प्रमुख रूप से शामिल थे।

### जाहिर सुचना

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि मैरे पक्षकार ने भूमि स्वामी जस्सू पिता स्वं-नाथा जी जाति बंजारा निवासी ग्राम भीलखेड़ा तहसील घटिटया जिला उज्जैन म.प्र. से उनके निजी स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि जिसका सर्वे क्रमांक 70/1 रकबा 0.19 हैक्टेयर भूमि कुल किता 01 कुल रकबा 0.19 हैक्टेयर भूमि प.ह.न. 12 स्थित ग्राम भीलखेड़ा तहसील घटिटया जिला उज्जैन म.प्र. में होकर उक्त भुमि का विक्रय टोकन / सौदा चिठठी/अनुबंध पत्र संपादित करवाकर बयाना राशि भी भैरे पक्षकार से प्राप्त कर ली है। यह कि उक्त भुमि विक्रय में यदि उक्त अनुबंधित कृषि भूमि को विक्रय या अंतरित किये जाने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तथा उक्त भूमि/संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति संस्था, बैंक, निकाय शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋण भार, बोझ या हित अधिकार आधिपत्य बिक्री या वारिसान आदि का कोई हक हित या भार हो इस विक्रय संव्यवहार में कोई आपत्ति हो तो वह मय प्रमाण के मुझसे इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 (सात) दिवस के भीतर सप्रमाण मुझे कार्यालयिन समय में लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके। अन्यथा बाद मियाद अवधि उक्त सम्पत्ति का विक्रय पत्र पंजीकृत करवा लिया जावेगा। तत्पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितो पर बंधनकारी नही होगी। सुचित हो । इति दिनांक-16-02-2026

**ज्योतिष शर्मा (दस्तावेज लेखक/सर्विस प्रोवाईडर)**
**कार्यालय पता उन्हेंल चौराहा भैरवगढ़ उज्जैन मो. 96300-65216**

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने 1- नादानबाई पति स्व. शिवनारायण 2- सांवरिया 3- राजपाल पुत्रगण शिवनारायण 4- डालीबाई पुत्री शिवनारायण पति भारत 5- दुर्गाबाई पिता भेरु पति सुरेश परमार 6 रवीना पति स्व. जीवन 7- बाबूलाल पिता रतनलाल 8 श्यामूबाई पिता रतन पति कैलाश 9- सावित्रीबाई पिता रतन पति कैलाश 10-रामूबाई पति स्व. रतनलाल 11- बाबूलाल पिता मदन 12 बालाराम पिता मदन 13-रुखमाबाई पिता मदन पति मांगीलाल 14 ग्यारसीबाई पति स्व. मदन 15- विकास पिता जगदीश 16- संगीताबाई पति स्व.जगदीश 17- हाकम 18 नगजी पुत्रगण मेरजी समस्त जाति बागरी समस्त कृषक ग्राम सुरजनवासा तहसील व जिला उज्जैन म.प्र. से उनके भूमिस्वामी स्वत्व का संयुक्त कृषि भूमि खाता की कृषि भूमि आराजी सर्वे क्रमांक 81/2 रकबा 0-61 हेक्टर मेसे अपने हिस्से मेसे रकबा 0-30 हेक्टर स्थित ग्राम सुरजनवासा प0ह0नं0 55 तहसील व जिला उज्जैन को क्रय करने का सौदा किया होकर बयाना राशि दी है तथा अब उक्त भूमिस्वामीयो को शेष विक्रयधन अदा कर उनसे विक्रय-पत्र का संपादन एंव पंजीयन करवाया जाना है, उक्त वर्णित संपत्ति भूमि पर किसी राष्ट्रीयकृत बैंक, अराष्ट्रीयकृत बैंक, सहकारी संस्था, व्यक्ति, संस्था, शासन या अन्य का कोई ऋण, भार, मतालबा हो या किसी प्रकार का टेक्स, कर, प्रभार, शुल्क, पेनल्टी, दण्ड, ब्याज आदि बकाया हो या उक्त संपत्ति मे किसी का कोई स्वत्व, हित, क्लेम हो अथवा कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7. दिवस के अन्दर सप्रमाण मुझे लिखित में आपत्ति पेश करे ताकि उसका निराकरण किया जा सकेगा, अन्यथा बाद अवधि मेरे पक्षकार द्वारा शेष विक्रयधन राशि उक्त भूमिस्वागीयो को अदा कर उनसे विक्रय-पत्र का संपादन व पंजीयन करा लिया जायगा, तत्पश्चात किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नही की जायगी, सो सूचित हो। इति दिनांक- 17/02/2026 ई. स्थान-उज्जैन

**भूपेन्द्रकुमार दुग्गड़ अभिभाषक**
**बी-2 भरतपूरी काम्पलेक्स ओल्ड उप-पंजीयक कार्या.उज्जैन**
**समय- दोपहर 12 से शाम 5 तक**
**मो0 9827015921, 6260316839**


### पश्चिम रेलवे ने विशेष ट्रेनों के फेरे विस्तारित किए

| गाड़ी सं. | प्रस्थान स्टेशन और गंतव्य | परिचालन का दिन | कब तक विस्तारित |
|---|---|---|---|
| 09465 | अहमदाबाद – दरभंगा | शुक्रवार | 27.03.2026 |
| 09466 | दरभंगा – अहमदाबाद | सोमवार | 30.03.2026 |
| 09447 | अहमदाबाद – पटना | बुधवार | 25.03.2026 |
| 09448 | पटना – अहमदाबाद | शुक्रवार | 27.03.2026 |

ठहराव, समय और संरचना (कम्पोजिशन) के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए, यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाएं।

गाड़ी सं. 09465 और 09447 के विस्तारित फेरों की बुकिंग 18.02.2026 से सभी पीआरएस (PRS) काउंटरों और आईआरसीटीसी (IRCTC) वेबसाइट पर शुरू होगी। उपरोक्त ट्रेनें विशेष किराये पर विशेष ट्रेन के रूप में चलेंगी।

पश्चिम रेलवे
wr.indianrailways.gov.in
हमें लाइक और फॉलो करें: facebook.com/WesternRly
X.com/WesternRly
Instagram.com/WesternRly
https://www.youtube.com/@WesternRly
https://bit.ly/WesternRailwayOfficial

कृपया सभी आरक्षित टिकटों के लिए मूल पहचान प्रमाण (Original ID Proof) साथ रखें



### पश्चिम रेलवे विशेष ट्रेन चलाएगा उधना और रक्सोल के मध्य

| ट्रेन सं. | प्रारंभिक स्टेशन और गंतव्य | दौड़ का दिन | सेवा की तिथि |
|---|---|---|---|
| 05560 | उधना-रक्सोल | रविवार | 08.03.2026 |
| 05559 | रक्सोल-उधना | शनिवार | 07.03.2026 |

ठहराव: भरूच, वडोदरा, गोधरा, रतलाम, नागदा, उज्जैन, सीहोर, संत हिरदाराम नगर, बीना, ललितपुर, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, बाराबंकी, गोंडा, गोरखपुर, कप्तानगंज, बगहा, नरकटियागंज और सिकटा स्टेशन दोनों दिशाओं में।

संरचना: प्रथम एसी, एसी 2-टियर, एसी 3-टियर, स्लीपर क्लास और सामान्य द्वितीय श्रेणी कोच।

ट्रेन संख्या 09065/09066 सूरत छपरा साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन क्रमशः 30/03/2026 और 01/04/2026 तक बढ़ाई गई है

स्टॉपेज, रुकने का समय और कंपोजिशन के बारे में पूरी जानकारी के लिए, यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जा सकते हैं।

ट्रेन नंबर 05560 और ट्रेन नंबर 09065 के एक्सटेंडेड ट्रिप की बुकिंग 18.02.2026 से सभी PRS काउंटर और IRCTC वेबसाइट पर शुरू होगी। ऊपर बताई गई ट्रेनें स्पेशल ट्रेन के तौर पर स्पेशल किराए पर चलेंगी।

पश्चिमी रेलवे
wr.indianrailways.gov.in
हमें लाइक करें और फॉलो करें: facebook.com/WesternRly
XX.com/WesternRly
Instagram.com/WesternRly
https://www.youtube.com/@WesternRly
https://bit.ly/WesternRailwayOfficial

कृपया सभी रिज़र्व टिकटों के लिए ओरिजिनल ID प्रूफ़ साथ रखें


## डिलीवरी वार्ड में जाने से रोकने पर परिजनों ने सिक्योरिटी गार्ड को पीटा

**शाजापुर।** स्थानीय जिला अस्पताल में सोमवार देररात एक बड़ा विवाद सामने आया। डिलीवरी कक्ष के बाहर ड्यूटी पर तैनात एक सिक्योरिटी गार्ड के साथ मरीज के परिजनों ने जमकर मारपीट की। घटना का मुख्य कारण नियमों का पालन कराते हुए पुरुषों को वार्ड में जाने से रोकना और एंट्री के लिए मोबाइल नंबर मांगना बताया जा रहा है। मारपीट की यह पूरी घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसके आधार पर अस्पताल प्रबंधन ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सोमवार रात सिक्योरिटी गार्ड महेश प्रजापति डिलीवरी कक्ष के मुख्य गेट पर अपनी ड्यूटी कर रहा था। तभी अस्पताल में भर्ती मरीज मुस्कान के कुछ पुरुष परिजन डिलीवरी कक्ष के अंदर जाने का प्रयास करने लगे। गार्ड महेश ने उन्हें नियमों का हवाला देते हुए रोका कि पुरुषों का अंदर जाना सख्त मना है। इसके बाद गार्ड ने रजिस्टर में एंट्री करने के लिए परिजनों से उनका मोबाइल नंबर मांगा। गार्ड के मुताबिक, परिजनों को यह गलतफहमी हो गई कि गार्ड उनकी बहन (मरीज) का नंबर मांग रहा है। इसी बात पर वे भड़क गए और उन्होंने विवाद करते हुए गार्ड के साथ मारपीट शुरू कर दी। इस हमले में गार्ड महेश के सिर में चोटें आई हैं। घटना के बाद अस्पताल में हड़कंप मच गया। जिला अस्पताल के डॉ. गोविंद पाटीदार ने घटना की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि रात में ड्यूटी पर तैनात गार्ड के साथ मरीज के परिजनों द्वारा झूमा-झटकी और मारपीट की गई है। अस्पताल प्रबंधन ने इस कृत्य को गंभीरता से लिया है और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए पुलिस को औपचारिक शिकायत आवेदन सौंप दिया है। दूसरी तरफ, इस पूरे घटनाक्रम को लेकर मरीज मुस्कान के पिता अशोक (निवासी ग्राम भरड़) ने किसी भी प्रकार की जानकारी होने से इनकार किया है।

### (जाहिर सूचना)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने श्रीमती मधु राय पति श्री कैलाश निवासी 27. नजर अली मार्ग, निजातपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से उनके स्वामित्व स्वत्व एवम आधिपत्य का भूखण्ड क्रमांक 151 स्थित ग्रेटर रतन एवेन्यू एक्सटेंशन एम.आर.-5 रोड़ आगर रोड़, उज्जैन (म.प्र.) में है, जिसका कुल क्षेत्रफल 90.00 वर्गमीटर है, जिसके पूर्व में भूखण्ड क्रमांक-142, पश्चिम में सड़क कॉलोनी की, उत्तर में भूखण्ड क्रमांक-152. दक्षिण में भूखण्ड क्रमांक-150, मिला है. उक्त सम्पति को यथा स्थिति में तल भूमि से लगाकर हवाई हक सहित को क्रय करने का अनुबन्ध किया गया होकर टोकन बयाना राशि अदा कर दी हैं, अव शेष विक्रय बन अदाकर विक्रय-पत्र का पंजीयन करवाना शेष हैं, यदि उक्त सम्पत्ति को लेकर किसी प्रकार का कोई लेन देन अथवा किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था, या किसी वित्तीय संस्थान आदि का कोई बकाया हो या किसी का क्रय अनुबन्ध हो अथवा किसी का कोई स्वत्व, हित, अधिकार या सुखाधिकार हो तो यह इस जाहिर सूचना प्रकाशन की दिनांक से अवधि = दिनों में अपनी आपत्ति सप्रमाण लिखित में मेरे कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर पेश करें अन्यथा बाद गुजरने अवधि मेरे पक्षकार अपने हित में विक्रय-पत्र का पंजीयन करवा लेंगे तथा पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बन्धनकारक नहीं होगी, सूचित हो ।

इति दिनांक-17.02.2026,

**कु. मनोहरसिंह राणावत दस्तावेज लेखक**
**सी-10 भरतपुरी काम्पलेक्स उज्जैन मो.**
**98268.87494**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी लतीफ खान पिता बापू जी आयु 65 वर्ष व्यवसाय कृषि निवासी 25, धर्मत, सांवेर, इन्दौर (म.प्र. ) एवं कृषक ग्राम फतेहाबाद तहसील व जिला उज्जैन से उनके एकमेव स्वामित्व एवं आधि ापत्य की कृषि भूमि आराजी सर्वे नम्बर-534 रकबा 0-270 हेक्टयर एवं सर्वे नम्बर-536 रकबा 0-360 हेक्टयर कुल किता 2 कुल रकबा 0-630 हेक्टयर भूमि स्थित ग्राम फतेहाबाद तहसील व जिला उज्जैन के पटवारी हल्का नम्बर-14 में स्थित होकर फ्रीहोल्ड राईट्स की भूमि है, जिसे मेरे पक्षकार ने क्रय करने का सौदा किया होकर आंशिक बयाना राशि अदा कर दी है और अनुबंध पत्र का निष्पादन करवा लिया है तथा शेष राशि अदा कर केवल विक्रय-पत्र का पंजीयन करवाया जाना शेष है। उक्त कृषि भूमि में कोई व्यक्ति अथवा संस्था अपना हित व हिस्सा रखता हो या उक्त कृषि भूमि पर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक, अथवा सरकारी, साहूकारी या किसी विभाग या वित्तीय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋ्रण, भार, प्रभार या साहूकारी ऋ्रण, भार हो तो ऐसे संबंधित विभाग / व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधी व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारां विधिवत विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नही होगी। यह दिनांक- है

**राजेन्द्र जैन पोरवाड़ एडवोकेट**
**कार्या. बी-9, भरतपुरी काम्पलेक्स, आरटीओ के पीछे, उज्जैन मो. 9993079516-9425094349**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामीगण सत्यनारायण, सीताराम एवं ईश्वर पुत्रगण श्री सुखदेव जी निवासी एवं कृषक ग्राम फतेहाबाद तहसील व जिला उज्जैन से उनके संयुक्त स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि आराजी सर्वे नम्बर-527 रकबा 0.350 हेक्टयर तथा भूमि स्वामीगण सेवाराम, सुरेश, गोपाल पुत्रगण श्री बद्रीलाल जी, अयोध्या बाई, मनोरमा बाई, पवित्रा बाई पुत्रियां श्री बद्रीलाल जी एवं श्रीमती मीरा बाई पति श्री बद्रीलाल जी से उनके संयुक्त स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि आराजी सर्वे नम्बर-528 रकबा 0-290 हेक्टयर कुल किता 2 कुल रकबा 0-640 हेक्टयर भूमि स्थित ग्राम फतेहाबाद तहसील व जिला उज्जैन के पटवारी हल्का नम्बर-14 में स्थित होकर फ्रीहोल्ड राईट्स की भूमि है, जिसे मेरे पक्षकार ने क्रय करने का सौदा किया होकर आंशिक बयाना राशि अदा कर दी है और सौदा चिट्ठी का निष्पादन करवा लिया है तथा शेष राशि अदा कर केवल विक्रय-पत्र का पंजीयन करवाया जाना शेष है। उक्त कृषि भूमि में कोई व्यक्ति अथवा संस्था अपना हित व हिस्सा रखता हो या उक्त कृषि भूमि पर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक, अथवा सरकारी, साहूकारी या किसी विभाग या वित्तीय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋ ण, भार, प्रभार या साहूकारी ऋ ण, भार हो तो ऐसे संबंधित विभाग/व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधी व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। इति दिनांक-17.02.2026

**राजेन्द्र जैन पोरवाड़ एडवोकेट**
**कार्या. बी-9, भरतपुरी काम्पलेक्स, आरटीओ के पीछे, उज्जैन मो. 9993079516-9425094349**

## तालाब की पाल पर खेल रहे थे जूआ

**शुजालपुर।** मंडी पुलिस थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम जामनेर स्थित तालाब की पाल पर कुछ लोग जुआ खेल रहे थे, जिसकी सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर तीन आरोपियों को पकड़ा। बताया जाता है कि इस दरमियान कुछ आरोपी मौके से भागने में सफल हो गए। पुलिस के अनुसार जुआ खेलते हुए महेन्द्र खत्री निवासी कालापीपल, जितेन्द्र राठौर व अशोक तोमर दोनों निवासी आष्टा को पकड़ा। पुलिस ने मौके से 9 हजार 220 रुपए नगदी तथा ताश पत्ते बरामद किए। पुलिस की इस कार्यवाही पर संदेह भी जताया जा रहा है।

### जाहिर-सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार संजय पिता प्रहलाद जाति-बागरी, निवासी ग्राम सूरजनवासा तह. व जिला उज्जैन ने भूमि सर्वे क्रमांक 119/1/1 रकबा 0.40 हेक्टेयर स्थित ग्राम सूरजनवासा तह. व जिला उज्जैन के संबंध में अनोखीबाई पति अम्बाराम निवासी ग्राम सूरजनवासा तह. व जिला उज्जैन के विरूद्ध स्वत्व घोषणा एवं स्थायी निषेधाज्ञा हेतु एक वाद न्यायालय द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश महोदय, कनिष्ठ खण्ड उज्जैन (पीठासीन श्रीमती पूजा भदौरिया साहब) के समक्ष प्रकरण क्रमांक आरसीएसए 76/2026 प्रस्तुत किया है। उक्त वाद में पेशी दिनांक 24/02/2026 नियत है। उक्त दिनांक को अनोखीबाई को उपस्थिति होने के लिये न्यायालय द्वारा सूचना पत्र के लिये जारी करवाया जा चुका है। उक्त कृषि भूमि के संबंध में उपरोक्तानुसार वाद विचाराधीन होने से कोई भी व्यक्ति व संस्था अनोखीबाई पति अम्बाराम से रहन, बय, दान करने के संबंध में किसी प्रकार का कोई व्यवहार नहीं करें तथा कोई भी व्यक्ति उक्त कृषि भूमि के संबंध में ऐसा कोई कार्य नहीं करें जो मेरे पक्षकार के हितों के विरूद्ध हो। इति दिनांक 17/02/2026

**मनोहरलाल राठौर हाईकोर्ट एडवोकेट**
**मो.नं. 94248-70494**

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यह सूचना हमारे पक्षकार धीरज गोयल पिता रामेश्वर गोयल निवासी 16 पटवा बाखल पटनी बाजार उज्जैन जिला उज्जैन मध्य प्रदेश के द्वारा प्रदत मौखिक एवं दस्तावेजी आधार पर प्रकाशित करवाई जा रही है की कुबरा बी पति जहुर आलम निवासी 79 बेगमपुरा उज्जैन जिला उज्जैन मध्य प्रदेश के स्वामित्व स्वत्व एवं प्रत्यक्ष अधिपत्य का बेगमपुरा जिला उज्जैन स्थित एक मकान जो कुबरा बी को अपने पति जहुर आलम की मृत्यु के पश्चात उत्तराधिकार में प्राप्त हुआ है, जिसकी लंबाई पूर्व पश्चिम 86.6 फिट एवं चौड़ाई उत्तर दक्षिण 15 फीट है, जिसकी चतुर सीमा पूर्व में शासकीय सड़क हरी फाटक वाली पश्चिम में सरकारी गली उत्तर में महेंद्र कुमार जैन दक्षिण में रामचन्द्र राठौर स्थित है। उक्त मकान जो को विक्रय करने का अनुबंध हमारे पक्षकार धीरज गोयल पिता रामेश्वर गोयल निवासी उज्जैन से किया है। अत: सूचित किया जाता है कि उक्त मकान के संबंध में अन्य कोई हक, हित,हिस्सा,अधिकार, आदि हो या उक्त मकान पर किसी बैंक किसी व्यक्ति का कोई लेन देन बकाया हो तो या या किसी परिवार के सदस्यों की कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि के अंदर अपनी लिखित आपत्ति मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें । इसके बाद कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी यह सूचित हो

**देवेंद्र सिंह भदौरिया एडवोकेट**
**उज्जैन +91 91311 92677**

### जाहिर सूचना

इस जाहिर सूचना के माध्यम से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्रीमती नम्रता जैन पति श्री अनिल जैन निवासी 10/3 गोकुल परिसर मेट्रो टॉकीज के पास, नजरअली मार्ग उज्जैन के स्वामित्व, स्वत्व एवं आधिपत्य का भूखण्ड क्रमांक एल.आई.जी.-5 (एल-5) स्थित मणिपार्क वे आगररोड उज्जैन है जिसका कुल क्षेत्रफल 79.82 वर्गमीटर का है, जिसके पूर्व की ओर सडक कालोनी की, पश्चिम की ओर-भूखण्ड क्रमांक 80 एवं 81 का भाग, उत्तर की ओर भूखण्ड क्रमांक एल.आई.जी. 4, दक्षिण की ओर-भूखण्ड क्रमांक एल.आई.जी. 6, तथा पेमाईश लम्बाई-14.54 मीटर, चौडाई 5.49 मीटर है, उक्त भूखण्ड को क्रय करने का अनुबंध किया है व बयाना राशि अदा कर दी है, शेष राशि अदा कर विक्रय पत्र की रजिस्ट्री कराई जाना है। उपरोक्त वर्णित भूखण्ड पर किसी भी व्यक्ति का कोई हित, अधिकार, हिस्सा, हक, हो अथवा भूखण्ड कहीं पर भी रहनग्रस्त, भारग्रस्त, दानग्रस्त व प्रतिभूतिग्रस्त अनुबंधग्रस्त, विक्रयग्रस्त, बंधकग्रस्त किया हुआ हो या किसी बैंक अथवा पेढी में इक्वीटेबल मार्गेज या सिम्पल मार्गेज, बंधक आदि किया हो या उपरोक्त भूखण्ड के संबंध में कोई वाद विवाद किसी भी न्यायालय में विचाराधिन हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन से सात दिवस में मय लेखी प्रमाण के आपत्ति प्रस्तुत करें बाद समयावधि व्यतीत होने पर मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत विक्रय-पत्र की रजिस्ट्री करवा ली जावेगी उसके पश्चात प्राप्त होने वाली आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधन कारक नहीं रहेगी। सूचित हो। इति दिनांक 17/2/2026 स्थान उज्जैन

**राजेन्द्रकुमार जैन (पालरेचा) एडवोकेट एवं नोटरी**
**51, दादाभाई नौरोजी मार्ग, स्नेह दीप, खाराकुंआ**
**उज्जैन मो. 94250-91124, 8959999299**

### (जाहिर सूचना)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने 1 श्रीमती रेहाना लश्करवाला पति मुफददेल लश्करवाला 2- श्रीमती जुमाना लश्करवाला पति अमीरूउद्दीन लश्करवाला निवासीगण 60, दादा नौरोजी भाई मार्ग, नयापुरा, उज्जैन (म.प्र.) से उनके स्वामित्व स्वत्व एवम आधिपत्य का भूखण्ड क्रमांक 10 स्थित मनीपार्क वे प्रीमियम आगर रोड, उज्जैन में है, जिसका कुल क्षेत्रफल 146.26 वर्गमीटर हैं, जिसके पूर्व में - सड़क कॉलोनी की, पश्चिम में सड़क आगर रोड़, उत्तर में भूखण्ड क्रमांक-09, दक्षिण में भूखण्ड क्रमांक-11, मिला हैं, उक्त सम्पत्ति को यथा स्थिति में तल भूमि से लगाकर हवाई हक सहित को क्रय करने का अनुबन्ध किया गया होकर टोकन बयाना राशि अदा कर दी हैं, अब शेष विक्रय धन अदाकर विक्रय-पत्र का पंजीयन करवाना शेष हैं, यदि उक्त सम्पत्ति को लेकर किसी प्रकार का कोई लेन देन अथवा किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था, या किसी वित्तीय संस्थान आदि का कोई बकाया हो या किसी का क्रय अनुबन्ध हो अथवा किसी का कोई स्वत्व, हित, अधिकार या सुखाधिकार हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन की दिनांक से अवधि 7 दिनो में अपनी आपत्ति सप्रमाण लिखित में मेरे कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर पेश करें अन्यथा बाद गुजरने अवधि मेरे पक्षकार अपने हित में विक्रय-पत्र का पंजीयन करवा लेंगे तथा पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बन्धनकारक नहीं होगी, सूचित हो ।

इति दिनांक 17.02.2026,

**कु. मनोहरसिंह राणावत दस्तावेज लेखक**
**सी-10 भरतपुरी काम्पलेक्स उज्जैन**
**मो. 98268.87494**

न्यूज कॉलम




## पुलिस पेंशनर्स संघ ने उठाई महंगाई राहत की मांग, मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**मन्दसौर।** पुलिस पेंशनर्स संघ मध्य प्रदेश ने अपनी लंबित मांगों को लेकर प्रदेशव्यापी आंदोलन के तहत मंदसौर में भी कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन प्रदेश के 35 जिलों में संघ द्वारा दिया गया। प्रांतीय अध्यक्ष एमपी सिंह परिहार के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पेंशनर्स ने तहसीलदार को ज्ञापन देते हुए मांग की कि केंद्र सरकार की तर्ज पर 3 प्रतिशत महंगाई राहत तत्काल स्वीकृत की जाए। संघ का कहना है कि 8 माह बीत जाने के बाद भी प्रदेश के साढ़े पांच लाख पेंशनर्स को यह लाभ नहीं मिला है। इसके साथ ही पेंशनर्स को स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ देने की भी मांग की गई है। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इन मांगों पर कैबिनेट में निर्णय नहीं लिया गया, तो प्रदेश स्तर पर उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान जिला अध्यक्ष आरपी मिश्रा, प्रांतीय सचिव रामरतन दुबे, ब्रजेश दुबे, शिवशंकर सिंह तोमर, नाहर सिंह, राधेश्याम परमार, रहीम बैग, इकबाल बेग, मोहम्मद नूर, हरेंद्रसिंह सेंगर, जगदीश शर्मा, जगदीश शर्मा, नागुलाल सूर्यवंशी, भारतसिंह सिसोदिया, विनोद सिंह भदोरिया, शंभूसिंह चुंडावत, गुमानसिंह हाडा आदि उपस्थित रहे।

## जनगणना 2027 की तैयारियां शुरू, मई में होगा मकानों का सूचीकरण



**मंदसौर।** भारत की जनगणना 2027 के सफल संचालन के लिए मंदसौर जिले में दो चरणों में कार्य योजना तैयार की गई है। जिला स्तरीय प्रशिक्षण के प्रथम दिवस पर नोडल अधिकारी अभिषेक सिंह ठाकुर एवं अशोक चौबे ने बताया कि प्रथम चरण में 1 मई से 30 मई 2026 तक मकानों की गणना और सूचीकरण का कार्य किया जाएगा। इसके लिए नगरीय एवं ग्रामीण स्तर पर चार्ज अधिकारियों की नियुक्ति कर उन्हें तकनीकी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि घर-घर नंबरिंग का कार्य पूरी सटीकता के साथ किया जाए ताकि द्वितीय चरण की जनसंख्या गणना व्यवस्थित रहे। त्रुटियों से बचने के लिए प्रगणकों को पहले डेटा कागज पर संकलित करने और फिर पोर्टल पर प्रविष्टि करने की सलाह दी गई है।

## हर्बल गुलाल से महकेगी होली, कॉलेज में कार्यशाला आयोजित




**मंदसौर।** राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के वनस्पति विभाग एवं इको क्लब द्वारा विद्यार्थियों के लिए श्हर्बल कलर निर्माणश कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्राचार्य प्रो. जे.एस. दुबे ने बताया कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को रासायनिक रंगों के हानिकारक प्रभावों से बचाना और पर्यावरण अनुकूल होली के लिए प्रेरित करना है। मुख्य प्रशिक्षक डॉ. प्रेरणा मित्रा ने डेमो के माध्यम से चुकंदर, हल्दी, पलाश और पालक से प्राकृतिक रंग बनाने की विधि सिखाई। कार्यशाला में बताया गया कि स्टार्च पाउडर को आधार बनाकर घर पर ही कम खर्च में सुरक्षित गुलाल तैयार किया जा सकता है। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने आगामी होली पर केवल स्वयं निर्मित हर्बल रंगों का उपयोग करने और समाज में इसके प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।

## नियुद्ध खेल के 45वें स्थापना दिवस पर खिलाड़ियों का हुआ सम्मान



**मंदसौर।** विश्व मुख्यालय नियुद्ध गुरुकुल में नियुद्ध का 45वां स्थापना दिवस और महाशिवरात्रि पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक यशपालसिंह सिसोदिया, खेल एवं युवा कल्याण विभाग अधिकारी विजेंद्र देवड़ा, वरिष्ठ पत्रकार प्रकाश सिसोदिया, नियुद्ध संस्था सचिव शैलेन्द्र श्रीवास्तव, पार्षद प्रीतम पंचोली, पूर्व पार्षद सुरेश भावसार उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नियुद्ध गुरूकुल के अध्यक्ष श्री राजेन्द्र अग्रवाल ने की। नियुद्धाचार्य डॉ. नरेन्द्र श्रीवास्तव के नेतृत्व में नियुद्ध गुरू अजय सिंह चौहान द्वारा नियुद्ध भगवान शिव के पार्थिव शिवलिंग का पूजन किया गया और खिलाड़ियों ने अपनी मार्शल आर्ट कला का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर शूटिंग, ताइक्वांडो और जूडो जैसे खेलों में जिले का नाम रोशन करने वाले 20 प्रमुख खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। विशेष रूप से इजिप्ट वर्ल्ड कप में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले श्रीवाली श्रीवास्तव और मनित्व सिंह रावत के पालकों को भी स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। वक्ताओं ने नियुद्ध को भारत की प्राचीनतम रक्षा कला बताते हुए इसके विस्तार की सराहना की। कार्यक्रम का संचालन अभिरुचि भंडारी ने किया एवं आभार नियुद्ध गुरूकुल सचिव नियुद्ध गुरु प्रवीण भण्डारी ने माना।

### पिकनिक मनाने गए छात्र नहाते समय डैम में डूबे थे, डोंगी पलटने से युवक नदी में डूबा गया था

# पलसोड़ी डेम में डूबे स्कूली छात्रों के शव मिले, नदी में डूबा युवक भी मृत मिला

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम




जिले की ग्राम पंचायत पलसोड़ी के श्रीराम डैम में डूबे दोनों स्कूली छात्रों के शव दूसरे दिन मंगलवार सुबह डैम में अलग-अलग स्थानों पर मिले। एसडीआरएफ की टीमों ने दोनों के शव निकाले। शवों को पोस्टमार्टम के बाद मेडिकल कॉलेज भेजा गया। दोपहर में पुलिस ने दोनों के शव पोस्टमार्टम के बाद उनके परिजन को सौंप दिए। उधर, जावरा तहसील के मिंडाजी संगम स्थल स्थित नदी में डूबे युवक का शव भी मंगलवार सुबह एक जगह मिला। उसे भी एसडीआरएफ की टीम ने बाहर निकाला। उसके शव का पोस्टमार्टम जावरा के सरकारी अस्पताल में कराया गया। पुलिस ने पोस्टमार्टम को बाद उसका शव उसके परिजन को सौंप दिया।

जानकारी के अनुसार 16 फरवरी 2026 की सुबह करीब 11 बजे अलग-अलग क्षेत्रों में रहने वाले समता इंटरनेशनल स्कूल की कक्षा 9वीं छात्र 14 वर्षीय ध्रुव बलसोरे पिता आनंद बलसोरे निवासी टाटा नगर व 14 वर्षीय जय उर्फ आशुतोष मंडलोई पिता बसंत मंडलोई निवासी श्रीनगर कॉलोनी अपने साथ पढ? वाले छह अन्य छात्रों के साथ पिकनिक मनाने बाजना रोड पर स्थित ग्राम पंचायत पलसोड़ी क्षेत्र में पिकनिक मनाने गए थे। पिकनिक मनाने के दौरान दोपहर में वे नहाने के लिए डैम में उतरने थे। तभी संतुलन बिगड? से ध्रुव व जय गहरे पानी में जाकर डूब गए थे। यह देखकर उनके अन्य दोस्त घबरा गए तथा रोते हुए वहां से करीब 250 मीटर दूर मुख्य रोड पर पहुंचकर ग्रामीणों व राहगीरों को घटना बताई थी। कुछ देर बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई तथा सूचना मिलने पर छात्रों के परिजन व पुलिसकर्मी भी मौके पर पहुंच गए थे। पुलिस ने एसडीआरएफ की टीम व नगर को सूचना दी थी। इसके बाद एसडीआरएफ की टीम के कुछ सदस्य व नगर निगम फायर ब्रिगेड का दल दमकल लेकर मौके पर पहुंचा था। परिजन व अन्य लोग मछली पकड? की वहां रखी नाव में सवार होकर छात्रों को तलाशने लगे थे। रात करीब आठ बजे तक एसडीआरएफ की टीम के सदस्यों, परिजनों व ग्रामीणों ने डैम में छात्रों की तलाश की थी लेकिन वे नहीं मिले थे। रात करीब आठ बजे तलाशी अभियान रोक दिया गया था। मंगलवार सुबह एसडीआरएफ की टीम के सदस्य, पुलिसकर्मी व परिजन और बड़ी संख्या में ग्रामीण वहां पहुंचे तथा पुनः छात्रों की तलाश प्रारंभ की। पहले एक स्थान पर ध्रुव का शव मिला। उसके करीब एक घंटे बाद अन्य स्थान पर जय का शव दिखाई दिया तो उसे भी बाहर निकाला गया। इसके बाद दोनों के शव मेडिकल कॉलेज भिजवाए गए। पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम कराकर शव उनके परिजन को सौंप दिए गए है, जांच की जा रही है।

### सात मार्च से थी परीक्षा

बताया जाता है कि 07 सात मार्च से छात्रों की परीक्षा शुरू होने वाली थी। उन्हें 16 फरवरी 2026 को स्कूल में ग्रुफ फोटो खिंचवाने के लिए स्कूल में बुलाया गया था, लेकिन वे स्कूल नहीं गए और पिकनिक मनाने डैम पर पहुंच गए थे, जहां यह दुखद हादसा हो गया।

### तीसरे दिन मिला नदी में डूबे युवक का शव

जावरा तहसील के गोंदीधर्मसी व ऊणी के बीच मिंडाजी संगम स्थल (चंबल, मलेनी व पिंगला नदी का संगम स्थल) में महाशिवरात्रि पर्व पर दोपहर नदी में डूबे 21 वर्षीय पुष्कर उर्फ भोला पिता मुन्नालाल निवासी ग्राम ऊणी का शव तीसरे दिन मंगलवार सुबह नदी में घटना स्थल से करीब दो किलोमीटर दूर मिला। उल्लेखनीय है कि महाशिवरात्रि पर्व 15 फरवरी 2026 की दोपहर करीब एक बजे पुष्कर व उसके साथी बल्लू और धन्ना ऊणी क्षेत्र में नदी किनारे खड़ी डोंगी (नाव) में सवार होकर दूसरी तरफ स्थित मनकामनेश्वर महादेव मंदिर की तरफ जा रहे थे। तभी बीच नदी में डोंगी पलटने से तीनों नदी में गिर गए थे। बल्लू व धन्ना तैरकर बाहर निकल गए थे लेकिन पुष्कर डूब गया था। सूचना मिलने पर पर पुलिसकर्मी, बड़ी संख्या में ग्रामीण, परिजन और एसडीईआरएफ की टीम भी पहुंची थी। शाम तक पुष्कर की खोजबीन की गई थी लेकिन वह नहीं मिला था। सोमवार दोपहर व रात में नदी में पुष्कर की तलाश की गई लेकिन वह नहीं मिला। सोमवार शाम करणी सेना परिवार के प्रमुख जीवनसिंह शेरपुर भी अपने साथियों के साथ मौके पर पहुंचे था तथा प्रशासन से पर्याप्त संसाधन भेजकर पुष्कर का शव जल्द से जल्द तलाश करने की मांग की थी, वे साथियों के साथ रात भर नदी के पास ही डटे रहे। मंगलवार सुबह आठ से साढ़े आठ बजे के बीच टीम को पुष्कर का शव नदी में एक स्थान पर दिखाई दिया।

## नाबालिग रेप पीड़िता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम

जिले के बाजना थाना क्षेत्र में सोमवार शाम करीब 4.30 बजे नाबालिग रेप पीड़िता ने फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। उसने घर में ही दुपट्टे का फंदा बनाया और उस पर झूल गई। उसकी उम्र महज 12 साल 6 महीने थी।

घटना के समय परिजन घर से बाहर थे। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। चार दिन पहले ही पीड़िता ने जंगल में दुष्कर्म का केस दर्ज कराया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

बताया जा रहा है कि घटना के समय दादी घर के बाहर मवेशियों को पानी पिला रही थी। मां नदी पर कपड़े धोने गई थीं और पिता मजदूरी पर थे। जब दादी घर के अंदर आई तो बच्ची को फंदे पर लटका हुआ देखा। इसके बाद चीख-पुकार मच गई और पुलिस को सूचना दी गई।

पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए बाजना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। पोस्टमार्टम मंगलवार सुबह किया जाएगा।

### 13 फरवरी को दर्ज कराई गई थी शिकायत

थाना प्रभारी मनीष डाबर ने बताया कि पीड़िता ने 13 फरवरी को अपने परिजन के साथ थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में उसने आरोप लगाया था कि भोजपुरा निवासी रूपचंद उर्फ रूप निनाना (24) जंगल में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया।

शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया था। बाद में आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया था।

## हरियाणा के दो आरोपी से लाखों की अवैध शराब जब्त

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर

जिले में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ जारी अभियान के तहत भानपुरा थाना क्षेत्र की भैसोदामंडी पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने 16 फरवरी को मुखंबिर की सूचना पर नीमथूर टोल चौराहे के पास नाकाबंदी कर एक आयशर ट्रक को पकड़ा, जिसमें तिरपाल के नीचे छिपाकर रखी गई भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब बरामद हुई। ट्रक से डिस्काउंट प्रीमियम विस्की और ब्लू स्ट्रोक जैसे ब्रांड की कुल 120 पेटियां (1036 लीटर) जब्त की गई हैं, जिनकी बाजार कीमत करीब 4.92 लाख रुपये है। पुलिस ने मौके से हरियाणा निवासी ड्राइवर राजू और उसके साथी पसविन्दर को गिरफ्तार कर ट्रक और मोबाइल भी जब्त किया है।




## लदूसा नरेश सांवलिया सेठ के भंडार से निकली 9.51 लाख की दान राशि, मंदिर का भव्य द्वार होगा तैयार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर

समीपस्थ ग्राम लदूसा स्थित प्रसिद्ध भगवान श्री लक्ष्मीनारायण (सांवलिया सेठ) के मंदिर का भंडार को फाल्गुन चतुर्दशी के अवसर पर खोला गया। मंदिर समिति के ट्रस्टी पं. महेश व्यास ने बताया कि भंडार से कुल 9 लाख 51 हजार 470 रुपये की नगद राशि प्राप्त हुई है। विशेष बात यह रही कि दानपात्र से अमेरिका, कनाडा, वियतनाम और यूएई सहित कई देशों की करेंसी और चांदी के आभूषण भी निकले हैं।

मंदिर समिति ने बताया कि गांव के मुख्य मार्ग पर 18 लाख रुपये की लागत से एक भव्य द्वार का निर्माण कार्य जारी है, जिसमें दान की राशि का उपयोग पूर्ण पारदर्शिता के साथ किया जा रहा है। आगामी योजना में वास्तु शास्त्र के अनुसार एक भव्य यज्ञशाला का निर्माण भी प्रस्तावित है। इस दौरान अमावस्या पर हजारों भक्तों ने दर्शन किए और मंदिर समिति द्वारा निशुल्क प्रसादी व पेयजल की व्यवस्था की गई।

## अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार की तैयारियों के संबंध में बैठक आज

**रतलाम।** शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय रतलाम में 20 एवं 21 फरवरी को भारतीय ज्ञान परम्परा की भूमिकाः वैश्वीकरण के सन्दर्भ में अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। इस सम्बन्ध में बैठक का आयोजन 18 फरवरी को अपरान्ह 3 बजे महाविद्यालय कंप्यूटर प्रयोगशाला में किया जाएगा।

# इंदौर- दाहोद नई रेल लाइन परियोजना में तेजी

### पीथमपुर- धार खंड पर सड़क मार्ग से टीटीएम मशीन लाकर पैकिंग कार्य प्रारंभ

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम

पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल में नई रेल लाइन, आमान परिवर्तन, दोहरीकरण, रोड ओवर ब्रिज, रोड अंडर ब्रिज तथा अन्य अधोसंरचनात्मक कार्य तीव्र गति से प्रगति पर हैं। इसी क्रम में लगभग 204 किलोमीटर लंबी इंदौरझ्रदाहोद नई रेल लाइन परियोजना का निर्माण कार्य प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है।

### परियोजना की वर्तमान प्रगति

- दाहोद से कटवाड़ा तथा इंदौर से टीही तक रेल लाइन निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है।
- टीही से धार तथा कटवाड़ा से झाबुआ के मध्य निर्माण कार्य प्रगति पर है। साथ ही धार से झाबुआ खंड पर भी कार्य जारी है।
- पिथमपुर के समीप लगभग 3 किमी लंबी टनल का निर्माण कार्य प्रगति पर है, जिसमें फिनिशिंग, ट्रैक बिछाने एवं अन्य तकनीकी कार्य शामिल हैं।
- टीही-धार एवं कटवाड़ा-झाबुआ खंडों में ट्रैक लिंकिंग, ओएचई, स्टेशन भवन, प्लेटफॉर्म निर्माण तथा सिग्नलिंग कार्य प्रक्रियाधीन हैं।



- समय की बचत हेतु सड़क मार्ग से लाकर टीटीएम मशीन का उपयोग

टीही के पास टनल निर्माण कार्य जारी होने के कारण समय की बचत और कार्य में तेजी लाने के उद्देश्य से टीटीएम (ट्रैक टेंपिंग मशीन) को सड़क मार्ग से पिथमपुर-धार खंड में लाकर सफलतापूर्वक रेलवे ट्रैक पर उतारा गया है। क्रेन की सहायता से मशीन को रेलवे लाइन पर उतारा गया। शीघ्र ही नई डाली गई रेल लाइन पर पैकिंग कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। इससे टनल कार्य पूर्ण होने तक पिथमपुर-धार खंड पर ट्रैक सुदृढ़ीकरण कार्य भी समानांतर रूप से पूरा कर लिया जाएगा। टीटीएम मशीन द्वारा ट्रैक की पैकिंग से पटरियों की समतलता, स्थिरता एवं सुरक्षा सुनिश्चित होती है, जिससे सुरक्षित एवं सुगम रेल संचालन का मार्ग प्रशस्त होगा।

### क्षेत्रीय विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम

इंदौर- दाहोद नई रेल लाइन मध्यप्रदेश के धार एवं झाबुआ जिलों से होकर गुजरेगी, जहां वर्तमान में रेल संपर्क उपलब्ध नहीं है। यह परियोजना क्षेत्र के सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक विकास की जीवन रेखा सिद्ध होगी। साथ ही इंदौर से मुंबई एवं दक्षिण भारत की दिशा में एक नया एवं अपेक्षाकृत छोटा रेल मार्ग उपलब्ध होगा, जिससे यात्रियों एवं माल परिवहन दोनों को लाभ मिलेगा।

भारतीय रेल द्वारा इस महत्वाकांक्षी परियोजना को चरणबद्ध एवं समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के लिए सतत प्रयास किए जा रहे हैं। पश्चिम रेलवे निर्माण विभाग इंदौर-धार खंड को शीघ्र प्रारंभ करने के लक्ष्य के साथ प्रतिबद्धता से कार्यरत है।

## कृषिउपज मंडी की लापरवाही का खामियाजा भुगत रहे वाहन चालक मनासा मार्ग पर रोज लगरहा जाम

### सुधार नहीं होने पर कांग्रेस करेगी आंदोलन–शर्मा



**पिपलिया मंडी।** एशिया की मानी हुई लहसुन मंडी पिपलीया में अव्यवस्थो का अंबार है,कई बार सुधार की मांग को लेकर ज्ञापन,आन्दोलनो के बाद भी कोई सुधार नही हुवा है चार दिन में अगर सुधार नही हुवा तो कांग्रेस बड़ा आंदोलन करेगी।उक्त बात मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा ने कहते हुवे बताया कि कृषिउपज मंडी की लापरवाही से मनासा मार्ग पर आए दिन जाम की स्थिति निर्मीत होरही है इस जाम में एम्बुलेंस व स्कूल की बसे भी घन्टो तक फस रही है।शर्मा ने बताया कि कृषि उपजमंडी ने मंडी के पीछे 2 बीघा जमीन भी ले रखी है किंतु उसका भी उपयोग नही होरहा है,मंडी में चारो तरफ अतिक्रमण की बाढ़ आई हुई है मंडी सचिव पर्वतसिंह सिसोदिया एवं मंडी निरीक्षक कमल जैन दोनों ही मूक दर्शक बने हुवे है व अव्यवस्थो के जिम्मेदार भी यह दोनों ही है।किसानों की उपज के लिए बने हुवे शेडो में कुछ व्यापारियों ने अवैध रूप से कब्जा जमा रखा है और बाहर लहसुन के वाहनों की दो से तीन किलोमीटर तक कि लंबी लाइन लगी हुई रहती है।शर्मा ने कहा कि राजीवगांधी उद्यान के पीछे काफी जगह खाली पड़ी है वहा लहसुन के वाहन खड़े किए जाने चाहिए,साथ ही राजस्थान व मध्यप्रदेश के उज्जैन,महिदपुर, बड़नगर सहित अन्य जगहों से उपज बेचने आने वाले किसानों के लिए गर्मी में ठंडे पानी की भी पर्याप्त व्यवस्था होनी चाहिए।शर्मा ने यह भी कहा की सुधार नही होने पर कांग्रेस एक बड़ा आंदोलन कर कुम्भकर्णीय नींद सोए मंडी प्रशासन को जगाने का काम करेंगी।

## रेणु कोठारी अध्यक्ष एवं बबली परवाल सचिव नियुक्त

### माहेश्वरी महिला मण्डल निर्विरोध निर्वाचन



**आलीराजपुर।** सोमवार 16 फरवरी को स्थानीय माहेष्वरी भवन में माहेष्वरी महिला मण्डल आलीराजपुर के चुनाव जिलाध्यक्ष अनिता कोठारी व जिला सचिव ज्योति कोठारी की उपस्थिति में सर्वसम्मति से सम्पन्न हुए। चुनाव पर्यवेक्षक आषा सोमानी एवं चुनाव अधिकारी प्रीति मंत्री को बनाया गया था। आलीराजपुर माहेष्वरी महिला मण्डल में सवार्नुमति से हुए चुनाव में अध्यक्ष रेणु कोठारी, उपाध्यक्ष पूजा थेपडिया, सचिव, बबली परवाल, सह-सचिव सुलोचना बेड़िया, कोषाध्यक्ष नेहा सोमानी, सह-कोषाध्यक्ष अंतिम मोदी, संगठन मंत्री संगीता थेपड़िया एवं मीडिया प्रभारी अर्चना अगाल निर्विरोध चुने गये। उक्त जानकारी देते हुए माहेष्वरी महिला मण्डल अध्यक्ष रमिला कोठारी एवं माहेष्वरी महिला मण्डल जिला मीडिया प्रभारी कृष्णकान्त बेड़िया ने बताया कि चुनाव पर्यवेक्षक एवं चुनाव अधिकारी का स्वागत शंकुतला कोठारी, अयोध्या चौधरी, मंगला थेपड़िया, चंद्रकांता सोमानी के द्वारा किया गया। सभी पदाधिकारीयों को माहेष्वरी समाज, माहेष्वरी महिला मण्डल एवं माहेष्वरी युवती मंडल व माहेष्वरी मित्र मण्डल द्वारा बधाई दी गई।

## एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय सैलाना में चित्रकला/निबंध प्रतियोगिता सम्पन्न



**रतलाम।** मेरा युवा भारत जिला रतलाम, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान मे एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय सैलाना में किया गया। युवा अधिकारी सौरभ श्रीवास्तव ने बताया कि युवाओं को विकसित भारत बजट पर बात पीएम मोदी के साथ करने एवं बजट 2026 क्विज में भाग लेने वाले खिलाड़ी व छात्र-छात्राओं से रजिस्ट्रेशन कराएंगे। प्रतियोगिता का शुभारम्भ श्रीमती शहला खान, श्रीमति विद्या जोशी, सुश्री मालती शर्मा, श्री राम सिंह भाटी, श्री संदीप कुंडू, श्री भगत सिंह, श्री अंकुर राणा द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। विद्यालय परिसर में एक पेड़ मां के नाम अंतर्गत वृक्षारोपण किया गया । चित्रकला में प्रथम स्थान महिपाल सिंह, द्वितीय स्थान आराधना मईड़ा, तृतीय स्थान तुलसी मईड़ा को प्राप्त हुआ। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रणवीर सिंह राणा, द्वितीय स्थान राधिका पारगी, तृतीय स्थान हर्षित मालीवाल को प्राप्त हुआ, चित्रकला में निर्णायक श्री शैलेन्द्र कुमार, हिंदी निबंध ललिता चौहान, विद्या जोशी रहें।



## बोडा पुलिस ने 60 ग्राम स्मैक सहित अंतर्राज्यीय आरोपियों को किया गिरफ्तार

**ब्यावरा।** राजगढ़ एसपी के निर्देशन में जुआ, मादक पदार्थ स्मैक, गांजा एवं अवैध शराब के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। उक्त अभियान के तहत नरसिंहगढ़ एसडीओपी नेहा गौर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बोडा देवेन्द्र सिंह राजपूत के नेतृत्व में बोडा पुलिस बल ने मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध कार्यवाही की। गुलखेड़ी जोड़ पर वाहन चेकिंग के दौरान पचोर की ओर से आ रही एक मोटरसाइकल पर सवार दो व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगे। पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों को पकड़ लिया पूछताछ में संतोषजनक जवाब नहीं देने पर तलाशी ली गई, जिसमें सुनील पिता वंशीलाल वैरवा 21 वर्ष, निवासी अकलेरा, जिला झालावाड़ राजस्थान, संतोष पिता हजारीलाल सासी 36 वर्ष निवासी ग्राम गुलखेड़ी के कब्जे से अवैध स्मैक बरामद हुई। कुल 60 ग्राम अवैध स्मैक एवं घटना में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल जप्त की बरामद माल की कीमत लगभग आठ लाख रुपये है। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध अपराध क्रमांक 47/2026 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया आरोपियों से मादक पदार्थ के स्त्रोत एवं अन्य संलिप्त व्यक्तियों के संबंध में पूछताछ जारी है तथा न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

**नि:शुल्क हृदय जाँच शिविर में 210 हितग्राही लाभान्वित हुए**

## ऐसे स्वास्थ्य शिविरों आमजन के स्वास्थ्य की सेवा हेतु एक महत्वपूर्ण पहल- पण्ड्या



**बड़नगर** । मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सफल एवं उपलब्धियों भरे दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में उज्जैन जिले में आयोजित श्रृंखलाबद्ध निःशुल्क हृदय जाँच शिविर अभियान का आज बड़नगर नगर में विधायक जितेन्द्र उदयसिंह पंड्या, सत्यनारायण खोईवाल, नगर अध्यक्ष नवीन राठौर, नगर पालिका अध्यक्ष अभय टोंग्या, नगर पालिका उपाध्यक्ष अनिता वर्मा, जिला महामंत्री श्याम शर्मा, द्वारा शुभारंभ किया गया। स्वागत भाषण विधानसभा संयोजक विराग मिश्रा द्वारा किया। इस अभियान के अंतर्गत सिविल हॉस्पिटल में नागरिकों के हृदय स्वास्थ्य से संबंधित आवश्यक जाँचें पूर्णतः निःशुल्क की गई। उक्त शिविर में 210 हीतग्राही लाभान्वित हुए जिनमे 85 ईसीजी की गई और 34 ईको जांच हेतु उज्जैन बुलवाया गया एवं 15 आयुष्मान कार्ड बनाये गये। उक्त कार्यक्रम में हरीकिशन मेलवाणी, डॉ. सुयश श्रीवास्तव, गजेंद्रसिंह राजावत, शांतिलाल गोखरू, रेखा राठौड़, विनीता वर्मा, लता शर्मा, राजकुमारी निंबोला, कलावती ठाकुर, बाबु भाई बोहरा, मुन्ना नागर, दिलीप जैन, अंकित दवे, रवि हिंडोलिया , हर्षवर्धन सिंह, अमर खुटवाल, जितेन्द्र यादव, आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम संयोजक मंत्री लोकेंद्र सिंह पंवार द्वारा किया गया कार्यक्रम का आभार नगर अध्यक्ष नवीन राठौड़ द्वारा किया गया। उक्त जानकारी सूरज गोस्वामी द्वारा दी गई।

## शिवसेना ने आमजन के साथ नगर की समस्याओं को लेकर दिया धरना




**बड़नगर।** नगर की विभिन्न आमजन की समस्याओ को लेकर निरंतर आवाज उठा रही शिवसेना ने विभिन्न मांगो को लेकर नगर में हस्ताक्षर अभियान चलाया तथा सोमवार को स्थानीय नगर पालिका बड़नगर के गेट के सामने विभिन्न मांगो जैसे स्वाध्याय भवन चौड़ी करण, यातायात व्यवस्था दुरुस्तीकरण, सड़को पर पड़े गड्ढों को ठीक करने, फायर ब्रिगेड उपलब्ध करवाने व साफ सफाई सहित विभिन्न विषयों को लेकर युवा शिवसेना प्रदेश अध्यक्ष प्रभात पुरानिया ने आम जन व शिवसैनिको के साथ धरना आंदोलन किया। नगर पालिका अधिकारी मंशाराम निगवाल अपने कर्मचारियों के साथ स्थल पर पहुंचे, जिन्होंने सभी मांगो को पुरा करने का आश्वासन दिया किन्तु प्रभात पुरानिया ने कहा की आश्वासन नहीं चाहिए, काम चाहिए, अनेक बार उक्त मांगो को लेकर आम नागरिक काफी समय से परेशान है, लेकिन आश्वासन देकर आप इति श्री कर लेते है, अब समाधान की आवश्यकता है। साथ ही कहा की यदि मंगलवार सुबह तक आपके द्वारा व अध्यक्ष के द्वारा उक्त मांगो के निराकरण हेतु सख्त कदम नहीं उठाये तो दोपहर तक शिवसेना आमजन के साथ मिलकर नगर पालिका अध्यक्ष व मुख्य नगर पालिका अधिकारी को चूड़ियाँ पहनाई जावेगी। शाम तक जिम्मेदार नगर पालिका अध्यक्ष अभय टोंग्या धरना स्थल पर मौजूद नहीं हुए जिससे शिवसैनिको व आम जनता में आक्रोश बढ़ गया ओर नगर पालिका गेट के सामने विरोध प्रदर्शन कर नगर पालिका अध्यक्ष का पुतला फूंक दिया। उक्त आंदोलन मंगलवार सुबह भी जारी रहेगा। अब देखना यहाँ है कि नगर पालिका अध्यक्ष इन मांगो को लेकर जनता के बीच आते है या वही हठ धर्मिता जारी रखेंगे। जानकारी नगर अध्यक्ष संतोष बगेरवाल ने दी।

**बारात में गजराज, भूत पिशाच रहे आकर्षण का केंद्र, राज्यमंत्री और नपाध्यक्ष हुए शामिल**

# शिव भक्ति में देर रात तक गूंजे जय शिव के जयकारें

## नाचते-गाते वटुकेश्वर मंदिर से निकली शिवभक्तों की टोली, झांकियों ने मनमोहा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सारंगपुर।





महाशिवरात्रि के अवसर पर भगवान शिव की बरात गांधी चौक व्टकेश्वर महादेव मंदिर से शाम 5 बजे बैंड बाजों के साथ निकाली गई, जो देर रात्रि तक चलती रही। भगवान शिव की बारात में सभी झूम रहे थे। अम्बे माता मंदिर प्रांगण से भगवान शिव पार्वती विवाह पश्चात बरात में शहरवासियों सहित जनप्रतिनिधि शामिल हुए। डीजे, बैंड के कलाकारों द्वारा भोले की बारात में भोले के सुंदर धार्मिक गीतों पर नगरवासी वासी सभी शिवप्रेमियों के साथ नाचते झूमते चल रहे थे। बरात का जगह जगह भव्य स्वागत किया गया। गीतों के स्वर नंदी पर होकर सवार शिव जी चले गोरा ब्याहने, आओ महिमा गायें भोलेनाथ की भक्ति में खो जायें भोलेनाथ की। बरात अम्बे माता मंदिर दरवाजे पर पहुंचते ही दूल्हे की पूजा विधि विधान के साथ की गई। महिला सखियों द्वारा गीत गाए व बारातियों का स्वागत किया गया।

महाशिवरात्रि के पावन पर्व की पूर्व संध्या पर सारंगपुर का हृदयस्थली गांधी चौक पूरी तरह से भोलेनाथ के रंग में रंगा नजर आया। हजारों की संख्या में शिव भक्त यहां से गुजरे, जिनकी भक्ति और उत्साह देखने लायक था। शिव भक्तों की टोली में कई श्रद्धालु भोले भंडारी के रूप में सजे धजे नजर आए। इस दौरान पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह से मुस्तैद दिखा। प्रशासनिक टीम व्यवस्था संभालते दिखाई दी।

**प्रमुख मार्गो पर बैरिकेडिंग की गई व्यवस्था**

यातायात सुचारू रूप से संचालित हो सके, इसलिए पुलिस और प्रशासन की ओर से एसपी अमित तोलानी, एएसपी केएल बंजारा, अनुविभागीय अधिकारी रोहित बम्होर, पुलिस एसडीओपी अरविंद सिंह, तहसीलदार आकाश शर्मा, आकांक्षा हाड़ा की टीमें लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए थी। महाशिवरात्रि को लेकर भक्तों का उत्साह चरम पर दिखाई दिया, बस स्टैंड, भेरूदरवाज, परशुराम चौराहा, सहित अनेक मार्गों पर विद्युत साजसज्जा की रौनक इस पर्व को की भव्य बना रही थी।

**तिलभांडेश्वर पहुंची महादेव की बरात**

परम्परा अनुसार महाशिवरात्रि पर्व पर इस बार भी देवों के देव महादेव की बारात निकाली गई, इसमें नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से आए हुए शिव भक्तों ने उत्साह से शामिल होकर भगवान शिव के दर्शन किए। शाम पांच बजे शुरू हुई बारात देर रात तिलभांडेश्वर मंदिर पहुंची, जहां भगवान भोलेनाथ की रस्में पूरी की गई। साथ ही समिति द्वारा वहां विशाल प्रसादी का आयोजन शिव मंदिर में रखा गया। इस मौके पर भजन संध्या सहित अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए थे। इस दौरान राज्यमंत्री गौतम टेटवाल, नपाध्यक्ष पंकज पालीवाल, महादेव मित्र मंडल सदस्य, शिवप्रेमी समिति सदस्य, विश्व हिंदू परिषद सदस्य, बजरंग दल सहित अनेक श्रद्धालु शिव बरात में मौजूद रहे। बताया जाता है कि इस साल विवाह महोत्सव में हजारों श्रद्धालुओं ने शामिल होकर विभिन्ना कार्यक्रमों में भाग लिया। सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण करने पहुंचे एसपी अमित तोलानी ने तिलभांडेश्वर मंदिर में की पूजा अर्चना की।

**शुजालपुर**

महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर शहर के नीलकंठेश्वर कॉलोनी स्थित श्री नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर में भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। दिनभर मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती रही और पूरा क्षेत्र हर-हर महादेव के जयघोष से गूंजता रहा। वार्ड क्रमांक 12 स्थित मंदिर में भगवान शिव के नीलकंठ स्वरूप का दिव्य एवं आकर्षक श्रृंगार किया गया। फू लों एवं विद्युत सज्जा से सुसज्जित मंदिर परिसर भक्तों के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहा। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर परिवार की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में आयोजित भव्य भजन संध्या में देर रात तक भक्त शिव भजनों पर झूमते रहे। भक्ति रस से सराबोर वातावरण में शिव नाम का निरंतर जाप होता रहा। मध्यरात्रि में महाआरती के साथ विशेष पूजन सम्पन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी शामिल हुए। पूरे आयोजन के दौरान मंदिर समिति द्वारा व्यवस्थाएं संभाली गईं और श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण की व्यवस्था भी की गई।

ग्राम अरनियाकलां के समीप स्थित भोले डुगरी अलीसरिया स्थित श्री मनकामेश्वर महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि के अवसर पर भव्य मेले का आयोजन हुआ। सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ मंदिर परिसर में उमड़ पड़ी और हर-हर महादेव के जयकारों से वातावरण शिवमय हो गया। पर्व के अवसर पर प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार तथा विधायक घनश्याम चंद्रवंशी मंदिर पहुंचे। उन्होंने 18 फ ीट ऊंचे त्रिशूल के दर्शन कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की तथा प्रदेश और क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। मंदिर में दिनभर जलाभिषेक, रुद्राभिषेक एवं विशेष पूजन का क्रम चलता रहा। शाम को आयोजित भव्य महाआरती में सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। मेले में ग्रामीणों के लिए झूले, प्रसाद वितरण और विभिन्न दुकानों की व्यवस्थाएं आकर्षण का केंद्र रहीं। भोले डुंगरी सेवा समिति एवं नवयुवक मंडल के सहयोग से आयोजन शांतिपूर्वक एवं सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। श्रद्धालुओं ने इस आयोजन को आस्था, एकता और परंपरा का प्रतीक बताया।

**राज्य स्तरीय कबड्डी स्पर्धा**

# टिमरनी की महिला और पुरुष में आर सी सी भोपाल ने बाजी मारी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंगोरिया



राज्य स्तरीय महिला पुरुष स्पर्धा का फाइनल मैच सोमवार की रात खेला गया। बोरेश्वर महादेव दंग वाडा कबड्डी समिति के तत्वावधान में आयोजित महिला कबड्डी प्रतियोगिता में धांसू क्लब टिमरनी की टीम को प्रथम पुरस्कार मिला 31000/- रुपए नकद राशि। द्वितीय पुरस्कार छिंदवाड़ा की महिला टीम को 21000/- देवास एकेडमी और संस्था वैष्णवी इंदौर दोनों को तीसरा ओर चौथा संयुक्त 11000-11000 रुपए प्रदान किए गए।

इसी तरह पुरुष वर्ग में आर सी सी टीम भोपाल ने 31000रुपए प्राप्त कर प्रथम स्थान पर कब्जा किया। दूसरे स्थान पर डकाच्या कबड्डी दल को 21000 रुपए की नकद राशि से पुरस्कृत किया गया। देवास एकेडमी 11000 और संस्था वैष्णवी इंदौर को भी 11000/- तृतीय और चतुर्थ विजेता का पुरस्कार मिला।

**महिला कबड्डी में 24 टीमों, पुरुष में 64 टीमों ने हिस्सा लिया**

आयोजन समिति के घनश्याम डीडेल ने बताया कि महिला कबड्डी मुकाबले में 24 टीमों ने भाग लिया। पुरुष कबड्डी में 64 प्रतिभागी टीमों ने हिस्सा लिया। महिला वर्ग में 3 मैच टाई व एक मैच का गोल्डन रेड में फैसला हुआ। पुरुष कबड्डी मैच में 6 मैच टाई व 2 मैच गोल्डन रेड में फैसला हुआ। पुरुष वर्ग की यह 38 वीं और महिला वर्ग की द्वितीय प्रतियोगिता संपन्न हुई। बोरेश्वर महादेव कबड्डी समिति ने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग कर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

**क्षेत्र के विधायक भी पहुंचे**

बोरेश्वर मैदान पर दिन_ रात चली प्रतियोगिता में भंडारा समिति का भी सहयोग रहा। रविवार को शिवरात्रि मेले में बोरेश्वर मंदिर दर्शन करने पधारे क्षेत्र के विधायक जितेंद्र सिंह पंड्या ने भी कबड्डी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनकी हौंसला अफजाई की और इस तरह के आयोजन करने पर युवा आयोजकों की समिति को बधाई दी।

## महाशिवरात्रि पर गुना के वार्ड क्रमांक 7 में निकली भगवान शिव की भव्य पालकी यात्रा

**गुना।** शहर के वार्ड क्रमांक 7 में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर भगवान शिव की भव्य पालकी यात्रा निकाली गई। श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह और भक्ति भाव के साथ पालकी में विराजित भगवान भोलेनाथ की आराधना की।

इस दौरान यात्रा श्रीलव कुश मंदिर से कुशवाहा नगर, हनुमान जी मंदिर, श्रीराम जानकी मंदिर से महेश पार्षद के निवास से होते हुए लक्ष्मी नगर श्री लव कुश मंदिर पर समापन हुई। नगर के प्रमुख मार्गों से होकर निकली इस पालकी यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष और युवा शामिल हुए। भक्तजन ह्लहर हर महादेवह्व और ह्लबम बम भोलेह्व के जयघोष के साथ डीजे पर चल रहे भगवान भोलेनाथ के भजनों ने वातावरण को शिवमय बना रहे थे। जगह-जगह पुष्पवर्षा कर पालकी का स्वागत किया गया तथा प्रसाद वितरण भी किया गया। आयोजकों ने बताया कि महाशिवरात्रि का पर्व श्रद्धा और आस्था का प्रतीक है। इस अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और रात्रि जागरण का भी आयोजन किया गया। पूरे आयोजन के दौरान अनुशासन और शांति बनाए रखने में स्थानीय प्रशासन और समिति के सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा। वार्ड क्रमांक 7 में निकली यह पालकी यात्रा क्षेत्रवासियों के लिए आस्था और एकता का प्रतीक बनी रही।

## नदी में गिरी किशोरी को एसडीईआरएफ के जवानों ने सकुशल निकाला

**ब्यावरा।** राजगढ़ जिले में खिलचीपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत झारखंडेश्वर मंदिर जाने वाले एकल मार्ग पर बने स्टॉप डेम के समीप पैदल पुल पार करते समय पैलेस रोड, खिलाचीपुर निवासी करीब 15 -16 वर्षीय युवती रिद्धिमा पिता कैलाश सिंगी का अचानक संतुलन बिगड़ जाने से नदी में गिर गई।



घटना की सूचना मिलते ही ड्यूटी पर तैनात आरक्षक अविनाश शर्मा थाना खिलचीपुर एवं एसडीईआरएफ जवान संजय वर्मा जिला राजगढ़ ने साहस व सूझबूझ का परिचय देते हुए नदी में उतरकर किशोरी को सुरक्षित बाहर निकाला। समय पर की गई त्वरित कार्रवाई से एक बड़ा हादसा टल गया। किशोरी पूर्णतः सुरक्षित है। जिला पुलिस अधीक्षक राजगढ़ अमित तोलानी ने उक्त दोनों कर्मचारियों के साहस, कर्तव्यनिष्ठा एवं त्वरित कार्रवाई की सराहना की तथा भविष्य में भी इसी प्रकार जनसेवा के प्रति समर्पित रहने हेतु प्रोत्साहित किया। थाना खिलचीपुर पुलिस ने आम लोगों से संकरे एवं जलमग्न मार्गों से गुजरते समय विशेष सावधानी बरतें की सलाह दी है।

## श्रेष्ठ शिक्षा आपकी अनमोल पूंजी - बामनिया



**महिदपुर रोड।** शासकीय प्राथमिक विद्यालय बरूखेडी के कक्षा पांचवी के स्कूल छात्र-छात्रा ओं का विदाई समारोह सोमवार को संकुल केंद्र प्रभारी शिवना रायण बामनिया के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ समारोह में विशेष अति थि के रूप में ग्राम पंचायत के सरपं च प्रतिनिधि भारत जाट शासकीय कन्या हाई स्कूल के प्राचार्य अनिल सेठिया वरिष्ठ शिक्षक बापू लाल चंद्र वंशी आदि रहे कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि बामनिया ने कहा श्रेष्ठ संस्कार उचित शिक्षा के माध्यम से ही प्राप्त होते हैं आपने परीक्षा में अच्छे अंकों से सफलता प्राप्त करने की स्कूली छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी विशेष अतिथि कन्या हाई स्कूल के प्राचार्य अनिल सेठिया ने स्कूली बच्चों को संबोधित करते हुए कहा श्रेष्ठ शिक्षा व्यक्ति में मानवता और संस्कार और शालीनता के भाव उत्पन्न करती है।

**आज से होगी माहे रमजान की शुरूआत:**

## मुस्लिमजनों ने पढ़ी जाएगी तरावीह की नमाज, 19 से होगा पहला रोजा

**सारंगपुर।** मुस्लिम धर्म में सबसे पाक और पवित्र महीना रमजान माना जाता है। यह मुकद्दस महीना एक बार फिर दस्तक देने जा रहा है। इस साल रमजान के आज शाम से शुरू होने की संभावना है। हालांकि, यह चांद दिखाई देने पर निर्भर करता है, इसलिए अंतिम तिथि चाँद के दीदार के बाद ही तय होगी। रमजान इस्लामी कैलेंडर का 9वां महीना होता है। इस पूरे महीने 30 दिनों तक रोजा रखा जाता है। रोजे की शुरूआत सुबह सहरी (सेहरी) से होती है और शाम को सूर्यास्त के समय इफ्तार के साथ रोजा खोला जाता है।

# एडवोकेट्स प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग को लेकर अधिवक्ता न्यायालयीन कार्य से विरत





दैनिक अवन्तिका ▶▶ बड़नगर

जिला शिवपुरी के करैत क्षेत्र में अधिवक्ता संजय कुमार सक्सेना की 14 फरवरी को दिन-दहाड़े गोली मारकर की गई निर्मम हत्या की घटना से संपूर्ण प्रदेश का अधिवक्ता समाज स्तब्ध, व्यथित एवं आक्रोशित है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वे अपने न्यायिक दायित्वों का निर्वहन कर रहे थे, उसी दौरान आपराधिक तत्वों द्वारा उन्हें निशाना बनाया गया। इस जघन्य कृत्य को अभिभाषक संघ बड़नगर ने न्याय व्यवस्था एवं विधि के शासन पर सीधा एवं गंभीर प्रहार करार दिया है।

अभिभाषक संघ बड़नगर द्वारा इस अमानवीय घटना की घोर निंदा करते हुए कहा गया कि यह केवल एक अधिवक्ता की हत्या नहीं, बल्कि न्याय की रक्षा एवं संवैधानिक मूल्यों की संरक्षा करने वाले वर्ग की सुरक्षा पर गंभीर प्रश्नचिह्न है। यदि अधिवक्ता ही सुरक्षित नहीं रहेंगे, तो आमजन की न्याय तक सुगम पहुँच भी बाधित होगी। विगत वर्षों में अधिवक्ताओं पर प्राणघातक हमलों की पुनरावृत्ति ने अधिवक्ता समुदाय में असुरक्षा एवं रोष की भावना को और अधिक गहरा किया है। घटना के विरोध स्वरूप सोमवार को अभिभाषक संघ बड़नगर के समस्त अधिवक्ता न्यायालयीन कार्य से पूर्णतः विरत रहे।

अभिभाषक संघ द्वारा मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश शासन के नाम ज्ञापन प्रेषित कर अधिवक्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु एडवोकेट्स प्रोटेक्शन एक्ट को शीघ्र प्रभाव से लागू किए जाने की मांग की गई। ज्ञापन का वाचन संघ के सचिव मयंक यादव द्वारा किया गया। तत्पश्चात उक्त ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), बड़नगर के कार्यालय में विधिवत रूप से प्रस्तुत किया गया। ज्ञापन सौंपने के दौरान संघ के समस्त वरिष्ठ एवं कनिष्ठ अधिवक्ता व संघ कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहे और एकजुटता के साथ अपनी मांगों का समर्थन किया।

अभिभाषक संघ के अध्यक्ष करण राठौड़ ने कहा कि यदि समय रहते अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए ठोस एवं प्रभावी कानून लागू नहीं किया गया, तो अधिवक्ता समुदाय व्यापक एवं चरणबद्ध आंदोलन हेतु बाध्य होगा। अधिवक्ता समाज न्याय व्यवस्था का अभिन्न स्तंभ है, जिसकी सुरक्षा सुनिश्चित करना राज्य की प्राथमिक एवं नैतिक जिम्मेदारी है।उपरोक्त जानकारी संघ मीडिया प्रभारी दिलनवाज खान द्वारा प्रदान की गई।

**तराना**

अभिभाषक संघ द्वारा सोमवार को कार्य से विरत रहकर प्रतिवाद दिवस के रूप में मनाया गया अभिभाषक संघ तराना अध्यक्ष महेश जोशी ने बताया कि अभिभाषक संघ द्वारा शिवपुरी में हुई हत्या के विरोध में परिणामस्वरूप मध्य प्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद की अधिसूचना अनुसार 14 फरवरी को शिवपुरी के अधिवक्ता की गोली मारकर हत्या किए जाने के कारण सोमवार को प्रतिवाद दिवस मनाया गया इस मामले में अभिभाषक संघ द्वारा एस डी एम बृजेश सक्सेना को ज्ञापन भी दिया। जिसमें एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट राज्य में शीघ्र लागू किए जाने की मांग की गई। इस दौरान अभिभाषक देवी सिंह बडाल तखतसिंह सिसोदिया, जगदीश परमार,रमेश शर्मा, सुभाष शर्मा,महेश जोशी , रमेश चौधरी, सुधीर कुमार निगम ,गजराज सिंह रघुवंशी, लक्ष्मीनारायण जोशी, नारायण सिंह पाटीदार, हरिओम व्यास,शाहिद हुसैन अंसारी राजेंद्र जोशी, मुकेश महेश्वरी, महेश जोशी, रमेश चौधरी, दिलिप कुमार नागर, जयराम बडाल, शम्मी खान,शेख अकरम, शशिकांत भट्ट,विक्रम राठौर,दिपेंद्र सिंह चौहान, जितेंद्र सिंह चौहान, ममता चौहान, कोमल चौहान,बलराम जाट, महेश खत्री, प्रियेश व्यास, गिरीश प्रजापति आदि अधिवक्तागण उपस्थित थे।

**शादी, बच्चों या माता-पिता की जिम्मेदारी के कारण अक्सर महिलाएं करियर से ब्रेक ले लेती हैं। फिर जब लौटना चाहती हैं तो मन में ढेर सारे सवाल उठते हैं। विशेषज्ञ कहते हैं कि वास्तव में आप पहले से ज्यादा मजबूत और समझदार ढंग से करियर में कदम रख सकती हैं।**

## शादी और बच्चे के लिए नौकरी से लिया ब्रेक?

# जानिए दोबारा करियर कैसे बनाएं

हममें से कई महिलाएं जीवन के किसी न किसी मोड़ पर अपने करियर से ब्रेक लेती हैं, फिर चाहे वह शादी हो, बच्चों की देखभाल, माता-पिता की जिम्मेदारियां या स्वास्थ्य संबंधी कारण। लेकिन जब पेशेवर दुनिया में वापसी का समय आता है तो मन में अनगिनत सवाल उठते हैं, 'क्या मैं फिर से पहले जैसी दक्षता दिखा पाऊंगी?', 'क्या कोई मुझे अवसर देगा?', 'क्या यह ब्रेक मेरी कमजोरी बन जाएगा?' असल में शादी और परिवार जीवन का अहम हिस्सा हैं और इन्हें निभाना हर महिला की प्राथमिकता है। लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि आप अपने सपनों, पहचान और महत्वाकांक्षाओं को पीछे छोड़ दें। करियर में आया यह ब्रेक जीवन में सिर्फ अनुभव और परिपक्वता जोड़ता है, कमजोरी नहीं। तैयारी, आत्मविश्वास और सही रणनीति के साथ आप न केवल अपने करियर में लौट सकती हैं, बल्कि पहले से भी ज्यादा मजबूत, समझदार और सटीक कदम रख सकती हैं। यह समय आपके लिए एक नई शुरूआत हो सकता है, जहां आप अपने सपनों और जिम्मेदारियों दोनों को संतुलित करते हुए खुद को फिर से पहचान सकती हैं।

### फिर से वही आत्मविश्वास

नौकरी सिर्फ कमाई का साधन नहीं, बल्कि आपके लिए आत्मविश्वास, स्वतंत्रता और संपूर्णता का स्रोत है। यह आपको आर्थिक रूप से सक्षम बनाती है और निर्णय लेने की क्षमता मजबूत करती है। ऑफिस का काम मानसिक सक्रियता और उद्देश्यपूर्ण जीवन की अनुभूति कराता है, जिससे आत्मविश्वास बढ़ता है और जीवन अधिक अर्थपूर्ण लगता है। घर से बाहर काम करने से आपको दुनिया की बेहतर समझ मिलती है और इसका सकारात्मक प्रभाव बच्चों की परवरिश पर पड़ता है। वे आपको आदर्श के रूप में देखते हैं, जिससे उन्हें भी स्वतंत्र और मजबूत बनने की प्रेरणा मिलती है।

### थोड़ी तैयारी की जरूरत

यदि आपको अपने पेशे को छोड़े हुए काफी समय हो चुका है, तो पहले आप जिस भी क्षेत्र में आप काम कर रही थीं, वहां बीते कुछ वर्षों में तकनीक और काम करने के तरीकों में कई बदलाव आ ही चुका होगा। ऐसे में इस अंतराल को लेकर असुरक्षित महसूस करना स्वाभाविक है। आपके मन में यह सवाल भी आ सकता है कि इन नए अपडेट्स के साथ कैसे दोबारा सही शुरूआत होगी। वहीं इस स्थिति में दूसरों को देखकर खुद को कमतर समझना भी लाजमी है। इसलिए नई शुरूआत करने से पहले स्वयं को इस चुनौती के लिए तैयार करें। नए सॉफ्टवेयर और टूल्स सीखने के लिए विभिन्न वेबसाइटों का सहारा लें और छोटे सर्टिफिकेट कोर्स करें। आपकी यह तैयारी आपके आत्मविश्वास बढ़ा देगी और आप अपने करियर में दोबारा मजबूती से कदम रख पाएंगी।

### संपर्क आएंगे काम

कई बार नौकरी संपर्कों से ही मिलती है। इसलिए पुराने सहकर्मियों, दोस्तों और नेटवर्क से फिर से जुड़ें। कभी-कभी कॉफी पर मिलें, हालचाल पूछें और बातचीत को जीवंत रखें। अपनी ऑनलाइन प्रोफाइल अपडेट करें और साफ बताएं कि आप काम पर लौटने के लिए तैयार हैं। शुरूआत छोटे प्रोजेक्ट्स से करे, यह आपके अनुभव और आत्मविश्वास दोनों को बढ़ाएगा। इस समय अधिक सैलरी से ज्यादा सीखने और अनुभव को प्राथमिकता दें। जब आपका काम उत्कृष्ट होगा, तो बेहतर सैलरी और अवसर अपने आप आएंगे। सही नेटवर्क और आपकी मेहनत करियर में वापसी को सफल बनाएगी।

### फ्रीलांसिंग बेहतर

यदि यह आपका पहला प्रयास है, तो फ्रीलांसिंग एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है, क्योंकि इसमें आप घर से काम करके अपने सपनों की दिशा में कदम बढ़ा सकती हैं। परिवार के साथ रहते हुए भी यह करियर की शुरुआत के लिए सुरक्षित और प्रभावी तरीका है। आप नौकरी के विज्ञापन देखें और समझें कि कौन-कौन से काम उपलब्ध हैं और कंपनियां किस तरह के कर्मचारियों की तलाश में हैं। अपने कौशल और ज्ञान को बढ़ाने के लिए विशेषज्ञों के लेख पढ़ अपना मार्गदर्शन करें। सीखते रहें, नेटवर्क बनाएं और छोटे कदमों से अपने करियर की मजबूत नींव तैयार करें।



### रिटर्नशिप प्रोग्राम की मदद

आप रिटर्नशिप प्रोग्राम की मदद ले सकती हैं। आजकल कई बड़ी कंपनियां विशेष रूप से उन महिलाओं के लिए रिटर्नशिप प्रोग्राम चलाती हैं, जो ब्रेक के बाद करियर में वापसी करना चाहती हैं। रिटर्नशिप प्रोग्राम आमतौर पर तीन से चार महीने के होते हैं और इसके लिए कुछ भुगतान भी किया जाता है। इन कार्यक्रम में प्रशिक्षण, मार्गदर्शन और स्थायी नौकरी के अवसर भी मिल जाते हैं। आप इंटरनेट के माध्यम से इनकी जानकारी हासिल कर सकती हैं। इसके अलावा, कौशल नवीनीकरण प्रशिक्षण और नेटवर्किंग जैसे विकल्प भी करियर को फिर से गति देने में मदद करते हैं। यह कार्यक्रम बदलते नौकरी बाजार के साथ प्रासंगिक बने रहने के लिए नए कौशल सीखने या मौजूदा कौशल को बेहतर बनाने में सहायक होते हैं।

### रिज्यूमे में वर्क गैप

जब आप दोबारा काम पर लौटने के लिए तैयार हों, तो सबसे पहले अपने रिज्यूमे को बेहतर और मजबूत बनाएं। रिज्यूमे में केवल वर्क गैप के बारे में न बताएं, बल्कि उस दौरान (जैसे बच्चे की परवरिश करते हुए) सीखे गए नए कौशल, जिम्मेदारी निभाना, बजट बनाना, टाइम मैनेजमेंट और मल्टीटास्किंग को भी शामिल करें। आप ऑनलाइन ग्राफिक डिजाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से आधुनिक फॉर्मेट में रिज्यूमे भी बना सकती हैं। साक्षात्कार में पूछे जाने वाले सवाल कभी-कभी पेचीदा हो सकते हैं, इसलिए किसी जानकार के साथ बैठकर इसकी तैयारी करें। शुरूआत में थोड़ा तनाव महसूस होना स्वाभाविक है। खुद पर भरोसा रखें, अपनी उपलब्धियों को याद रखें और इंटरव्यू में अपने ब्रेक के बारे में आत्मविश्वास के साथ स्पष्ट रूप से बताएं।

## बिना पैसा खर्च किए घर पर करें पेडिक्योर, ये है पूरी गाइड

**अगर आप घर बैठे पेडिक्योर करना चाहते हैं तो यहां हम आपको इसकी स्टेप बाय स्टेप गाइड देंगे।**



आज के व्यस्त जीवन में घर बैठे ब्यूटी और सेल्फ-केयर पर ध्यान देना बहुत जरूरी हो गया है। अगर आप पेडिक्योर करवाना चाहती हैं, लेकिन सैलून जाने का समय नहीं है, तो घर पर ही पेडिक्योर करना सबसे आसान और किफायती तरीका है। घर पर पेडिक्योर करना न केवल पैरों को साफ-सुथरा और मुलायम बनाता है, बल्कि यह आपके स्टाइल और आत्मविश्वास को भी बढ़ाता है।

सही तरीके से घर पर पेडिक्योर करने से पैरों की त्वचा और नाखून स्वस्थ रहते हैं और एर्गोनॉमिक रूप से पैरों में कोई परेशानी नहीं होती। इसके लिए आपको कुछ आसान स्टेप्स और बेसिक टूल्स की जरूरत होती है, जिन्हें फॉलो करके आप पेशेवर सैलून जैसा परिणाम पा सकती हैं। इस लेख में हम आपको घर पर पेडिक्योर करने का स्टेप बाय स्टेप गाइड देंगे, जिससे आपके पैरों की देखभाल पूरी तरह से हो सके।

### ऐसे करें पेडिक्योर

घर पर पेडिक्योर करने की प्रक्रिया को विस्तार से समझें तो यह काफी आसान और आरामदायक है। सबसे पहले अपने पैरों को अच्छी तरह धो लें और उन्हें गुनगुने पानी में 10झ15 मिनट भिगोकर रखें। इससे पैरों की त्वचा मुलायम हो जाती है और डेड स्किन हटाना आसान हो जाता है। पानी में भिगोने के बाद पैरों को सुखाएं और नाखूनों को सही आकार में काटें और शेप दें।

इसके बाद नेल फाइल या पेडिक्योर रफर का इस्तेमाल करके एड़ियों और नाखूनों की खुरदरी त्वचा को धीरे-धीरे साफ करें। अगर आपके नाखूनों पर पुरानी नेल पॉलिश लगी है, तो उसे रीमूवर की मदद से हटा दें।

इसके बाद पैरों और एड़ियों पर हल्का स्क्रब लगाकर अच्छी तरह मसाज करें ताकि डेड स्किन पूरी तरह निकल जाए। स्क्रबिंग के बाद पैरों को मॉइस्चराइजिंग लोशन या पेडिक्योर क्रीम से मसाज करें ताकि त्वचा नमी और मुलायम बनी रहे। अगर आप चाहें तो नेल पॉलिश लगा सकते हैं और उसे सूखने दें।

अंत में पैरों को फ्रेश रखने के लिए हल्का टैल्क पाउडर या पैरों का स्प्रे इस्तेमाल करें। इस पूरी प्रक्रिया को फॉलो करने से आपके पैरों की त्वचा साफ, मुलायम और स्वस्थ बनी रहेगी, और आप घर पर ही सैलून जैसा पेडिक्योर अनुभव प्राप्त कर पाएंगे।

# Sport

**ग्रुप स्टेज के अंतिम मुकाबलों से पहले कई समीकरण अब भी खुले हैं, लेकिन सात टीमें अपना टिकट कटा चुकी हैं। सुपर-आठ की जंग अब और भी रोमांचक होने वाली है, जहां बाकी बचा हर मैच नॉकआउट जैसा दबाव लेकर आएगा। ग्रुप-राउंड के मुकाबले 20 फरवरी तक चलेंगे और इसके बाद सुपर-8 राउंड की शुरूआत होगी।**

## अब तक सात टीमें सुपर-आठ में, बचे एक स्थान के लिए तीन देशों में जंग

**नई दिल्ली।** टी20 विश्वकप 2026 में सुपर-8 में पहुंचने की जंग रोमांचक हो चली है। हर ग्रुप में कांटे की टक्कर है और कोई भी हार मानने को तैयार नहीं है। हालांकि, पहले की तुलना में इस विश्वकप में ज्यादा उलटफेर देखने को नहीं मिले हैं, लेकिन फिर भी एक-दो कागज पर कमजोर दिखने वाली टीमों ने मजबूत खेल दिखाया है। भारत समेत अब तक कुल सात टीमों ने सुपर-आठ के लिए क्वालिफाई कर लिया है, वहीं 10 टीमें रेस से बाहर हो चुकी हैं। अब सुपर-आठ में खाली एक स्थान के लिए तीन टीमों के बीच टक्कर है। बुधवार को आठवीं टीम का भी फैसला हो जाएगा।

### सभी ग्रुपों का हाल 6 पॉइंट्स में

ग्रुप ए से भारत ने लगातार तीन जीत के साथ सबसे पहले सुपर-8 का टिकट हासिल किया। पाकिस्तान पर 61 रन की बड़ी जीत ने टीम का आत्मविश्वास और मजबूत किया। अब इस ग्रुप से दूसरी टीम की दौड़ रोचक है। पाकिस्तान राष्ट्रीय क्रिकेट टीम को अपने आखिरी मैच में नामीबिया से भिड़ना है। जीत उसे सीधे अगले दौर में पहुंचा देगी, लेकिन अगर पाकिस्तान हारता है, तो दो जीत के साथ खड़ी अमेरिका टीम बेहतर नेट रन रेट (NRR) के आधार पर आगे बढ़ सकती है।

ग्रुप बी में श्रीलंका टीम ने ऑस्ट्रेलिया को आठ विकेट से हराकर सुपर-8 में एंट्री की। इस नतीजे ने ऑस्ट्रेलिया टीम को बाहर होने के कगार पर ला खड़ा किया। इसके बाद जिम्बाब्वे और आयरलैंड के बीच मैच बारिश से धुलने से दोनों टीमों को एक-एक अंक मिले और पांच अंक के साथ जिम्बाब्वे की टीम भी क्वालिफाई कर गई।



ग्रुप सी में इंग्लैंड टीम ने इटली को 24 रन से हराकर टूनार्मेंट की तीसरी जीत दर्ज की और सुपर-8 में जगह बनाई। वेस्टइंडीज की टीम पहले ही तीन मैचों में तीन जीत के साथ अगले दौर में पहुंच चुकी थी। इस ग्रुप में अब बाकी टीमें सिर्फ सम्मान के लिए खेलेंगी।

ग्रुप डी में अफगानिस्तान टीम की यूएई पर जीत के बाद दक्षिण अफ्रीका ने सुपर-8 में जगह बना ली। वहीं, मंगलवार को न्यूजीलैंड ने कनाडा को हराकर अपना आखिरी ग्रुप मैच जीता और टीम छह अंक लेकर सुपर आठ के लिए क्वालिफाई कर गई। इसी के साथ ग्रुप डी से एक साथ तीन टीमें एलिमिनेट हो गईं।

यानी सुपर-8 के लिए क्वालिफाई कर चुकी टीमों में ग्रुप-ए से भारत (6 अंक, +3.050 NRR), ग्रुप-बी से श्रीलंका (6 अंक, +2.462 NRR) और जिम्बाब्वे (5 अंक, +1.984), ग्रुप-सी से वेस्टइंडीज (6 अंक, +1.820 NRR) और इंग्लैंड (6 अंक, +0.201 NRR) और ग्रुप-डी से दक्षिण अफ्रीका (6 अंक, +1.477 NRR) और न्यूजीलैंड (6 अंक, +1.227 NRR) शामिल हैं।

ग्रुप स्टेज में भारत का अभी एक मैच (नीदरलैंड के खिलाफ 18 फरवरी), श्रीलंका का एक मैच (जिम्बाब्वे के खिलाफ 19 फरवरी), वेस्टइंडीज का एक मैच (इटली के खिलाफ 19 फरवरी) और दक्षिण अफ्रीका का एक मैच (यूएई के खिलाफ 18 फरवरी) बचा है। न्यूजीलैंड ने अपने सारे ग्रुप मैच खेल लिए हैं।

### सुपर-8 के बाकी एक स्थान के लिए तीन टीमों की जंग

टी20 वर्ल्ड कप 2026 में सुपर-8 के लिए एक जगह अभी खाली और तीन टीमें अभी भी रेस में बनी हुई हैं। आखिरी एक स्थान के लिए जंग बेहद रोमांचक है। कुछ टीमों की किस्मत उनके अपने प्रदर्शन पर निर्भर है (पाकिस्तान), जबकि कुछ को दूसरे मैचों के नतीजों का इंतजार है (यूएसए)। बुधवार को होने वाले मैच तय करेंगे कि सुपर-8 की तस्वीर क्या होगी और शायद कुछ और बड़े उलटफेर भी देखने को मिलें। पाकिस्तान के लिए नामीबिया का मैच करो या मरो वाला है। आइए टीम-दर-टीम समझते हैं कि ग्रुप-ए में किसकी क्या स्थिति है:

#### ग्रुप ए

**यूएसए (4 अंक, +0.788 NRR):** यूएसए अपने सभी ग्रुप मैच खेल चुका है। अब उसकी नजर पाकिस्तान के नतीजे पर है। अगर पाकिस्तान हारता है, तो बेहतर नेट रन रेट के कारण यूएसए आगे बढ़ सकता है। शैडली वैन शाल्कविक 13 विकेट लेकर टूनार्मेंट के टॉप विकेटटेकर हैं।

**नीदरलैंड (2 अंक, -1.352 NRR):** डच टीम की राह बेहद मुश्किल है। उन्हें भारत के खिलाफ बड़ा उलटफेर करना होगा और उम्मीद करनी होगी कि पाकिस्तान नामीबिया से बुरी तरह हारे। पाकिस्तान के खिलाफ पहला मैच करीबी हार उन्हें भारी पड़ रहा है।

**पाकिस्तान (4 अंक, -0.139 NRR):** पाकिस्तान की किस्मत उसके अपने हाथ में है। आखिरी मैच जीतते ही सुपर-8 पक्का, लेकिन हार की स्थिति में उसे भारत से उम्मीद करनी पड़ेगी कि वह नीदरलैंड को हरा दे। अब तक उसका प्रदर्शन उतार-चढ़ाव भरा रहा है।

## कनाडा के युवराज समरा ने रचा इतिहास, टी20 विश्व कप में शतक लगाने वाले युवा बल्लेबाज बने

**चेन्नई।** कनाडा के युवराज समरा ने टी20 विश्व कप में इतिहास रच दिया है। युवराज इस टूनार्मेंट में शतक लगाने वाले युवा बल्लेबाज बन गए हैं। भारतीय मूल के 19 साल के युवराज ने यह उपलब्धि न्यूजीलैंड के खिलाफ ग्रुप डी मुकाबले के दौरान हासिल की। युवराज ने न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच में 65 गेंदों पर 110 रनों की पारी खेली जो उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी है।

पिछले साल मार्च में पदार्पण करने वाले समरा ने अपने 19वें टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में यह उपलब्धि हासिल की। समरा ने अपनी तूफानी पारी के दौरान 11 चौके और छह छक्के जड़े, जिसकी बदौलत कनाडा ने ऊंची रैंकिंग वाली प्रतिद्वंद्वी टीम के खिलाफ 173 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया। वह अंतिम ओवर में जैकब डफी पर बड़ा शॉट खेलने के प्रयास में आउट हुए।

समरा की यह पारी टी20 विश्व कप में किसी एसोसिएट टीम के बल्लेबाज द्वारा बनाया गया सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर भी है। इससे पहले टी20 विश्व कप में सबसे कम उम्र में शतक लगाने का रिकॉर्ड पाकिस्तान के अहमद शहजाद के नाम था, जिन्होंने 2014 में 22 वर्ष की आयु में यह उपलब्धि हासिल की थी।

## रेणुका ने रैंकिंग में लगाई छह स्थान की छलांग, दीप्ति दूसरे नंबर पर मौजूद; सादिया शीर्ष पर

**दुबई।** भारत की तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ठाकुर आईसीसी महिला रैंकिंग में टी20 गेंदबाजों में छह स्थान की छलांग लगाकर पांचवें नंबर पर पहुंच गई हैं। वहीं, दीप्ति शर्मा दूसरे नंबर पर मौजूद हैं, जबकि पाकिस्तान की लेफ्ट आर्म स्पिनर सादिया इकबाल फिर से शीर्ष पर आ गई हैं। सादिया ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज में शानदार प्रदर्शन किया था। उन्होंने तीन मुकाबलों में कुल पांच विकेट हासिल किए। इस दौरान एक ही पारी में महज 18 रन देकर तीन विकेट निकाले।

सादिया इकबाल ने दो पायदान की छलांग लगाई है। उन्होंने इस लिस्ट में ऑस्ट्रेलिया की तेज गेंदबाज एनाबेल सदरलैंड और भारत की अनुभवी स्पिनर दीप्ति शर्मा को पछाड़ा है। सदरलैंड ने पिछले महीने ही नंबर एक रैंकिंग हासिल की थी, लेकिन इकबाल की लगातार परफॉर्मेंस और मैच जिताने वाली दमदार गेंदबाजी ने अब फिर से उन्हें शीर्ष पर ला दिया है।

पाकिस्तान की कप्तान फातिमा सना ने सीरीज के आखिरी मैच में अपने ऑलराउंड प्रदर्शन के बाद रैंकिंग में काफी सुधार किया है। 24 वर्षीय फातिमा टी20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में 31 पायदान ऊपर चढ़कर 28वें नंबर पर आ गईं और महिला टी20 क्रिकेट में ऑलराउंडर की सूची में पांच स्थान ऊपर पहुंच गई हैं।

**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी
वेटर हेल्पर
किचन हैल्पर तंदूर वाला
और सिक्युरिटी गार्ड की
तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक
फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड
उज्जैन, 761-0571808

**तुरंत लोन**
होम लोन, बिजनेस लोन,
ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल
लोन, ऑफिस वर्क,
फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स
वेतन 10500 रु.
पता: श्री फाइनेंस सर्विस,
हार फूल की गली,
फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

**प्लाट बेचना है**
गणेशपुरा, मक्सी रोड,
संजोग गेस एजंसी के सामने
19'x55' और 15'x55'
साइज के प्लाट बेचना है ।
प्रस्तावित फोरलेन से मात्र
100 फिट की दूरी पर।
ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147,
9424045696

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन
वेतन 12000 से
15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक
लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की
आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क
मो.9575477077

**आवश्यकता है**
कारखाने में (उज्जैन)
पैकेजिंग कार्य हेतु
महिलाओं एवं
आदमियों की
संपर्क करें
9300405252

**अवश्यकता है**
पेन्ट बनाने वाले
कारीगरों की व शर्ट व
सफारी बनाने वाले
कारीगरों की
आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क
फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

**आवश्यकता**
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट
देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास
रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी,
थोक रेट में टनों से
10-10 किलो के बंडल
में बेचना है
संपर्क
7773077762

**रेंट पर देना/आवश्यकता**
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज
मंडी के सामने 2400 स्क्वे.
फीट का शोरूम रेंट पर देना
है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व
सेल्समेन की आवश्यकता है।
वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क
9826398272

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और
विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग
भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की
आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280


## न्यूज कॉलम

### वीजा समाप्त होने के बावजूद गर्लफ्रेंड से मिलने आया नाइजीरियन पकड़ाया

**इंदौर।** इंदौर की हीरानगर पुलिस ने सोमवार को एक नाइजीरियन युवक को गिरफ्तार किया है। वह अपनी गर्लफ्रेंड से मिलने इलाके में आया था, तभी पुलिस ने उसे पकड़ लिया। बताया जा रहा है कि उसका वीजा 2023 में ही समाप्त हो चुका था और तब से वह अवैध रूप से शहर में रह रहा था। पुलिस के मुताबिक आरोपी की पहचान डॉन पेड्रो चार्लिस निवासी सनसिटी के रूप में हुई है, जो मूल रूप से नाइजीरिया का रहने वाला है। वह कई साल पहले इंदौर आया था और बीपीओ कंपनी में काम कर रहा था। वीजा समाप्त होने की जानकारी मिलने के बाद विभाग ने पुलिस को सूचित किया था। इसके बाद लसूड़िया पुलिस उसे तलाश रही थी, लेकिन वह लंबे समय तक पुलिस की पकड़ से दूर रहा। चौंकाने वाली बात यह है कि वह लसूड़िया क्षेत्र की एक कॉलोनी में किराए से रह रहा था, जहां कई पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के बंगले भी बने हुए हैं। सोमवार को सूचना मिली कि वह हीरानगर इलाके में अपनी गर्लफ्रेंड से मिलने आया है, जिसके बाद पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने बताया कि उसका वीजा करीब तीन साल पहले खत्म हो चुका था, लेकिन उसने इसकी जानकारी किसी को नहीं दी। अब पुलिस उसके मकान मालिक से भी पूछताछ कर रही है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### रिश्तेदार देर रात दरवाजा खटखटा कर महिला से छेड़छाड़ कर भागा

**इंदौर।** इंदौर के आजाद नगर इलाके में रहने वाली 19 वर्षीय महिला ने अपने रिश्तेदार पर छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए थाने में मामला दर्ज कराया है। घटना के समय महिला का पति काम से बाहर गया हुआ था। पुलिस के अनुसार आरोपी, जो पीड़िता का परिचित है और घर से कुछ दूरी पर रहता है, देर रात करीब 3 बजे तीन मंजिला मकान की ऊपरी मंजिल पर स्थित कमरे का दरवाजा खटखटाने लगा। पीड़िता को लगा कि परिवार का कोई सदस्य होगा, इसलिए उसने दरवाजा खोला। आरोप है कि दरवाजा खुलते ही आरोपी ने उसका हाथ पकड़ लिया और अश्लील हरकत करने लगा। महिला ने आरोपी को धक्का देकर शोर मचाया, जिसके बाद वह मौके से भाग गया। घटना के बाद पीड़िता ने अपनी सास को पूरी बात बताई और सोमवार को थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी जुबेर पुत्र मुबारिक बैग के खिलाफ छेड़छाड़ का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



एमबीए छात्रा की हत्या के मामले में खुलासा

# छात्रा के शव से भी दरिंदगी की हैवानियत सुन रो पड़ी एसआई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर



द्वारकापुरी की अंकल वाली गली में एमबीए छात्रा की हत्या मामले में पूछताछ के दौरान आरोपी पीयूष धामनोदिया से चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। पीयूष ने हत्या के बाद भी छात्रा से दरिंदगी की थी। वह पहले से ही हत्या का मन बना चुका था और झगड़ा होने पर गला घोंटने के लिए रस्सी खरीदकर रख ली थी। पूछताछ में सामने आया कि घटना से पहले आरोपी ने छात्रा के हाथ-पैर बांध दिए और मुंह में कपड़ा ठूंस दिया।

इसके बाद उसका गला घोंटा और सीने पर चाकू से वार किए। पुलिस के मुताबिक हत्या के बाद आरोपी शराब लेकर आया। इसके बाद उसने फिर छात्रा के शव के साथ दरिंदगी की। बयान दर्ज करते समय एक महिला एसआई भावुक हो गईं। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

**ढाई घंटे तक छात्रा के साथ रूम में रहा था पीयूष-** पुलिस ने सोमवार को घटनास्थल के आसपास के कैमरे खंगाले। जांच में पता चला कि आरोपी 10 फरवरी को ढाई घंटे तक कमरे में रहा। वह छात्रा के साथ रूम में आते व हत्या के बाद बैग लेकर जाते दिखाई दिया है।

आरोपी ने बताया कि ढाई घंटे किस तरह से उसने छात्रा के साथ दरिंदगी की। घटना वाले दिन 10 फरवरी को छात्रा ने अस्वस्थ होने के कारण साथ जाने से मना किया था, लेकिन आरोपी बात करने के बहाने उसे साथ ले गया था।

**छात्रा के चरित्र पर लगाया आरोपः** आरोपी ने कहा कि छात्रा एक एप से युवकों से बात करती थी, इसलिए मुझे लगा कि धोखा दे रही है। पुलिस का कहना है कि आरोपी ने मुंबई में छात्रा का मोबाइल तोड़ दिया था।

## इंटेलिजेंस के युग में शिक्षण पर राष्ट्रीय स्तर का वर्चुअल कन्वेंशन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

श्री वैष्णव इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड साइंस, इंदौर को इंडियन सोसायटी फॉर ट्रेनिंग एंड डेवलपमेंट (आईएसटीडी), इंदौर चैप्टर द्वारा आयोजित एक दिवसीय वर्चुअल रीजनल कन्वेंशन की मेजबानी करने का गौरव प्राप्त हुआ। इंटेलिजेंस के युग में शिक्षणः मानवीय कौशल और प्रौद्योगिकी विषय पर आयोजित इस एक दिवसीय कन्वेंशन में देश-विदेश के विचारक, शिक्षाविद् एवं प्रोफेशनल्स ने सहभागिता की। कार्यक्रम का उद्देश्य आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के दौर में शिक्षण पद्धति को पुनर्परिभाषित करने, तकनीक और नैतिकता के संतुलन तथा मानवीय मूल्यों के संरक्षण पर विचार-विमर्श करना था। उद्घाटन संबोधन में डॉ. उपिंदर धर, संरक्षक, आईएसटीडी इंदौर चैप्टर एवं पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष, आईएसटीडी ने कहा कि रचनात्मकता, भावनात्मक बुद्धिमत्ता और सहानुभूति जैसे मानवीय कौशलों को विकसित करना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि इन्हें कृत्रिम बुद्धिमत्ता पूर्णतः प्रतिस्थापित नहीं कर सकती। उन्होंने कैश नॉलेज, एटीट्यूड, स्किल और हैबिट का मंत्र देते हुए कहा कि प्रभावी दृष्टिकोण वही है जो एआई और मानवीय संवेदनशीलता का संतुलित समन्वय स्थापित करे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अतुल बिपिन शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष, आईएसटीडी ने कन्वेंशन के सफल आयोजन पर सभी को बधाई दी। उन्होंने कहा कि कौशल अधिग्रहण की कोई आयु नहीं होती, जीवन में संतुलन बनाए रखना और प्रबंधन के उद्देश्यों के अनुरूप कार्य करना आवश्यक है।

E-WASTE
REDUCE REUSE RECYCLE
E-WASTE MANAGEMENT
VIRAD IMPEX
105, DR. AMBEDKAR MNAGAR, NEAR ESIC HOSPITAL, INDORE
MOBLE 9752444400

जय माता दी
उज्जैन में नाकोडा हिल्स कॉलोनी देवास रोड पर 20X60 पश्चिम दिशा का रजिस्ट्री करा हुआ पूर्ण वैध प्लाट खरीदने के लिए संपर्क करें।
संपर्क करें
मो. 6262369656

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

आवश्यकता
केयर इंटरप्राइजेस
(इलेक्ट्रॉनिक एंड फर्नीचर हाउस)
उज्जैन में प्रोडक्ट बेस्ड माइक्रोफाइनेंस (No cost EMI) में कार्य करने हेतु लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है:-
फील्ड स्टाफः- लड़के/ लड़की,
पदः- 6 योग्यता :- 10वीं पास
सैलरी :- 13000 + इंसेंटिव+ पेट्रोल खर्च + मोबाइल खर्च
नोट- केवल फील्ड करने के इच्छुक व्यक्ति ही आमंत्रित हैं !
दुकान पर काम करने वाले लड़कों की आवश्यकता है
2 पद : सैलरी 9000/-
स्थानः- 33, लाल बहादुर शास्त्री मार्ग, पंचमपुरा, दो तालाब के पास, उज्जैन
इंटरव्यू में अपना रिज्यूम मय फोटो लाना अनिवार्य है।
इंटरव्यू दिनांक - 17/02/2026 मंगलवार, समय - 12 से 4 बजे
Mob. 6265895202 , 8224800652 , 9098281324

पुरुषों की शक्ति वर्धक दवाईयाँ मिलती है
(25 वर्षों से आपकी सेवा में)
भास्कर आयुर्वेदिक
32, बहादुरगंज, उज्जैन समय- सुबह 11 से 3 बजे तक शाम 6 से 9 बजे तक मो. 98263-71718

वीर हनुमान ज्योतिष दरबार
संकट मोचन के आशीर्वाद से हर काम होगा सफल
यहाँ हस्तरेखा जन्म पत्रिका देखकर जीवन के बारे में बताया जाता है
कारोबार में रुकावट | नौकरी में परेशानी | शादी में रुकावट
विदेश योग, पढ़ाई में रुकावट, पति-पत्नी में अनबन, संतान सुख, बनते-बनते काम बिगड़ना, ग्रह दोष, नज़र दोष, कालसर्प दोष घर में अशांति सभी कार्य विधि विधान से किया जाता है।
29 ए भवानीपुर कॉलोनी, गोल्डन स्कूल के पास अन्नपूर्णा रोड, इंदौर
सभी जगह से निराश एक बार अवश्य मिले
फिस - 200 रु/-
समयः सुबह 9:00 से शाम 6:00 तक
मो. 9724383998

कैलाश ॐ शिव शंकर यात्रा प्राइवेट लिमिटेड
7/1 परदेशीपुरा, मैन रोड, इंदौर
9302065100 - 9827072550 - 9589614200
एक धाम जगन्नाथपुरी, गंगासागर, कोलकाता यात्रा विवरण
यात्रा सुविधाएं
- दो समय भोजन, एक समय चाय नाश्ता
- टूर गाइड सुविधा
- आवास हेतु (Non AC) 4 बेड वाले रूम की सुविधा
- टेम्पो ट्रेवलर अथवा बस द्वारा भ्रमण
- आने जाने की स्लीपर ट्रेन टिकट
यात्रा प्रस्थान - 11, 25 मार्च 8,17,29 अप्रैल 2026
- प्रथम दिवस : इंदौर रेलवे स्टेशन से प्रस्थान पुरी हेतु दोपहर 3 बजे
- दूसरा दिन : पुरी आगमन, रात्रि विश्राम पुरी
- तीसरा दिन : समुद्र स्नान, जगन्नाथ मंदिर दर्शन सिंह द्वार एवं कोणार्क सूर्य मंदिर, भुवनेश्वर में लिंगराज मंदिर रात्रि विश्राम ट्रेन अथवा स्लीपर बस में
- चौथा दिन: कलकत्ता आगमन गंगासागर में सागर स्नान, कपिल मुनि मंदिर दर्शन रात्रि गंगासागर
- पांचवा दिन :कालीमाता मंदिर, विक्टोरिया मेमोरियल, हावड़ा ब्रिज
- छठा दिन :कलकत्ता से वापसी ट्रेन
इस यात्रा के अंत में जो यात्री नेपाल काठमांड बनारस यात्रा करना चाहेंगे उनके लिए 6000 रु प्रति सवारी अतिरिक्त
यात्रा शुल्क 15,500 प्रति सवारी
3 सी यात्रा (एसी होटल एवं गाडी सहित) किराया 22,500 रु प्रति सवारी

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटनें मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य , भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

अवसर अवसर अवसर
श्रेयस मार्केटिंग
उज्जैन के साथ करें शुभ शुरूआत
EXCITING CAREER OPPORTUNITY
PART TIME / FULL TIME
आवश्यकता है
अनुभवी युवा/प्रोफेशनल्स (12वीं पास से एमबीए तक)
शास. / अशासकीय कर्मचारी बिजनेसमैन
गृहिणी/कामकाजी बुजुर्ग/पेंशनर जो अपनी आय/बॉनस में वृद्धि चाहते है
ROLES
- Marketing Manager
- Merketing Executive
- Sales Executive
- Team Leader
- Telecaller
WALK - IN INTERVIEW
Call or drop message on WhatsApp for interview schedule
OFFICE : नवकार पैराडाइज, तरणताल के सामने, उज्जैन
संपर्क सूत्र 9673979711, 9179656511

स्थान परिवर्तन
नया स्थान : शॉप नं. 14 जगजीवन राम नगर, सोनी बिल्डिंग मटेरियल के पास, सोनी पेंट्स, एम.आई.जी. रोड, इंदौर
नवकार फार्मेसी मेडिकल शॉप
क्लिनिक : श्री गोपाल हड्डी रोग दवाखाना (हाड़ वैद्य) उज्जैन वाले
डॉ. एच.के. सिरोलिया
जोड़ एवं फ्रेक्चर हड्डी रोग विशेषज्ञ
मिलने का समय प्रति मंगलवार और शुक्रवार
समय : दोप. 1 से शाम 5 बजे तक
Mob. 7000813235, 9669110800

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

खुश खबर खुश खबर खुश खबर
उज्जैन व्यापार मेला
आइये और पाइये वर्ष 2026 की सबसे बेहतरीन डील
आर.टी.ओ. टैक्स पर 50% की छूट
इसके अलावा और भी अन्य लाभ प्राप्त करने के लिए आज ही अपनी मारुती सुजुकी कार मॉडल तय कर बुक करे, मेले का लाभ वाहन उपलब्ध होने पर ही दिया जायेगा, तो आज ही अपना वाहन बुक करे और मेले का लाभ प्राप्त करे।
युग कार्स (मारुति शो-रूम)
नागझिरी देवास रोड, उज्जैन
मोबाइल: 7389901262, 9755510100, 9752530200
मारुति ऑउटलेट उज्जैन तहसील
नागदा : नागदा बाईपास जावरा रोड 9009140508
तराना : तोतला मार्ग 9589090827
बड़नगर : रुनिजा रोड 9993566820
महिदपुर : घोंसला रोड, नारायण सिंह सोलंकी 9109107176
खाचरौद : पटेल नगर बड़नगर रोड 9993566910
घट्टिया : जगोटी रोड के पास, आगर रोड 8959600100
इंगोरिया : उज्जैन - नागदा रोड, इंगोरिया 9340294804

उज्जैन में पहली बार मालवा का नया स्वाद
नया व्यंजन
दाल टिक्कड़

कोयले की आंच पर सीके हुए
पार्सल सुविधा उपलब्ध
होटल सांई दरबार
A PURE VEGETARIAN RESTAURANT
22, बख्तार मार्ग, होटल सांई पैलेस के पास, फ्रीगंज, उज्जैन
फोन नं. 0734-4061888 मो. 9009866000

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com